डाक पंजीयन क्र. ई-2/ओ.स./186/2018-2020
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 07.12.2020 से 13.12.2020 ▶ वर्ष-37 ▶ अंक-49 ▶ मूल्य ₹10.00

मध्यप्रदेश में पहली से लेकर आठवीं तक की कक्षाएं 31 मार्च तक रहेंगी बंद

एक अप्रैल से प्रारंभ होगा नवीन शैक्षणिक सत्र

भोपाल, कोविड के चलते मध्यप्रदेश में कक्षा पहली से आठवीं तक की कक्षाएं 31 मार्च तक बंद रहेंगी। आगामी शैक्षणिक सत्र एक अप्रैल 2021 से प्रारंभ होगा। कक्षा पहली से आठवीं तक प्रोजेक्ट वर्क के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा। कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं ली जाएंगी तथा इनकी कक्षाएं शीघ्र प्रारंभ होंगी। कक्षा 9वीं एवं 11वीं के विद्यार्थियों को सप्ताह में एक या दो दिन स्कूल बुलवाया जाएगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश में स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में 'रैडिकल' परिवर्तन लाना है जिससे यहां की शिक्षा सर्वोत्तम हो सके। हमें समाज के सक्रिय सहयोग से हर सरकारी स्कूल को श्रेष्ठ बनाना है। प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में मार्गदर्शन के लिए शिक्षाविदों की एक समिति बनाई जाए। देश के अन्य राज्यों की शिक्षा पद्धति का अध्ययन कर प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ शिक्षा पद्धति लागू की जाए।

ज्ञान कौशल के साथ ही नैतिक शिक्षा भी

श्री चौहान ने कहा कि हमें प्रदेश में ऐसी शिक्षा पद्धति लागू करनी है जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को ज्ञान और कौशल प्रदाय के साथ ही उन्हें संस्कारवान नागरिक बनाया जा सके। नैतिक शिक्षा पर विशेष बल दिया जाना है।

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में स्कूली विद्यार्थियों को दिए जाने वाले गणवेश स्व-सहायता समूह तैयार करेंगे तथा उसके लिए कपड़ा भी वे ही क्रय करेंगे।

उच्च गुणवत्ता वाले 10 हजार स्कूलों के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाएं

श्री चौहान ने कहा कि अगले तीन वर्षों में प्रदेश में खोले जाने वाले 10 हजार उच्च गुणवत्तायुक्त स्कूलों के लिए वर्षवार विस्तृत कार्ययोजना बनाई जाए।

'एक परिसर एक शाला' योजना

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में 'एक परिसर एक शाला' योजना के अंतर्गत एक ही परिसर में चलने वाले शासकीय विद्यालयों का एकीकरण किया गया है, इससे स्कूलों का संचालन एवं शैक्षणिक व्यवस्थाएं बेहतर हुई हैं।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जो अतिथि शिक्षक अच्छा पढ़ाते हैं उन्हें अगले वर्ष भी उसी विद्यालय में रखा जाए। प्रतिवर्ष मानदेय वृद्धि का भी प्रावधान किया जाए। शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

सुविचारित स्थानांतरण नीति बनाएं

श्री चौहान ने निर्देश दिए कि शिक्षकों के स्थानांतरण की एक सुविचारित नीति बनाएं जिसके तहत कोई विद्यालय शिक्षक विहीन न रहे। जो शिक्षक लंबे समय से ग्रामीण क्षेत्रों में हैं, उन्हें बड़े स्थानों पर तथा प्रारंभ में सभी की पदस्थापना कुछ वर्षों के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में की जाए।

1500 विद्यालयों में प्रारंभ होंगी के.जी.-01 एवं के.जी.-02 कक्षाएं

बैठक में बताया गया कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत पहले चरण में प्रदेश के 1500 शासकीय विद्यालयों में केजी-1 एवं केजी-2 कक्षाएं प्रारंभ की जाएंगी। शासकीय विद्यालयों में श्रेष्ठ शिक्षण कार्य करने वाले तथा शैक्षणिक गतिविधि में अभिनव प्रयोग करने वाले शिक्षकों को पुरस्कृत किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि हर शासकीय विद्यालय में नियमित रूप से पालक-शिक्षक संघ की बैठकें अनिवार्य रूप से आयोजित की जाएं।

'सुपर 100' योजना के आए अच्छे परिणाम

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 'सुपर 100' योजना के बहुत अच्छे परिणाम आए हैं। वर्ष 2020 में प्रदेश के जेईई-मेन्स में 95 में से 64, जेईई-एडवांस में 64 में से 21 तथा नीट में 99 में से 93 बच्चे चयनित हुए हैं। श्री चौहान ने इसके लिये सभी संबंधितों को बधाई दी।

निजी स्कूल सिर्फ ट्यूशन फीस लें

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने निर्देश दिए कि कोविड के चलते जिस अवधि में निजी विद्यालय बंद रहे हैं, वे उस अवधि की ट्यूशन फीस को छोड़कर अन्य शुल्क न लें। इस आदेश को सख्ती से लागू किया जाए। इससे पालकों को राहत मिलेगी।

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से मुख्यमंत्री की मुलाकात

नई दिल्ली, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से उनके निवास पर मुलाकात कर प्रदेश में चल रही प्रमुख योजनाओं की प्रगति के साथ बिगत आठ माह में प्रदेश की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से चर्चा की। लगभग सवा घंटे चली इस बैठक में मुख्यमंत्री ने केंद्र द्वारा हाल ही में विभिन्न मदों में जारी की गई राशि के लिये प्रधानमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया।

हाल ही में केंद्र सरकार ने रबी 2020-21 में 22 लाख मीट्रिक टन यूरिया का आवंटन, बाढ़ संकट के दौरान 611 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता और कैम्पा निधि के अंतर्गत 860 करोड़ रुपये राज्य सरकार को जारी किये हैं।

मध्यप्रदेश के रोडमैप पर चर्चा

मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश में आगामी तीन वर्षों में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश 2023 के रोडमैप के बारे में प्रधानमंत्री श्री मोदी को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि रोडमैप नीति आयोग के सक्रिय सहयोग एवं देश के प्रख्यात विशेषज्ञों, संयुक्त राष्ट्र की संस्थाओं के प्रतिनिधियों, शिक्षाविदों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कई चरणों एवं स्तरों के गहन विचार-विमर्श एवं मंथन के उपरांत तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री ने रोडमैप की प्रति प्रधानमंत्री को भेंट की।

मुख्यमंत्री ने बताया कि रोडमैप में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के सर्वांगीण एवं समावेशी विकास को समाहित किया गया है। इसमें अधोसंरचना, सुशासन, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा अर्थव्यवस्था एवं रोज़गार के लिए दीर्घकालीन, मध्यकालीन और अल्पकालीन लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं।

विदेश अध्ययन योजना

इस वर्ष पिछड़ा वर्ग के 35 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति मंजूर

भोपाल, मध्यप्रदेश में इस वर्ष विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना में उच्च अध्ययन के लिये 35 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति की राशि मंजूर की जा चुकी है। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा योजना में इस वर्ष पिछड़ा वर्ग के 50 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन किया गया है। विभाग द्वारा पूर्व के वर्षों के नवीनीकरण समेत इस वर्ष की विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति के रूप में करीब 9 करोड़ रुपये से अधिक की राशि मंजूर की गई है। चयनित छात्र मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया, यूके, जर्मनी, अमेरिका, नीदरलैंड्स, आदि देशों के विश्वविद्यालयों में उच्च अध्ययन के लिये गये हैं।

असैट मैनेजमेंट सिस्टम

खराब होने से पहले ही करवाएं सड़कों की मरम्मत - मुख्यमंत्री

भोपाल, मध्यप्रदेश में सड़कों के अच्छे संधारण के लिए 'असैट मैनेजमेंट सिस्टम' लागू किया जाएगा। इसके अंतर्गत प्रदेश की सड़कों की स्थिति की जियो टैगिंग के माध्यम से ऑनलाइन मॉनीटरिंग हो सकेगी। प्रदेश की सड़कों की सतत मॉनीटरिंग की जाए तथा खराब होने से पहले ही सड़कों की मरम्मत हो जाए। प्रदेश की सभी सड़कें उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिए। प्रदेश की 45 हजार 717 किलोमीटर सड़कों का संधारण लोक निर्माण विभाग द्वारा तथा 18 हजार 801 किलोमीटर सड़कों का संधारण एमपीआरडीसी द्वारा किया जाता है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय में लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान कहीं।

नर्मदा एक्सप्रेस-वे प्रदेश की समृद्धि का रास्ता खोले

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में बनने वाले नर्मदा एक्सप्रेस-वे तथा उसके दोनों ओर इस प्रकार का विकास किया जाए कि यह प्रदेश की समृद्धि का रास्ता खोले। सड़क के दोनों ओर इंडस्ट्रियल क्लस्टर, आधुनिक कृषि, उद्यानिकी क्षेत्र विकसित किए जाएं तथा अन्य विकास की गतिविधियां हों। अमरकंटक से अलीराजपुर तक बनने वाले 948 किलोमीटर के नर्मदा एक्सप्रेस-वे का अलाइनमेंट निर्धारण पूर्ण हो गया है तथा प्री-फिजिबिलिटी रिपोर्ट के लिए कार्यादेश जारी कर दिए गए हैं।

अटल प्रोग्रेस-वे के लिए निविदा जारी

बैठक में बताया गया कि अटल प्रोग्रेस-वे के निर्माण के लिए एनएचएआई द्वारा डीपीआर के लिए निविदा जारी कर दी गई है। उद्योग विभाग द्वारा औद्योगिक विकास/निवेश के लिए एजेन्सी का चयन कर लिया गया है। अटल प्रोग्रेस-वे के निर्माण के अंतर्गत श्योपुर, मुरैना एवं भिण्ड जिलों के 149 गांवों की 3063 हेक्टेयर (अनुमानित) भूमि आएगी।

25 मार्गों पर उपयोगकर्ता शुल्क

प्रदेश के 25 मार्गों पर टोल लगाने की कार्रवाई की जा रही है, जिससे विभाग को 210 करोड़ रुपये की वार्षिक आय होगी। प्रदेश के 200 मार्गों का आधुनिक पद्धति से यातायात सर्वेक्षण किया जा रहा है, जिससे उन्हें उच्च गुणवत्तायुक्त बनाया जा सके। प्रदेश के सभी टोल प्लाजा को स्वचालित (फास्ट टैग) किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि शासकीय भवनों की निरंतर मरम्मत एवं संधारण होना चाहिए। प्रत्येक दो वर्ष में पुताई की जाए। आवासीय भवनों का भी नियमित रूप से संधारण हो।

मंडियों और समर्थन मूल्य व्यवस्था को बंद करने वाली बातें भ्रामक

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान सीहोर में हितग्राहियों को हितलाभ देते हुये।

सीहोर, मंडियों और समर्थन मूल्य व्यवस्था को बंद करने वाली बातें भ्रामक और असत्य हैं। किसान इन बातों पर ध्यान न दें। प्रदेश में 50 वर्षों से एक-दो एकड़ कृषि भूमि पर काबिज परिवारों को पट्टे दिए जाएंगे। भूमि सम्बन्धी सभी रिकॉर्ड के लिए ऑनलाइन व्यवस्था शीघ्र की जाएगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सीहोर जिले के नसरुल्लागंज में 5 लाख किसानों के खातों में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की 100 करोड़ रुपये की राशि सिंगल क्लिक से ट्रांसफर करने के बाद कहीं।

पूरे प्रदेश के किसानों से सीधे जुड़े मुख्यमंत्री ने कृषकों से कृषि कानूनों पर चर्चा की और कहा कि इन कानूनों से प्रदेश के लाखों किसानों के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव आएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार किसानों की सरकार है और पिछले 8 माह में ही विभिन्न योजनाओं की 25 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा सहायता राशि किसानों के खाते में डाली गई है। खेती किसानी से सम्बंधित नकल आदि अब ऑनलाइन मिलेगी और रेवेन्यू बोर्ड मैनेजमेंट सिस्टम से नामांतरण बंटवारा सहित राजस्व न्यायालयों में पेशी के लिए आमंत्रण भी ऑनलाइन होगा।

श्री चौहान ने कहा कि अब पटवारी हर हफ्ते सोमवार और गुरुवार को मुख्यालय पर रहेंगे और लापरवाही मिलने पर कलेक्टर जिम्मेदार होंगे।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

28 नवम्बर

भारत में हर साल स्पुतनिक-वी के बनेंगे 10 करोड़ टीके

● रूस की कोरोना वैक्सीन स्पुतनिक-वी के 10 करोड़ टीके हर साल भारत में बनेंगे। यह जानकारी रूस के प्रत्यक्ष निवेश कोष विभाग ने दी। इस वैक्सीन के उत्पादन के लिये भारत की दवा निर्माता कंपनी 'हेटरो ड्रग्स' के साथ समझौता किया है। यह कंपनी अगले साल की शुरुआत से उत्पादन शुरू करेगी। भारत में यह दूसरी ऐसी वैक्सीन है, जिसकी इतनी ज्यादा संख्या में वैक्सीन उत्पादन का समझौता हुआ है। उल्लेखनीय है कि भारत में स्पुतनिक-वी का तीसरे चरण में ट्रायल चल रहा है। यह ट्रायल डॉक्टर रेड्डीज लैबोरेटरीज कर रही है। स्पुतनिक-वी विश्व की पहली कोरोना वैक्सीन है।

● केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय वाहनों के मालिकाना हक स्थानांतरण की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिये केंद्रीय मोटर व्हीकल नियम-1989 में बदलाव करने जा रहा है। मंत्रालय ने इस संबंध में एक ड्राफ्ट नोटिफिकेशन जारी किया है। नये बदलाव के तहत वाहन के रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट में वाहन मालिक को वारिस नियुक्त करने की सुविधा मिलेगी। हालांकि वारिस का नाम बाद में ऑनलाइन भी जोड़ा जा सकेगा। इसके अलावा केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने दोपहिया वाहन सवार के लिये हेलमेट (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश 2020 को भी मंजूरी प्रदान की है।

● तुर्की की एक अदालत ने जुलाई 2016 में एक तख्तापलट के विफल प्रयास में शामिल आरोपियों को सजा सुनाई है। कोर्ट ने पूर्व पायलट सहित 337 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में बड़ी संख्या में लोगों को अलग-अलग सजा सुनाई गई है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2016 में तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयब एर्दोगन की सरकार का तख्तापलट की कोशिश हुई थी। पुलिस ने इस मामले की जांच के लिये लगभग एक लाख लोगों को गिरफ्तार किया था।

29 नवम्बर

राष्ट्रपति भवन में सिख रेजिमेंट ने ली गोरखा राइफल्स की जगह

● राष्ट्रपति भवन में तैनात 'आर्मी गार्ड बटालियन' में औपचारिक बदलाव किया

गया है। आर्मी गार्ड बटालियन के तौर पर साढ़े तीन साल का कार्यकाल पूरा करने वाले गोरखा राइफल्स बटालियन की जगह सिख रेजिमेंट की बटालियन को कार्यभार सौंपा गया है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति भवन में सेना की दो टुकड़ी तैनात होती हैं। इनमें एक टुकड़ी को राष्ट्रपति के अंगरक्षक कहा जाता है, जो सदैव राष्ट्रपति के साथ रहती है। वहीं दूसरी टुकड़ी राष्ट्रपति भवन की सुरक्षा में तैनात रहती है। इस टुकड़ी की मुख्य भूमिका राष्ट्रपति तथा दूसरे देशों के गणमान्य अतिथियों को गॉर्ड ऑफ ऑनर देना है। वर्ष 2014 तक आर्मी गार्ड बटालियन में बदलाव का समारोह सार्वजनिक नहीं किया जाता था।

● इराक के नासिरिया शहर में सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया। इस हिंसक प्रदर्शन में लगभग छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 60 से अधिक लोग घायल हुये हैं। प्रदर्शनकारी शिया नेता मुख्तदा अल सदर की अपील पर एकत्रित हुये थे। सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिये बल प्रयोग किया, इसके बाद प्रदर्शनकारी उग्र हो गये।

● थाईलैंड में सरकार विरोधी प्रदर्शन का असर बढ़ता जा रहा है। लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों ने तख्तापलट की धमकी दी है। प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री प्रयुत चान ओचा के पद से हटने तथा सरकार के शासन को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा प्रदर्शनकारी संविधान में संशोधन कर इसे लोकतांत्रिक बनाने और राजशाही में सुधार करने के साथ-साथ उसे जवाबदेह बनाने की भी मांग कर रहे हैं।

30 नवम्बर

सभी रेलवे स्टेशनों पर मिलेगी कुल्हड़ में चाय

● भारत में प्लास्टिक के इस्तेमाल को कम से कम करने के प्रयास किये जा रहे हैं। ऐसे

में अब रेलवे स्टेशनों पर भी प्लास्टिक कप की जगह कुल्हड़ में चाय मिलेगी। केंद्रीय रेल मंत्री श्री पीयुष गोयल ने राजस्थान के अलवर में ढिगावड़ा रेलवे स्टेशन पर ढिगावड़ा-बांदीकुई रेल खंड पर विद्युतीकृत रेलमार्ग के लोकार्पण समारोह में कहा कि केंद्र सरकार ने प्लास्टिक कप का इस्तेमाल रोकने की तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि देश में लगभग 400 रेलवे स्टेशनों पर कुल्हड़ में चाय मिलती है। अब सभी रेलवे स्टेशनों पर सिर्फ कुल्हड़ में ही चाय मिलेगी। प्लास्टिक मुक्त भारत में रेलवे का यह योगदान रहेगा।

● इटली के नुओरो प्रांत के सरदिनिया द्वीप में भारी बारिश से जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश के कारण आई बाढ़ तथा भू-स्खलन के कारण तीन लोगों की मृत्यु हो गई तथा कई लोग घायल हुये हैं। भारी बारिश के चलते सरदिनिया द्वीप में बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। भू-स्खलन के कारण कई सड़कें धंस गई हैं।

● अफगानिस्तान का गजनी शहर बम धमाके से दहल गया। इस बम धमाके में 30 सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई, जबकि 24 सुरक्षाकर्मी घायल हुये हैं। अफगानिस्तान के आंतरिक मंत्रालय के प्रवक्ता तारिक अरियन ने बताया कि एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे एक वाहन में विस्फोट किया। इस हमले की किसी भी आतंकी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है।

1 दिसम्बर

भारत ने पैंगोंग झील के पास तैनात किये मरीन कमांडो

● भारत और चीन के बीच जारी गतिरोध के बीच भारत ने पूर्वी लद्दाख में पैंगोंग झील के पास नौसेना के मरीन (मार्कोस) कमांडो तैनात किये हैं। भारत ने पूर्वी लद्दाख में पहले से ही वायुसेना के गरुड़ और थल सेना के पैरा स्पेशल फोर्स के कमांडो तैनात कर रखे हैं। मरीन कमांडो की तैनाती का

उद्देश्य तीनों सेनाओं के एकीकरण को बढ़ाना और अत्यधिक ठंड के मौसम में सीमा की रक्षा करना है। लद्दाख में मरीन कमांडो की तैनाती के फैसले से तीनों सेनाओं के सबसे बेहतरीन कमांडो को लद्दाख के मुश्किल हालात से तालमेल बैठाने में मदद मिलेगी। इस तैनाती से मरीन कमांडो को बेहद सर्द मौसम में ऑपरेशन को अंजाम देने का अनुभव मिल सकेगा।

● विदेश मंत्री श्री एस. जयशंकर ने सेशल्स दौरे पर कोरोना काल के बाद रणनीतिक संबंध और मजबूत करने का संकल्प लिया। श्री जयशंकर ने इस दौरे पर सेशल्स के शीर्ष नेतृत्व के साथ वार्ता की। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्री जयशंकर ने दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने के संकल्प को दोहराया है। विदेश मंत्री ने हिंद महासागर में सेशल्स के अहम होने की बात कही, जो भारत की नीति को दर्शाता है।

2 दिसम्बर

नौसेना ने किया ब्रह्मोस मिसाइल के एंटी शिप वर्जन का सफल परीक्षण

● भारतीय नौसेना ने अपनी क्षमता में इजाफा करते हुये सुपरसोनिक क्रूज

मिसाइल ब्रह्मोस के एंटीशिप वर्जन का सफल परीक्षण किया है। इस मिसाइल का परीक्षण अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में किया गया। एंटी शिप ब्रह्मोस मिसाइल आईएनएस रण- विजय से बंगाल की खाड़ी में दागी गई। मिसाइल ने अधिकतम दूरी पर स्थित टारगेट पर सटीक निशाना लगाया। यह परीक्षण हथियारों के नियोजित परीक्षणों की श्रृंखला के हिस्से के तहत किया गया था। परीक्षण के दौरान ब्रह्मोस मिसाइल के उन्नत संस्करण की मारक क्षमता 290 किलोमीटर से बढ़ाकर 400 किलोमीटर की गई थी। इससे पहले भारत ने 24 नवम्बर को सतह से सतह तक मार करने वाली ब्रह्मोस मिसाइल का भी सफल परीक्षण किया था।

● भारत की सबसे बड़ी सरकारी तेल कंपनी इंडियन ऑयल ने वर्ल्ड क्लास प्रीमियम पेट्रोल एक्सपी-100 लॉन्च किया है। केंद्रीय पेट्रोलियन एवं प्राकृतिक गैस मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने प्रीमियम पेट्रोल को देश के 15 शहरों में लॉन्च किया है। इस प्रीमियम पेट्रोल का भारत के अलावा अमेरिका और जर्मनी सहित सिर्फ 6 देशों में ही इस्तेमाल होता है। यह पेट्रोल लग्जरी कारों और बाइकों के इंजन के लिये अच्छा माना जाता है। भारत में इस पेट्रोल की कीमत 160 रुपये प्रति लीटर होगी। एक्सपी-100 प्रीमियम पेट्रोल को इंडियन ऑयल की मथुरा रिफायनरी में स्वदेशी ऑक्टामैक्स तकनीक से डेवलप किया गया है।

● ऑस्ट्रेलिया ने एक नये एडवांस टेलीस्कोप आरकप की मदद से ब्रह्मांड का नया एटलस तैयार किया है। इस टेलीस्कोप को रेगिस्तान में लगाया गया था। इस टेलीस्कोप से 30 लाख गैलेक्सी की मैपिंग की गई। इस मैपिंग में 300 घंटे से अधिक समय लगा। ऑस्ट्रेलिया की नेशनल साइंस एजेंसी कॉमनवेल्थ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (सीएसआईआरओ) ने बताया कि पहले इतनी बड़ी मैपिंग में कई साल लग जाते थे।

3 दिसम्बर

ब्रिटेन में कोरोना वैक्सीन के आपातकालीन इस्तेमाल को मिली मंजूरी

● ब्रिटेन में फाइजर-बायोटेक की कोरोना वैक्सीन के आपातकालीन इस्तेमाल की मंजूरी प्रदान की गई है। इस वैक्सीन को मेडिसिंस एंड हेल्थकेयर प्रोडक्ट्स रेगुलेटरी अथॉरिटी (एमएचआरए) ने मंजूरी दी है। इसके साथ ही ब्रिटेन पहला ऐसा यूरोपीय देश बन गया है, जिसने कोरोना महामारी के इलाज के लिये वैक्सीन को लाइसेंस दिया है। फाइजर की कोरोना वैक्सीन का इस्तेमाल ब्रिटेन में अगले कुछ दिनों में शुरू हो जायेगा। एमएचआर का कहना है कि फाइजर की वैक्सीन कोरोना पीड़ितों को दिये जाने के लिये सुरक्षित है। उल्लेखनीय है कि फाइजर की कोरोना वैक्सीन अपने आखिरी ट्रायल में 95 प्रतिशत असरदार पाई गई थी। ब्रिटेन ने इस वैक्सीन की 4 करोड़ खुराकों का ऑर्डर दिया है।

● आयकर विभाग ने मौजूदा वित्तीय वर्ष में एक अप्रैल 2020 से एक दिसम्बर, 2020 तक 59.68 लाख से अधिक करदाताओं को 1,40,210 करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया है। आयकर विभाग के अनुसार इस अवधि में 57,68,926 मामलों में 38,105 करोड़ रुपये का व्यक्तिगत आयकर रिफंड तथा 1,99,165 मामलों में 1,02,105 करोड़ रुपये का कॉर्पोरेट कर रिफंड जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा आत्मनिर्भर भारत योजना की घोषणा के बाद से आयकर विभाग ने रिफंड की प्रक्रिया तेज कर दी है।

● केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बोर्ड परीक्षाओं को लेकर बड़ा बयान जारी किया है। सीबीएसई ने कहा कि वर्ष 2021 में आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षाएं ऑनलाइन की जगह लिखित रूप से आयोजित की जायेंगी। सीबीएसई ने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं में कोरोना के सभी प्रोटोकॉल का पालन किया जायेगा। हालांकि सीबीएसई ने यह नहीं बताया कि ये परीक्षाएं कब आयोजित की जायेंगी।

4 दिसम्बर

केंद्रीय कर्मचारियों के लिये आयुष डे केयर थैरेपी केंद्रों को मिली मंजूरी

● केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने केंद्रीय कर्मचारियों एवं पेंशनभोगियों के लिये आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा प्रणालियों के तहत डे-केयर थैरेपी केंद्र सुविधा के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) के तहत आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक (एलोपैथी) दवा के पैनल में सूचीबद्ध किया जायेगा। मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि यह कदम जनता के बीच दवाओं की आयुष प्रणाली की बढ़ती लोकप्रियता को ध्यान में रखते हुये सीजीएचएस लाभार्थियों के लिये उठाया गया है। डे-केयर थैरेपी केंद्रों की प्रारंभिक सूची को एक साल के लिये दिल्ली और एनसीआर में प्रायोगिक आधार पर शुरू किया जायेगा और बाद में अन्य स्थानों के लिये विचार किया जायेगा।

● केंद्र सरकार ने घरेलू विमानों की क्षमता को 80 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले घरेलू विमानन कंपनियों को 70 प्रतिशत क्षमता के साथ विमानन सेवायें संचालित करने की अनुमति प्राप्त थी। केंद्रीय विमानन मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि विमानन कंपनियां अपनी प्री-कोविड

कैपेसिटी के मुकाबले 80 प्रतिशत क्षमता के साथ उड़ान भर सकेंगी। श्री पुरी ने बताया कि लॉकडाउन के बाद 25 मई को 33 प्रतिशत क्षमता के साथ उड़ानें शुरू की गई थीं।

● अमेरिका और चीन के बीच जारी तनाव के बीच अमेरिका ने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं और उनके परिजनों के लिये वीजा नियमों को कड़ा कर दिया है। नये वीजा नियमों के अनुसार चीन के नेताओं और उनके परिजनों के लिये जारी होने वाली वीजा की वैधता अधिकतम 10 वर्ष से घटा कर सिर्फ एक महीना कर दी है। इन नये नियमों के बाद चीनी नेता अब अमेरिका में एक महीने तक ही रुक पायेंगे। इन नियमों को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

स्व-सहायता समूह की महिलाओं को उपलब्ध कराया गया स्टाल

भोपाल, आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की दिशा में अहम भूमिका निभा रही स्व-सहायता समूह की महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए शासन-प्रशासन द्वारा निरंतर बेहतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में होशंगाबाद जिले में अनूठी पहल करते हुए कलेक्टर होशंगाबाद श्री धनंजय सिंह के निर्देशन में स्व-सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पादों के विक्रय को बढ़ावा देने के लिये कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में स्टाल उपलब्ध करवाया गया है।

कलेक्टर श्री धनंजय सिंह ने 2 दिसंबर को कलेक्ट्रेट परिसर में स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाए गए विक्रय स्टॉल का भ्रमण किया एवं समूह की महिलाओं से चर्चा कर, निर्मित उत्पादों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने समूह द्वारा निर्मित उत्पादों की सराहना की एवं अन्य शासकीय कार्यालयों में भी समूह के स्टाल लगाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री धनंजय सिंह ने जिला पंचायत सीईओ एवं जिला प्रबंधक आजीविका मिशन को निर्देशित किया कि स्व-सहायता समूह की महिलाओं की आजीविका को सुदृढ़ करने के लिये बैंक लिंकेज बढ़ाएं। स्कूल यूनिफार्म बनाने का कार्य बड़े पैमाने पर समूह की महिलाओं को दें एवं इसके बेहतर क्रियान्वयन के लिये मैदानी स्तर पर लगातार निगरानी की जाए। समूह की महिलाओं को मार्केट लिंकेज, नॉलेज लिंकेज और बैंक लिंकेज की जानकारी देते हुए लाभान्वित करने के प्रयास करें। ग्राम जासलपुर के सरस्वती स्व-सहायता समूह एवं आजीविका स्टोर संचालन कर रही संगीता कटारे ने बताया की कलेक्टर परिसर में आजीविका स्टोर लगाने से हमारे स्व-सहायता समूहों द्वारा बनाये गए उत्पादों की अच्छी बिक्री हो पा रही है, साथ ही हमारे उत्पादों को पहचान भी मिल रही है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

वर्ष 37, अंक 49 07.12.2020 से 13.12.2020

रोज़गार और निर्माण

www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार वनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-

रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011, फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : mpmdtp@yahoo.com**

रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

सुशासन सरकार की प्राथमिकता

सुशासन मध्यप्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। सरकार सज्जनों के लिये फूल से अधिक कोमल और दुर्जनों के लिये वज्र से भी अधिक कठोर है। गरीब और किसानों का कल्याण हमारा लक्ष्य है। आम जनों के हितों को संरक्षित रखा जायेगा। राज्य सरकार सी.एम. हेल्पलाइन और समाधान ऑनलाइन को पुनः प्रभावी ढंग से शुरू कर रही है। इससे जनता को सरकार के और करीब लाया जायेगा। देश की संसद ने किसानों के सर्वांगीण हित के लिये तीन कानून बनाये हैं। मध्यप्रदेश सरकार इन कानूनों का समर्थन करती है और किसानों के साथ हमेशा खड़ी है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश की जनता के नाम अपने संदेश में यह बातें कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब व्यक्ति का कल्याण हमारा लक्ष्य है, राज्य में किसी भी गरीब को परेशान नहीं होने दिया जायेगा। उन्हें योजनाओं का लाभ सहजता से मिले यह राज्य सरकार सुनिश्चित करेगी। श्री चौहान ने कहा कि मैदानी स्तर पर योजना का क्रियान्वयन और जनता की समस्याओं से अवगत होने के लिये वे स्वयं औचक निरीक्षण करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में हर तरह के माफिया की कमर तोड़ने और उन्हें जड़ से उखाड़ फेंकने के लिये संकल्पित है। सरकार ने जो कहा वह जमीन पर कर दिखाया। प्रदेश में चौतरफा माफिया, तस्कर, गुंडों-बदमाशों के विरुद्ध कार्यवाही चल रही है। पिछले कुछ दिनों में इन्दौर, भोपाल, मंदसौर, आगर, नीमच, जबलपुर, सतना और उज्जैन में कड़ी और बड़ी कार्रवाई की गई है। इसी तरह प्रदेश में मिलावटखोरों को सबक सिखाने के लिये मिलावट से मुक्ति अभियान शुरू किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तिकरण हमारी सरकार का लक्ष्य है हम इसे हासिल करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान प्रदेश की आत्मा है, किसानों की चिंता करना मैंने अपना पहला कर्तव्य माना है। किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दी जायेगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश की संसद में किसानों के लिये और कृषि की उन्नति के लिये 3 कानून बनाये हैं, जो पूरी तरह से किसानों के हित में हैं। किसान को अपनी फसल बेचने की पूरी स्वतंत्रता मिलेगी। चाहे वह फसल मंडी में बेचे या मंडी के बाहर बेचे, उसे घर बैठे फसल के अच्छे दाम मिलेंगे। किसान को अनेक विकल्प मिलेंगे। किसान को बोनी के समय ही फसल की अच्छी कीमत मिल सकती है। विपरीत स्थितियों में किसान किसी भी कॉन्ट्रेक्ट से बाहर आ सकता है। समर्थन मूल्य पर फसल की खरीदी की व्यवस्था लगातार जारी रहेगी। मंडियां चालू रहेंगी। हम पूरी ताकत से किसानों का हित साधने वाले इन कानूनों के समर्थन में खड़े हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अनेक कदम किसान हित में उठाये हैं। गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीदी की गई है। इस समय धान, बाजरा और ज्वार का समर्थन मूल्य पर उपार्जन किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि देश के अन्य राज्यों में और प्रदेश के कुछ जिलों में कोरोना का संक्रमण फिर बढ़ा है। सर्दी में संक्रमण का खतरा बढ़ता है। इसलिये सावधान रहने की जरूरत है। भोपाल, इन्दौर, ग्वालियर, जबलपुर, रतलाम, धार और विदिशा जिलों में अधिक सतर्कता बरतने और ध्यान देने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खुशी की बात है कि जल्दी वैक्सीन आने की संभावना बढ़ गई है। लेकिन जब तक वैक्सीन नहीं आ जाये तब तक किसी प्रकार की ढिलाई न बरतें।

ब्रह्मांड को जानें

पृथ्वी

जीव मंडल - ऑस्ट्रियन भू-वैज्ञानिक एडवर्ड सुएस ने लगभग 100 वर्ष पूर्व सर्वप्रथम जीव मंडल की संकल्पना की थी। उस समय इस धारणा को विशेष महत्व नहीं दिया गया। लेकिन वर्तमान में स्थिति अलग है, क्योंकि आज जीव मंडल से जुड़ी अनेक समस्यायें मानव के सामने सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण विचार का विषय बन गई हैं। जीव मंडल का विशिष्ट अभिलक्षण यह है कि यह जीवन को आधार प्रदान करता है। अनुमान है कि जीव मंडल में शैवाल और फंगस से लेकर उच्च श्रेणी के पौधों की लाखों जातियां हैं तथा एक कोशीय प्राणी प्रोटोजोआ से लेकर मनुष्य तक एक करोड़ से ज्यादा प्रकार की प्राणि-जातियां इसमें सम्मिलित हैं। जीवन मंडल इन सभी के लिये आवश्यक सामग्री जैसे प्रकाश, ताप, पानी, भोजन और आवास की व्यवस्था करता है। जीव मंडल या पारिस्थितिक व्यवस्था एक विकासात्मक प्रणाली है। इसमें अनेक प्रकार के जैविक और भौतिक घटकों का संतुलन बहुत पहले से क्रियाशील रहा है। जीवन की इस निरन्तरता के मूल में अन्य संबंधों का एक सुगठित तंत्र काम करता है। वायु, जल, मनुष्य, जीव-जन्तु, वनस्पति एवं प्लवक, मिट्टी और जीवाणु ये सब जीवन-धारण प्रणाली में अदृश्य रूप से एक-दूसरे से गुथे हुये हैं। यह व्यवस्था पर्यावरण कहलाती है।

- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व एड्स दिवस | 1 दिसम्बर

एड्स से बचाव के लिये जरूरी है सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूकता

राजा दुबे
(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

दुनियाभर में एचआईवी-ह्यूमन इम्यूनोडेफिसियेंसी वायरस को एड्स (एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिसियेंसी सिन्ड्रोम) के नाम से जाना जाता है, यह आधुनिक समय की सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार अब तक विश्व में 36.9 मिलियन (तीन करोड़ इकसठ लाख) लोग एड्स के शिकार हो चुके हैं, जबकि भारत सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार भारत में एचआईवी के रोगियों की संख्या लगभग 2.1 मिलियन (इक्कीस लाख) बताई गई है। इसी जानलेवा संक्रमण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिये विश्व में प्रतिवर्ष 01 दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस (वर्ल्ड एड्स डे) मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाइजेशन) ने सबसे पहले विश्व एड्स दिवस को वैश्विक स्तर पर मनाने की शुरुआत अगस्त 1987 में की थी। एड्स से बचाव के लिये जरूरी है कि सभी सुझाये गये सुरक्षा उपायों यथा संक्रमित व्यक्ति के साथ असुरक्षित सम्बन्ध, एड्स संक्रमित व्यक्ति से रक्ताधान (ब्लड ट्रांसफ्यूजन), एड्स संक्रमित व्यक्ति पर इस्तेमाल की गई इंजेक्शन की सुई के उपयोग और एड्स संक्रमित व्यक्ति के ब्लेड, उस्तरे, टूथब्रश आदि के उपयोग के निषेध से एड्स से बचा जा सकता है। इस सम्बन्ध में समाज में जागरूकता पैदा करने के दृष्टिकोण से विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। वर्ष 1996 में एड्स पर संयुक्त राष्ट्र ने वैश्विक स्तर पर इससे बचाव के लिये प्रचार और प्रसार का काम संभालते हुए साल 1997 में विश्व एड्स अभियान के तहत संचार, रोकथाम और शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया था।

एड्स संक्रमितों से दूरी नहीं, उनको समाज का अविभाज्य अंग मानें

विश्व एड्स दिवस मनाने का उद्देश्य इस संक्रमण के कारण होने वाली महामारी- 'एड्स' के बारे में हर उम्र के लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना है। शुरुआती दौर में विश्व एड्स दिवस को सिर्फ बच्चों और युवाओं से ही जोड़कर देखा जाता था, जबकि इसका संक्रमण किसी भी उम्र के व्यक्ति को प्रभावित कर सकता है। इसलिये बाद में इसे व्यापक स्वरूप देकर हर उम्र के लिये जागरूकता का प्रचार-प्रसार करना आरम्भ किया गया। विश्व एड्स दिवस पर एड्स संक्रमण से दिवंगत व्यक्ति के लिये शोक व्यक्त करने की भी परम्परा है। विश्व के विभिन्न देशों की सरकारें, वहां के स्वास्थ्य अधिकारी और गैर सरकारी संस्थायें एड्स की रोकथाम और नियंत्रण के लिये इस दिन शैक्षिक और जन-जागरूकता के कार्यक्रम भी आयोजित करती हैं। एड्स के सभी जागरुकता कार्यक्रम में इन दिनों यह मानवीय पक्ष भी जोड़ा जा रहा है कि एड्स से संक्रमित व्यक्ति के प्रति व्यवहार में पर्याप्त सावधानी रखें, क्योंकि उनके हमारे बीच होने से हमारे संक्रमित होने की सामान्यतः कोई आशंका नहीं है। उनको समाज का ही एक हिस्सा मानकर यदि हम उन्हें स्वीकार करेंगे तो वो इस रोग-प्रतिरोधक क्षमता की कमी की असामान्य स्थिति के साथ भी जीने को यत्नशील रहेंगे। एड्स पीड़ित को अस्पर्शय मानने से हम उनके भीतर एक हीन भावना पनपायेंगे जिससे उनका जीना दुष्कर हो जायेगा। इसी परिप्रेक्ष्य में विश्व एड्स दिवस पर हम एड्स पीड़ितों को यह संदेश देकर कि - 'एड्स के साथ जीना भी सर्वथा मुमकिन है' हम उनका मनोबल बढ़ायेंगे।

एड्स नियंत्रण अभियान को विषयनिष्ठ बनाती है थीम

विश्व एड्स दिवस पर प्रतिवर्ष जो एक थीम तय की जाती है उसका लक्ष्य एड्स नियंत्रण की दिशा को विषयनिष्ठ बनाना है। थीम से नियंत्रण कार्यक्रम को किसी एक लक्ष्य के प्रति केन्द्रित किया जाता है और उस लक्ष्य को अगले एक साल में प्राप्त करने की चेष्टा की जाती है। जैसे इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र की पहल पर विषय रखा गया है 'एचआईवी/एड्स महामारी को समाप्त करना : लचीला और प्रभाव' (HIV/AIDS Epidemic : Resilience and Impact) जिससे एड्स मुक्ति के चरम लक्ष्य को पाया सके। गत वर्ष इस दिशा में समुदाय के माध्यम से एड्स नियंत्रण की कोशिश पर चर्चा की गई थी। वर्ष 2018 में थीम थी- 'अपनी स्थिति को जानें' इस थीम का तात्पर्य था कि हर इंसान को अपने एचआईवी स्टेटस की जानकारी होनी चाहिये।

कोरोना संक्रमण से बाधित हुई एड्स की जीवनरक्षक दवाओं की आपूर्ति

विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है कि कोरोना संकट की वजह से एड्स की जीवनरक्षक दवाओं की आपूर्ति बाधित हुई है। संगठन के एक सर्वे के अनुसार तिहत्तर देशों ने चेताया है कि कोविड-19 महामारी के कारण उनके यहां एड्स की जीवनरक्षक दवाओं का स्टॉक खत्म हो सकता है। वहीं, चौबीस देशों ने कहा है कि उनके यहां एड्स की जरूरी दवाएं या तो बहुत कम हैं या उनकी आपूर्ति बुरी तरह से बाधित हुई है। स्थिति की गंभीरता का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक डॉक्टर टेड्रस एडहॉनम गेब्रियेसुस ने इस स्थिति को 'बेहद चिंताजनक' बताया है। उन्होंने कहा, दुनिया के देशों और उनके सहयोगियों को ये सुनिश्चित करना होगा कि एचआईवी से ग्रसित लोगों को जीवनरक्षक दवाएं मिलती रहें। हम कोविड-19 की वजह से एड्स की वो जंग नहीं हार सकते जिस पर हमने बड़ी मुश्किल से जीत हासिल की थी। ऐसे में, केवल आकर्षक कार्यक्रमों की शुरुआत करने भर से एड्स या एचआईवी को रोकना संभव नहीं होगा, बल्कि, वैश्विक स्तर पर इसे रोकने के लिए महामारी के दौरान उन लोगों को उपचार और मदद में प्राथमिकता देनी होगी, जिन्हें सबसे ज्यादा जोखिम वाले संवर्ग में माना जाता है।

एड्स नियंत्रण की प्रगति की रफ्तार अभी भी विश्वव्यापी नहीं है

विश्व एड्स दिवस की वर्ष 2020 की थीम है 'एड्स महामारी की समाप्ति के लिये प्रयत्नों का लचीला और प्रभावी होना जरूरी है।' इस थीम का मंतव्य एड्स नियंत्रण योजनाओं और अभियानों को पर्याप्त लचीला और प्रभावी बनाना है जिससे प्रक्रियागत कारणों से एड्स नियंत्रण का काम बाधित न हो। इस बारे में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव ने एड्स नियंत्रण कार्यक्रम पर हाल ही में बड़े तल्ख अंदाज में यह कहा था कि हम पिछले तीन दशक से भी अधिक समय से विश्व एड्स दिवस मना रहे हैं पर इतने लम्बे समय के बाद भी एचआईवी से जुड़ी हमारी पहल दोराहे पर खड़ी है। हम किस राह को चुनते हैं, इसी से यह तय होगा कि यह महामारी क्या नया रूप लेगी? क्या 2030 तक हम एड्स को समाप्त कर पाएंगे? या भविष्य की पीढ़ियां भी इस विनाशकारी रोग के बोझ तले दबी रहेंगी? इस महामारी के निदान और उपचार की दिशा में काफी प्रगति हुई है और रोकथामकारी प्रयासों से लाखों नए संक्रमणों को रोका गया है फिर भी प्रगति की रफ्तार विश्वव्यापी अपेक्षा पर खरी नहीं उतर रही है। नए एचआईवी संक्रमणों में गिरावट की गति पर्याप्त तेज नहीं है। कुछ क्षेत्र पिछड़ रहे हैं और वित्तीय संसाधन पर्याप्त नहीं हैं। एचआईवी की जांच में बढ़ोतरी के लिए अब भी समय है। अधिक से अधिक लोगों को उपचार उपलब्ध कराने, नए संक्रमणों को रोकने और पीड़ितों के साथ संवेदनशील व्यवहार को अपनाने के लिये अभी भी समय है पर इस निर्णायात्मक मोड़ पर हमें सही राह चुननी ही होगी अन्यथा आने वाली पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं कर पायेंगी।

विश्व बैंक की सहायता से चलाया गया था राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम

भारत सरकार और विश्व बैंक ने वर्ष 2013 में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम (NACP-IV) के लिए 255 मिलियन डॉलर के एक ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। भारत सरकार की ओर से वित्त मंत्रालय में आर्थिक मामलों के विभाग के संयुक्त सचिव निलय मिताश तथा विश्व बैंक की ओर से कंट्री डायरेक्टर ओनोरूल ने नई दिल्ली में 18 जून, 2013 को हस्ताक्षर किए थे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य वर्ष 2017 तक एड्स महामारी के अधिक जोखिम वाले समूहों के व्यवहार में सुधार के लिए भारतीय लक्ष्य में योगदान करना था। कार्यक्रम को तीन भागों में बांटा गया था और इसे राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर लागू किया गया था। पहले भाग में एड्स से बचाव के लक्ष्य को बढ़ाना। दूसरे भाग में एड्स पीड़ितों के प्रति व्यवहार में परिवर्तन और संवाद-सूचना तंत्र को मजबूत करना, जबकि तीसरे भाग में संस्थागत मजबूती लाना था। इन तीनों भाग में अपेक्षित सफलता तो नहीं मिली मगर इससे एड्स नियंत्रण की दिशा में कुछ अनुकूलता का माहौल बना। यह राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम की चौथी आवृत्ति थी।

कुल मिलाकर विश्व एड्स दिवस पर हमें दो लक्ष्यों को दोहराना होगा, पहला- विश्व में एड्स से संक्रमितों को सामान्य व्यक्तियों के समान ही और उनके साथ ही जीवनयापन के अवसर प्रदान करना जिससे वो एड्स के साथ जीने का हौंसला कायम रख सके और दूसरा-एड्स के कारक तत्व से बचाव के लिये सघन प्रचार करना जिससे विश्व में इस महामारी के प्रसार को रोका जा सके।

(फोटो गूगल से साभार)

कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग
रीवा परिक्षेत्र रीवा (म.प्र.)

website : www.mppwd.gov.in, Email :cepwdrewa@mp.nic.in
Phone No. : 07662-255200, Fax: 255380

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्र. 02/सा/अनूपपुर/2020-21 रीवा, दिनांक ....

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर आई डी क्रमांक	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	कार्य की अनुमानित राशि (लाख में)	अमानत राशि
1.	2020_PWDRB_115874_1	जेतहरी-महुदा-धुरवासिन-कोतमा मार्ग का उन्नतिकरण कार्य (मुख्य जिला मार्ग 47-05) लं. 23.30 कि.मी	प्रथम	24 माह वर्षाऋतु सहित	2951.31	1475655/-

उपरोक्त वेबसाइट में ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेन्ट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा ऑनलाइन बिड सबमिशन की **अंतिम तिथि 15.12.2020** सायं 17:30 बजे तक निर्धारित है। इलेक्ट्रॉनिक ई.एम.डी. (RTGS. NEFT) ही स्वीकार की जावेगी। इलेक्ट्रॉनिक के अलावा अन्य किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं की जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। ई.एम.डी. एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाइन ही स्वीकार्य किये जावेंगे भौतिक रूप से किसी भी प्रकार से स्वीकार्य नहीं किये जावेंगे। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट में किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य अभियंता
जी-16056/44793/2020 लो.नि.वि.रीवा, परिक्षेत्र रीवा

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बड़वानी (म.प्र.)

E-mail : eephedbar@mp.nic.in, Tel & Fax : 07290-224203

नि.आ.सू.क्र./30/निविदा/का.यं./लोस्वायां/20-21 बड़वानी, दिनांक : 23.11.2020

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **https://www.mptenders.gov.in/** पर बड़वानी जिले के विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 200 मिमी व्यास के नलकूप खनन एवं उससे संबंधित कार्य हेतु निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित हैं।

निविदा क्रमांक	सिस्टम टेण्डर क्रमांक	विकासखण्ड	निविदा की कुल लागत (PAC) रु. लाख में	धरोहर राशि (EMD) रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
30/20-21dt 23-11-2020	2020_PHED_115505_1	बड़वानी/ठीकरी पाटी/राजपुर	273.36	273363/-	15000/-	04 माह वर्षाकाल रहित	नवीन केन्द्रीयकृत
	2020_PHED_115599_1	सेंधवा/निवाली/ पानसेमल	273.36	273363/-	15000/-	04 माह वर्षाकाल रहित	पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि :- **07.12.2020 17:30 बजे**
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि :- 07.12.2020 17:30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की अंतिम तिथि :- 09.12.2020 13:00 बजे
निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शायी गयी वेबसाइट पर जरूर देखें।

कार्यपालन यंत्री
जी-15980/44785/2020 लो.स्वा.यां. खण्ड बड़वानी

जिला शिक्षा केन्द्र, सर्व शिक्षा अभियान
जिला उज्जैन

वी- विंग, डाईट महिला छात्रावास भवन, दशहरा मैदान, जिला उज्जैन
फोन : 0734-2516674, ईमेल : zskujjainmp1@gmail.com

क्रमांक/जिशिके/बालिका शिक्षा/2020/1747 उज्जैन, दिनांक : 26.11.2020

विज्ञप्ति

सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत उज्जैन जिले में संचालित छात्रावासों में विभिन्न प्रकार के पदों की पूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (KGBV) एवं बालिका छात्रावास के पद

क्र.	पद का नाम	भरे जाने वाले पदों की संख्या	वेतनमान	नियुक्ति के लिए न्यूनतम अर्हताएं
1.	वार्डन (KGBV-उज्जैन पानविहार, महिदपुर) (बालिका छात्रावास :- उज्जैन, खाचरोद, झारडा)	प्रति छात्रावास 01 पद स्वीकृत	मानदेय रु. 2000/- प्रतिमाह	• स्थानीय/संबंधित निकाय के शासकीय विद्यालयों में कार्यरत **महिला शिक्षिका** (सहायक शिक्षक, **प्राथमिक** शिक्षक, उच्च श्रेणी शिक्षक, **माध्यमिक** शिक्षक) • उच्च श्रेणी शिक्षक, **माध्यमिक** शिक्षक एवं चयनित विद्यालय (पोषक शाला) में कार्यरत शिक्षिका को प्राथमिकता। • सहायक वार्डन के छुट्टी/प्रशिक्षण/अन्य छात्रावास संबंधित कार्य से बाहर जाने की स्थिति में छात्रावास में रात्रि विश्राम करना अनिवार्य होगा। • महिला शिक्षिका के बच्चे 5 वर्ष से अधिक आयु के हों। • यह दायित्व पदस्थ शाला में शिक्षिकीय कार्य के अतिरिक्त है। • वार्डन पद पर चयन उपरांत महिला शिक्षिका की पदस्थापना संबंधित पोषक शाला में की जावेगी।

उक्त पद पर आवेदन करने हेतु **अंतिम तिथि दिनांक 09 दिसम्बर 2020 निर्धारित** है। विलंब से आने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। उक्त पदों से संबंधित शर्तें कार्यालयीन समय में (अवकाश के दिवस को छोड़कर) देखी जा सकती हैं। इस विज्ञप्ति के संदर्भ में प्राप्त आवेदनों पर ही विचार किया जावेगा। अस्थायी रूप से कार्यरत वार्डन भी आवेदन कर सकती है। चयन योग्यता के आधार पर राज्य शिक्षा केन्द्र से जारी शर्तों एवं निर्देशों के आधीन होंगे एवं प्राप्त आवेदनों पर चयन हेतु जिला नियुक्ति समिति का निर्णय अंतिम होगा। किसी विवाद की स्थिति में कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
नोट :- आवेदन पत्र का प्रारूप एज्युकेशन पोर्टल व जिला शिक्षा केन्द्र के सूचना बोर्ड पर उपलब्ध है।
(कलेक्टर सह जिला मिशन संचालक द्वारा अनुमोदित)

जिला परियोजना समन्वयक
जी-16003/44787/2020 जिला शिक्षा केन्द्र, जिला उज्जैन

कार्यालय, कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, परियोजना खण्ड कटनी

निविदा आमंत्रण

NIT NO. 70/2020-21

Tender for engagement of Implementation Support Agencies (ISAs) to support the GP/ VWSCs in implementation of Jal Jeevan Mission (JJM) 150 Villages of Distt. Katni

निविदा क्रमांक	सिस्टम नि. क्र.	विकास-खण्ड	ग्रामों की संख्या	निविदा की कुल लागत	धरोह राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
70/20_21	2020_PHED_115585	समस्त	-	67.65	67650	10000	15 माह	Empanelled Implementation Support Agencies (ISAs) in Public Health Engineering Department Bhopal

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि - **18.12.2020 17:30 बजे**
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि - 18.12.2020 17:30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि - 21.12.2020 12.00 बजे
निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड कटनी
जी-16043/44791/2020 **फोन नं.- 07622-225752**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स) दमोह संभाग, दमोह

Email : eepwddamoh@mp.nic.in, Phone : 07812-221405

निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 07/2020-21 दमोह, दिनांक : 28.11.2020

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	पोर्टल टेण्डर क्रमांक	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	अमानत राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने का समय (वर्षाकाल सहित)
1.	116295	मार्ग उपसंभाग दमोह के अंतर्गत मोहनपुर से मारा मार्ग एवं पिपरिया शाहपुर मार्ग का निर्माण कार्य। (कुल लंबाई 6.00 कि.मी.) (द्वितीय आमंत्रण)	दमोह	466.64 लाख	466640/-	15000/-	12 माह
2.	116296	मार्ग उपसंभाग दमोह के अंतर्गत भौंरासा से पिपरिया मार्ग का निर्माण कार्य। (लंबाई 4.50 कि.मी.) (द्वितीय आमंत्रण)	दमोह	334.52 लाख	334520/-	15000/-	12 माह
3.	116297	हटा उपसंभाग के अंतर्गत सगोनी टिकरिया मार्ग का निर्माण कार्य। (लंबाई 4.20 कि.मी.) (तृतीय आमंत्रण)	दमोह	375.48 लाख	375480/-	15000/-	12 माह
4.	116298	हटा उपसंभाग के अंतर्गत वरोदा भरोटा तालगांव मार्ग का निर्माण कार्य। (लंबाई 3.50 कि.मी.) (तृतीय आमंत्रण)	दमोह	439.85 लाख	439850/-	15000/-	12 माह

1. निविदा से संबंधित विड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन **दिनांक 01.12.2020 समय 10:30 से दिनांक 15.12.2020 समय 5:30 तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जावेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स), दमोह संभाग, दमोह
जी-16067/44797/2020 **दूरभाष क्रमांक : 07812-222405**

कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, शहडोल मण्डल, शहडोल

कार्यालय पता : तहसील ऑफिस के बगल में तह. सोहागपुर, जिला शहडोल
दूरभाष : 07652-240784, ई-मेल : seresshahdol@mp.gov.in

क्रमांक/466/ई-निविदा/ग्रायांसेवा/2020 शहडोल, दिनांक : 05.11.2020

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 04/2020-21

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से Cover-3 (तीन लिफाफा पद्धति) के आधार पर ऑनलाइन प्रतिशत दर निविदा प्रपत्र एपेंडिक्स 2.10 (Cement Concrete Road) अनुसार निविदायें लोक निर्माण विभाग की केंद्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।
क्र./कार्य का नाम : सी.सी. रोड निर्माण रेलवे फाटक करकेली से नेशनल हाइवे रोड तक लंबाई 1360 मीटर, वि.ख. करकेली, जिला उमरिया म.प्र.।

ग्रायांसेवा संभाग	सिस्टम टेण्डर आई.डी. नंबर	विकास खण्ड	निविदा लागत (PAC) (रु. लाख में)	अमानत राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रु. में)	समयावधि (वर्षाकाल सहित)	आमंत्रण का क्रम
उमरिया	2020_RES_113264	करकेली	71.10	71100	10000	06 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** ऑनलाइन भुगतान कर क्रय किये जा सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय करने की दिनांक 03.12.2020 से प्रारंभ होकर दिनांक 14.12.2020 समय 5:30 बजे सायं तथा निविदा प्रपत्र ऑनलाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 14.12.2020 समय 5:30 बजे सायं तक निर्धारित है। निविदा Cover लिफाफा-A (Cover-1) निविदा Cover लिफाफा-B (Cover-2) एवं निविदा Cover लिफाफा-C (Cover-3) ऑनलाइन ही जमा/अपलोड (Submit) करने होंगे। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
संशोधन की सूचना अलग से प्रकाशित नहीं की जावेगी। संशोधन संबंधी सूचनायें केवल वेबसाइट पर ही अपलोड की जावेंगी। समस्त निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम दिवस की प्रतीक्षा न करें, शीघ्रातिशीघ्र विड जमा करें। वेबसाइट में किसी प्रकार की असुविधा के लिये विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

अधीक्षण यंत्री
जी-16096/44801/2020 ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, शहडोल मण्डल, शहडोल

M.P. TEXTBOOK CORPORATION

"Pustak Bhawan" ARERA HILLS, BHOPAL-462011
Tel. : 0755-2551565 , Fax : 0755-2551145
E-mail : tbcho@yahoo.com

No./4475/mptbc/2020 Bhopal Dated : 04.12.2020

NOTICE INVITING APPLICATIONS FOR EMPANELMENT OF QUALITY MANAGEMENT MONITORS (PAPER, PRINTING)

M.P. Textbook Corporation, an undertaking of Government of Madhya Pradesh, invites applications for empanelment of Quality Management Monitors (paper/printing) from persons having Degree/diploma in Paper Technology or printing Technology. Details of the eligibility criteria for empanelment, duties of Quality Management Monitor (paper/printing), honorarium, travelling allowances, terms & conditions of engagement, application format and other details are available on the website **https://mptbc.mp.gov.in** Individuals interested to work as Quality Management Monitor (paper/printing) may send their applications on prescribed format by registered post so as their applications should be reach To The Managing Director of M.P. Textbook Corporation, Pustak Bhawan, Arera Hills, Bhopal or alternatively the application can be deposited at the Head office of M.P. Textbook Corporation, Bhopal, latest by 5.30 PM of 20.12.2020.

Interested persons may contact Mr. M.M. Issad, Deputy General Manager on his Mobile No. 08989989254 or 0755-2551294 for queries.

M.P. Madhyam/99115/44820/2020 **MANAGING DIRECTOR**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, BHOPAL M.P. – 462 011

NOTICE INVITING TENDER NO. 919 (PMGSY-B.W)

No. 18187/22/D-12/MPRRDA/2020 Bhopal, Dated : 01.12.2020

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.mptenders.gov.in** as detailed below :

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1.	Rajgarh	2	58102905.00
2.	Seoni	4	29173696.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **08.12.2020 17:30 hrs.** Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/99090/44818/2020 **(T & e-G)**

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड

'चयन भवन' मेन रोड नं. 1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल-462011
Phone : + 91-755-2578801-02,
E-mail : vyapam@nic.in, Website : www.peb.mp.gov.in

जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा- 2020 के आयोजन के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सूचना

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड द्वारा जेल विभाग के अंतर्गत जेल प्रहरी पदों (कार्यपालिक) के भर्ती हेतु भर्ती परीक्षा-2020 का आयोजन 20 नवम्बर से 02 दिसम्बर 2020 तक किया जाना था, किन्तु अपरिहार्य कारणों से उक्त परीक्षा स्थागित की गयी थी। अतः उक्त से संबंधित सभी अभ्यर्थियों के लिये परीक्षा का आयोजन अब **दिनांक 11.12.2020 से 24.12.2020 (17.12.2020 को छोड़कर) तक दो पालियों में** आयोजित किया जाना है। इस परीक्षा के लिए नवीन प्रवेश पत्र बोर्ड की अधिकृत वेबसाइट पर शीघ्र जारी किये जा रहे हैं।

विज्ञापन क्रमांक - 40/2020
म.प्र. माध्यम/99111/44819/2020 **संचालक**

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्या. परियोजना यंत्री, भदभदा रोड, संभाग क्र. 03 भोपाल-462003
मोबाइल : 9425601545, ई-मेल : mpphidcbpl3@gmail.com
क्र. मप्रपुआअविनि/698/पयं/भोपाल-03/तशा/2020 भोपाल, दिनांक : 04.12.2020

निविदा आमंत्रण सूचना

उन्नयन एवं नवीनीकरण कार्य शासकीय आवास खेल कूद संस्थान, जिला सीहोर हेतु निविदा क्रमांक-09/2020-21 (टेण्डर क्रमांक-2020_MPPHC_117101_1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **दिनांक 14.12.2020 सायं 5:00 बजे तक** खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/99117/44821/2020 **परियोजना यंत्री**

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग सागर, मदभदा रोड, भोपाल
क्रमांक/1520/मप्रपुह्रका/पय/सागर/20 दिनांक 28.11.2020

निविदा सूचना क्रमांक 12/2020-21

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, सागर संभाग के अंतर्गत रायसेन, टीकमगढ़, सागर एवं भोपाल जिलों में भवन निर्माण/अन्य कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय की **अंतिम तिथि 12.12.2020 तक** है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

माध्यम/99079/44815/2020 दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी। **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्रमांक-01, भदभदा रोड, भोपाल
ई-मेल : mpphc.bhopal@yahoo.com, Mob. No. : 9425601532
क्रमांक-म.प्र.पु.आ. एवं अ.वि.नि/771/पयं/भोपाल-1/तशा/2020
भोपाल, दिनांक : 01.12.2020

विज्ञप्ति

6.	2020_PWDRB_115455_1	उज्जैन-देवास	ए.आर.	बोलेरो या समकक्ष वाहन (मॉडल 2018) शासकीय निर्माणाधीन कार्यों के निरीक्षण हेतु वाहन किराये पर उपलब्ध कराना लो.नि.वि. (वि.यां.) उपसंभाग उज्जैन एवं देवास	प्रथम	2.88	कार्यालय, कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (वि./यां) संभाग उज्जैन, दि. 16.12.2020 समय, सायं 5.30 बजे तक
7.	2020_PWDRB_115456_1	शाजापुर आगर-मालवा	ए.आर.	बोलेरो या समकक्ष वाहन (मॉडल 2018) शासकीय निर्माणाधीन कार्यों के निरीक्षण हेतु वाहन किराये पर उपलब्ध कराना लो.नि.वि. (वि.यां.) उपसंभाग शाजापुर एवं आगर-मालवा	प्रथम	2.88	कार्यालय, कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (वि./यां) संभाग उज्जैन, दि. 16.12.2020 समय, सायं 5.30 बजे तक
8.	2020_PWDRB_115457_1	मंदसौर नीमच	ए.आर.	बोलेरो या समकक्ष वाहन (मॉडल 2018) शासकीय निर्माणाधीन कार्यों के निरीक्षण हेतु वाहन किराये पर उपलब्ध कराना लो.नि.वि. (वि.यां.) उपसंभाग मंदसौर एवं नीमच	प्रथम	2.88	कार्यालय, कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (वि./यां) संभाग उज्जैन, दि. 16.12.2020 समय, सायं 5.30 बजे तक
9.	2020_PWDRB_115458_1	देवास	ए.आर.	लोक निर्माण विभाग (वि.यां.) संभाग उज्जैन के (वि.यां.) उपसंभाग देवास अंतर्गत वर्ष 2020-21 के लिये गैर आवासीय भवनों में एस.आ./एम.ओ.डब्ल्यू./डिपॉजिट/मरम्मत इत्यादि झोनल के (छोटे एवं अत्यावश्यक) विद्युतीकरण कार्य (आवश्यकतानुसार उज्जैन संभाग में कहीं भी कार्य कराया जा सकता है।)	प्रथम	10.00	कार्यालय, कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (वि./यां) संभाग उज्जैन, दि. 16.12.2020 समय, सायं 5.30 बजे तक
					कुल योग	**86.32**	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम दिनांक 16.12.2020 सायं 17.30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
मूल ई.एम.डी. रिसिप्ट एवं अन्य दस्तावेज ऑनलाइन दिनांक 16.12.2020 सायं 17.30 बजे तक दर्शित कार्यालय में प्राप्त की जावेगी।

जी-16078/44799/2020 — **कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. (वि.यां.) संभाग, उज्जैन, फोन - (0734) 2561560**

कार्यालय मुख्य अभियंता

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, इंदौर परिक्षेत्र इंदौर

फोन - 0731-2541498, फैक्स : 0731-2536575

(E-mail ID cephedind@nic.in & cephedind@gmail.com)

निविदा सूचना क्रमांक - 24/2020-21 — **दिनांक 03.12.2020**

इन्दौर परिक्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न खण्डों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों की नलजल योजनाओं के क्रियान्वयन कार्य हेतु निम्नानुसार निविदा सूचना ई-टेण्डरिंग पद्धति से ई-टेण्डर पोर्टल (http://www.mptenders.gov.in/nicgep/app) पर निविदा प्रपत्र "अपेन्डिक्स-2.10" प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सिस्टम टेंडर क्रमांक	जिले/ खण्ड का नाम	विकास-खण्ड	योजनाओं/ ग्रामों की संख्या	आमंत्रण का प्रकार	कार्य की अनु. लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि रु.	निविदा विक्रय एवं जमा की जाने की अंतिम तिथि
1.	2020_PHED 116767_1	Dhar	Dhar	6 Village	Second	575.96	576000/-	**11.12.2020**
2.	2020_PHED 116768_1	Dhar	Dharm-puri	7 Village	Second	737.18	737500/-	11.12.2020
3.	2020_PHED 116769_1	Jhabua	Rama	17 Village	First	756.72	756720/-	21.12.2020
4.	2020_PHED 116772_1	Khandwa	Baldi & harsud	16 Village	Second	514.29	514290/-	11.12.2020

नोट :- 1. निविदा के अन्य विवरण की विस्तृत जानकारी **http://www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।
2. उपरोक्त निविदाओं में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनों को समाचार-पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा। उक्त संशोधन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही प्रकाशित किये जावेंगे।

जी-16126/44804/2020 — **अधीक्षण यंत्री (प्रोक्योरमेंट) लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, इंदौर परिक्षेत्र, इंदौर**

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

किसानों को सिंचाई के लिये मिलेगी दस घंटे निर्बाध बिजली

सीहोर, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सीहोर जिले के शाहगंज में किसानों से सीधा संवाद किया। नगर परिषद शाहगंज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में किसानों के हित में लगातार कार्य किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को लगातार 10 घंटे बिजली मुहैया की जाएगी। यह सप्लाई सप्ताह की पालियों में दी जाएगी। एक सप्ताह दिन में तो अगले सप्ताह रात में 10 घंटे जारी रहेगी।

श्री चौहान ने कहा कि जनता के लिये चलाई जा रही योजनाओं के लिये धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। किसानों के खातों में मुख्यमंत्री सम्मान निधि राशि जमा की जाएगी। साथ ही वृद्धों, बच्चों, महिलाओं और विद्यार्थियों के लिये संचालित सभी योजनाओं में सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। श्री चौहान ने कहा कि गुंडा, बदमाश और माफिया किसी को नहीं बख्शा जायेगा। जनता का हक मारने वाले शोषण करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही हो रही है। ऐसे लोग या तो सुधर जाएं या प्रदेश छोड़े दें। ऐसे लोगों को बख्शा नहीं जायेगा। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में स्थानीय लोगों के साथ चर्चा कर उनकी समस्यायें भी सुनीं। आवेदन भी हाथो-हाथ लिये और संबंधित आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिये।

स्वच्छता, सुंदरता, विकास और सुशासन का मॉडल बने भोपाल - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में विकास और कानून व्यवस्था पर आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण प्रदेश की राजधानी भोपाल को और अधिक निखारने के लिए एक कार्य योजना बनाकर अमल किया जाए। भोपाल स्वच्छता, सुंदरता, विकास, और सुशासन का मॉडल बनना चाहिए। अपराधिक तत्वों के विरुद्ध अभियान जारी रहे। सरकार असामाजिक तत्वों के लिए वज्र से अधिक कठोर और सज्जनों के लिए फुल सी कोमल है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल के विकास, सौंदर्यीकरण और कानून व्यवस्था के संबंध में बैठक को संबोधित करते हुये कहीं।

दो सप्ताह में बनाएं विकास का एक्शन प्लान, बढ़े शहर की सुंदरता

मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल के विकास की रणनीति दो सप्ताह में तैयार करें। ऐसा एक्शन प्लान तैयार करें जो शहर को विशेष पहचान दे। भोपाल में भरपूर प्राकृतिक सुंदरता है। स्वच्छता के क्षेत्र में इन्दौर से कहीं पीछे न हो। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए। भोपाल इस क्षेत्र में मॉडल बन जाए, ऐसे प्रयास करें। श्री चौहान ने कहा कि मेट्रो रेल से जुड़े कार्यों को तेजी से पूरा किया जाए।

कानून व्यवस्था की स्थिति मजबूत रहे, अपराधियों को बिलकुल न छोड़ें

मुख्यमंत्री ने कहा कि वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की कानून व्यवस्था की स्थिति पर नजर हो। कानून व्यवस्था की स्थिति मजबूत रहे और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करें। गैर कानूनी गतिविधियों पर पूरा अंकुश हो। कार्रवाई की जाए लेकिन यह सुनिश्चित करें की किसी की रोजी-रोटी न छिने। श्री चौहान ने कहा कि अपराधियों को दंडित करना ही एकमात्र उपाय है। अपराधियों के हौसले पस्त कर दिए जाएं।

नागरिकों को सेवाएं मिलें, सुशासन दिखाई दे

मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यालयों और लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से नागरिकों को समय पर सेवाएं मिलें। व्यवस्था में सुशासन दिखाई देना चाहिए। नागरिकों को इसका पूरा लाभ मिलना चाहिए। भोपाल राजधानी है, अतः इस क्षेत्र में भी इसे मॉडल होना चाहिए।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि गत 23 नवम्बर को उन्होंने भोपाल में लोक सेवा केंद्र, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और आवास योजनाओं का क्रियान्वयन देखने के लिए औचक निरीक्षण किया था। इस तरह के औचक और पूर्व निर्धारित भ्रमण वे पुनः करेंगे। राजधानी के अलावा अन्य नगरों, ग्रामों में भी जाएंगे। भ्रमण से नागरिक सुविधाओं की स्थिति की प्रत्यक्ष जानकारी मिलती है।

विशेष पिछड़ी जनजाति के लिये पांच कौशल विकास केंद्रों की स्थापना

भोपाल, मध्यप्रदेश में जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को स्वयं का रोज़गार स्थापित करने के लिये मुख्यमंत्री स्वरोज़गार योजना, मुख्यमंत्री आर्थिक कल्याण योजना और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना संचालित की जा रही है। इस वर्ष इन योजनाओं में 5351 हितग्राहियों को स्वरोज़गार के लिये ऋण दिलाने का कार्यक्रम तैयार किया गया है। पिछले वर्ष इन योजनाओं में 3747 प्रकरणों में करीब 92 करोड़ रुपये उपलब्ध कराया गया था।

जनजाति वर्ग के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये प्रदेश में मुख्यमंत्री कौशल संवर्धन एवं मुख्यमंत्री कौशल्या संवर्धन योजना संचालित की जा रही है। इसके अन्तर्गत पिछले वर्ष 5 हजार अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं को रोज़गारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। युवाओं के प्रशिक्षण पर 20 लाख रुपये की राशि व्यय की गई। आदिम जाति कल्याण विभाग के संस्थान मध्यप्रदेश रोज़गार एवं प्रशिक्षण संस्थान मैपसेट द्वारा जनजाति वर्ग के शिक्षित बेरोज़गार युवाओं के लिये विभिन्न तकनीकी एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में स्वरोज़गार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से 15 हजार से अधिक युवाओं को विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण दिलाया गया। प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं के प्लेसमेंट की कार्यवाही निरन्तर की जा रही है।

प्रदेश की विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, भारिया एवं सहरिया के युवाओं में कम्प्यूटर कौशल विकसित करने के लिये 5 कौशल विकास केंद्रों की स्थापना मंडला, डिंडौरी, छिंदवाड़ा, शहडोल एवं शिवपुरी में की जा रही है। प्रति केंद्र की क्षमता 100 विद्यार्थियों की होगी। इन केंद्रों की स्थापना पर 30 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा रही है।

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय सम्पूर्ण देश के लिए है गौरव

विश्वविद्यालय के विकास के लिए नहीं रहने दी जायेगी कोई कमी

भोपाल, अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय प्रदेश ही नहीं अपितु देश का एकमात्र ऐसा विश्वविद्यालय है, जहां ज्ञान-विज्ञान की समस्त विधाओं का अध्यापन और अनुसंधान मातृभाषा हिन्दी में ही होता है। यह विश्वविद्यालय मध्यप्रदेश के लिए ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण देश के लिए गौरव है। इस विश्वविद्यालय को विकसित होते देखना हमारे लिए गौरव की बात है। उक्त विचार उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्राम मुगालिया कोट, भोपाल स्थित अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय के नवनिर्मित अकादमिक भवन के लोकार्पण अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्यप्रदेश विधानसभा के सामयिक अध्यक्ष श्री रामेश्वर शर्मा द्वारा की गई।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल स्थित अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय के नवनिर्मित अकादमिक भवन का लोकार्पण करते हुये।

डॉ. यादव ने कहा कि हिन्दुस्तान का दिल मध्यप्रदेश पूरे देश में राष्ट्रभाषा हिन्दी की पहचान के लिए जाना जाता है। ऐसे में अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय का विकास होगा तो इससे समूचे देश में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में प्रदेश की पहचान बनेगी।

हिन्दी के प्रति अटल जी का योगदान अतुलनीय है। सबसे पहले उन्होंने ही संयुक्त राष्ट्र में हिन्दी में अपनी बात रखी थी। इसलिये उनके नाम से इस विश्वविद्यालय की स्थापना होने पर हम सभी को गर्व होना चाहिए। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भी राष्ट्रभाषा हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए कृत संकल्पित हैं। हमारी राष्ट्रभाषा हिन्दी में कोमलता, सरलता, स्नेह और भावनात्मक गहराई समाहित है। भारत को विकसित करने के लिए राष्ट्रभाषा हिन्दी की नितांत आवश्यकता है।

मध्यप्रदेश विधानसभा के सामयिक अध्यक्ष श्री रामेश्वर शर्मा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि चिकित्सा एवं इंजीनियरिंग सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों की पढ़ाई इस विश्वविद्यालय में हिन्दी में ही होना गर्व की बात है। हिन्दी भाषा को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाने में इस विश्वविद्यालय का अहम योगदान होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर को विकसित करने के लिए कोई कमी नहीं रहने दी जायेगी।

विश्वविद्यालय परिसर को सुंदर और हरा-भरा बनाया जायेगा। उन्होंने विश्वविद्यालय को एक बस प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सूखी सेवनिया से विश्वविद्यालय तक की सड़क टू-लेन बनाकर विकसित की जायेगी। उन्होंने परिसर में अटल बिहारी वाजपेयी की विशाल प्रतिमा लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को एक बड़ा केंद्र बनाने के लिए भरसक प्रयास किये जायेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में इस संस्थान का ऐतिहासिक योगदान होगा।

सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रभाषा हिन्दी को आगे बढ़ाने के लिए अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय का अहम योगदान होगा। हिन्दी लोकप्रिय भाषा है, विदेशियों को भी हिन्दी बोलना पसंद है। यह सहज, सरल, रसीली एवं आत्मीय भाषा है। हिन्दी का ज्ञान रखना हमारा दायित्व है। राष्ट्रभाषा से ही देश की पहचान होनी चाहिए। अपनी भाषा, धर्म एवं संस्कृति पर गर्व होने से ही हम भारत को विश्वगुरु के स्थान पर विराजमान कर सकेंगे।

वर्चुअल आदि महोत्सव–मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश की समृद्ध संस्कृति और शिल्प को दर्शाता आदि महोत्सव

नई दिल्ली, केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री श्री अर्जुन मुंडा ने आदि महोत्सव-मध्यप्रदेश के वर्चुअल संस्करण का शुभारंभ किया। एक दिसम्बर, 2020 से आरंभ हुए 10 दिवसीय उत्सव की मेजबानी वेबसाइट www.tribesindia.com पर की जा रही है। मुख्य फोकस मध्यप्रदेश के जनजातीय शिल्प और संस्कृति पर है।

इस अवसर पर श्री अर्जुन मुंडा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आदि महोत्सव-मध्यप्रदेश का वर्चुअल संस्करण जनजातीय जीवनों और आजीविकाओं के परिवर्तन में मदद करने का एक और प्रयास है। उन्होंने कहा कि आदि महोत्सव के शुभारंभ में सम्मिलित होकर तथा मध्यप्रदेश को प्रोजेक्ट करने को लेकर वे वास्तव में प्रसन्न हैं। आदि महोत्सव एक राष्ट्रीय जनजातीय त्योहार है और भारत सरकार के जनजातीय मामलों के मंत्रालय एवं जनजातीय सहकारिता विपणन विकास संघ की एक संयुक्त पहल है। यह त्योहार मध्यप्रदेश राज्य की पारम्परिक कला, हस्त-शिल्प और सांस्कृतिक विरासत को दर्शाता है। मध्यप्रदेश की जनजातीय विकास मंत्री सुश्री मीना सिंह ने अपने संबोधन में भारत सरकार के जनजातीय मामलों के मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय जनजातीय उत्सव 'आदि महोत्सव' पूरे देश में आयोजित करने को स्वागत-योग्य निरूपित किया।

ट्राइफेड के अध्यक्ष श्री रमेशचन्द मीणा ने ट्राइफेड और इसकी टीम को आदिवासी कारीगरों के लिये इस तरह का एक व्यवहार्य विकल्प उपलब्ध कराने के लिये बधाई दी और आशा व्यक्त की कि यह वर्चुअल आदि महोत्सव एक सफल आयोजन होगा।

वर्चुअल लॉन्च के मुख्य आकर्षणों में कारीगरों के कार्य-स्थल का वर्चुअल टूर एवं मध्यप्रदेश के आदिवासी नृत्य एवं संगीत की झलकियां शामिल थीं। यह आयोजन एक भिन्न प्लेटफार्म पर जनजातियों और उनकी विविध जीवन-शैली का उत्सव होगा।

मध्यप्रदेश के चार संभागीय मुख्यालयों पर आकांक्षा योजना का संचालन

भोपाल, मध्यप्रदेश के अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे- जेईई, नीट और क्लैट की तैयारी कराने के लिये प्रदेश के 4 संभागीय मुख्यालयों पर आकांक्षा योजना का संचालन किया जा रहा है। इस वर्ष इस योजना में 800 विद्यार्थियों को राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग दिये जाने का कार्यक्रम तैयार किया गया है।

प्रदेश में पिछले वर्ष राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे- जेईई, नीट और क्लैट में करीब 345 अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों का चयन देश की प्रतिष्ठित संस्थाओं आईआईटी, एनएलयूआई, मेडिकल कॉलेज और एनआईटी में हुआ था। आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा आकांक्षा योजना में इस वर्ष शत-प्रतिशत विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित संस्थाओं में प्रवेश दिलाने के लिये प्रयास किये जा रहे हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये पूरी सावधानी बरतें - मुख्यमंत्री

कोरोना संक्रमण रोकथाम के प्रयासों से प्रदेश में संक्रमण दर में कमी

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, कोरोना की रोकथाम के लिये लगातार हो रहे प्रयासों से संक्रमण की दर में कमी आयी है। ऐसे ही प्रयास सतत जारी रखने हैं। इन्दौर और भोपाल में अधिक सावधानी बरतने और ध्यान देने की जरूरत है, जहां पहले 1800 कोरोना पॉजिटिव केस प्रतिदिन रिपोर्ट हो रहे थे, वहीं अब यह संख्या 1500 प्रतिदिन से कम हुयी है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये कहीं।

श्री चौहान ने इन्दौर और भोपाल में कोरोना संक्रमण पर प्रभावी रोक लगाने के लिये अधिक सावधानी बरतने और प्रयास करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इन दो जिलों में ही कन्टेनमेंट जोन बनाये गये हैं। इन संक्रमण क्षेत्रों को निर्धारित गाइड लाइन का पालन करते हुये 14 दिन की समयावधि पूर्ण होने के पश्चात ही खोला जाये। इन क्षेत्रों के नागरिक संक्रमण से बचाव के उपायों को कड़ाई से अपनायें।

कमांड कंट्रोल सेंटर्स को सक्षम बनाएं

श्री चौहान ने निर्देश दिये कि कोरोना कमाण्ड कन्ट्रोल सेन्टर को अधिक सक्षम बनाया जाये। इसके लिये कलेक्टर्स नियमित समीक्षा करें। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुये इन सेन्टर में कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि होम आइसोलेशन में रखे गये कोरोना पॉजिटिव मरीजों के स्वास्थ्य के संबंध में सतत रूप से वीडियो काल से बात कर जानकारी ली जाये। वीडियो काल दिन में किसी भी समय किया जाये। सुनिश्चित किया जाये कि होम आइसोलेशन में रखे गये मरीज घर से बाहर नहीं जायें। आवश्यक होने पर होम आइसोलेट मरीज को तुरन्त अस्पताल पहुंचा कर इलाज किया जाये। प्रदेश में कोरोना के कुल मरीजों में 62 प्रतिशत मरीज होम आइसोलेशन में हैं।

चिकित्सकों का ध्यान रखेगी राज्य सरकार

श्री चौहान ने निर्देश दिये कि जिलों के प्रभारी अधिकारी सुनिश्चित करें कि यदि किसी जिले में कोई डॉक्टर कोरोना से संक्रमित होता है तो उसके इलाज की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। ये हमारे समाज के कोरोना योद्धा हैं। इनका राज्य सरकार पूरा ध्यान रखेगी।

सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूकता लाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को मास्क का उपयोग करने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने तथा बार-बार हाथ धोने जैसे सुरक्षा उपायों के प्रति लगातार जागरूक किया जाये। रोको-टोको अभियान के तहत नियमों का पालन नहीं करने वाले लोगों में कोरोना से कैसे बचें, क्या सावधानी बरतें आदि कोरोना से संबंधित निबंध लिखवाये जायें। ऐसे ही नवाचार अपनाकर जागरूकता बढ़ायी जाये।

श्री चौहान के निर्देश पर सागर जिला मुख्यालय विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम भेजी गयी थी। इस दल ने सागर में मृत्यु दर अधिक होने की जांच की और बताया कि वहां ऑक्सीजन के साथ वेन्टीलेटर का उपयोग कम हो रहा है। इसलिये आवश्यक होने पर वेन्टीलेटर का उपयोग करने की सलाह दी गयी है। फीवर क्लीनिक की सुविधा बढ़ाने के लिये कहा गया है। वेन्टीलेटर के उपयोग के संबंध में भोपाल के विशेषज्ञ चिकित्सकों को सागर के कोर ग्रुप में शामिल चिकित्सकों से बात करने के लिये कहा गया। श्री चौहान ने कहा हर हाल में सागर में कोरोना से मृत्यु दर को राज्य की औसत मृत्यु दर तक लाया जाये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जबलपुर, ग्वालियर, रतलाम, विदिशा और धार जिले में पूर्व की तरह सतर्कता निरंतर जारी रखी जाये।

पर्यटन विभाग

होम स्टे की बढ़ती मांग को देखते हुए नवीन योजनाएं लागू

भोपाल, कोरोना के कारण बदले वातावरण में पर्यटकों की होम स्टे के प्रति बढ़ती रुचि को देखते हुए पर्यटन विभाग द्वारा 3 नवीन योजनाओं को लागू किया गया है। बेड एंड ब्रेकफास्ट योजना, फार्म स्टे योजना और ग्राम स्टे योजना को लागू कर स्थानीय स्तर पर रोज़गार के नये अवसर भी सृजित किये गये हैं। प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थल खजुराहो, जबलपुर, पन्ना आदि में कार्यशालाएं आयोजित की जा चुकी हैं।

जिला पुरातत्व एवं पर्यटन परिषद, राज्य पर्यटन विकास निगम के सहयोग से मध्यप्रदेश टूरिज़्म बोर्ड द्वारा आयोजित कार्यशालाओं में निजी क्षेत्र के हितधारक, टूर-ट्रेवल्स एसोसिएशन, होटल एसोसिएशन के प्रतिनिधि, स्थानीय गाइड, ग्रामीण विकास, कृषि, राजस्व एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और स्थानीय स्वयंसेवी संस्थाओं ने भाग लिया। कार्यशालाओं का आयोजन और कार्य-योजना कोविड-19 की गाइडलाइन के अनुसार की जा रही है।

कार्यशाला में प्रतिभागियों को होम स्टे की परिभाषा एवं मूलभूत जानकारी, होम स्टे का संचालन, पर्यटन विभाग की होम स्टे संबंधित योजनाओं और उनके पंजीकरण के लिये आवश्यक मापदण्ड, प्रक्रिया, योजनाओं से लाभ, प्रावधानों आदि की जानकारी दी जा रही है।

मध्यप्रदेश में कोविड-19 वैक्सीन की ट्रायल प्रक्रिया शुरू

स्व-प्रेरणा से वैक्सीन लगवाने आ रहे हैं नागरिक

भोपाल, राज्य सरकार कोविड की रोकथाम के लिये भरसक प्रयास कर रही है, जिससे मध्यप्रदेश राज्य रिकवरी रेट में 16वें स्थान पर है। मध्यप्रदेश में ऑक्सीजन और बिस्तरों सहित किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। सरकार ने लगातार प्रयास कर राज्य में सुविधाओं का विस्तार किया है। इसी क्रम में अब कोविड वैक्सीन का ट्रायल भी प्रारंभ किया गया है, जिसमें आमजन की जागरूकता भी दिख रही है। ये बातें चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग ने भोपाल स्थित पीपुल्स अस्पताल में कोविड वैक्सीन की ट्रायल प्रक्रिया का जायजा लेते हुये कहीं।

इस अवसर पर श्री सारंग ने प्रक्रिया को देखा, समझा और संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने स्व-प्रेरणा से वैक्सीन लगवाने आ रहे लोगों से चर्चा की और उनकी जागरूकता की सराहना की। अभी तक पीपुल्स अस्पताल में 35 लोगों ने वैक्सीन ट्रायल के लिये रजिस्ट्रेशन करवाया है, जिन्हें वैक्सीनेशन किया जा रहा है। श्री सारंग ने बताया कि जल्द ही गांधी मेडिकल कॉलेज में भी वैक्सीनेशन का ट्रायल होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में हम जल्द ही कोविड से जंग जीतेंगे।

श्री सारंग ने अस्पताल में सैम्पल रिसीविंग रूम, काउन्सलिंग रूम, वैक्सीन रूम आदि का निरीक्षण किया। इस मौके पर डीएमई डॉ. उल्का श्रीवास्तव, वीसी पीपुल्स यूनिवर्सिटी डॉ. राजेश कपूर, डॉयरेक्टर श्री रोहित पण्डित, डॉ. आलोक कुलश्रेष्ठ और डॉ. राघवेन्द्र गुमास्था मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि भारत का पहला स्वदेशी कोविड-19 वैक्सीन COVAXIN विकसित किया गया है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद की गाइड-लाइन के अनुसार भारत बॉयोटेक द्वारा निर्मित यह वैक्सीन कोविड की रोकथाम के लिये उपयोगी रहेगी।

चार नगरीय निकायों को फायर ब्रिगेड वाहनों के लिये रुपये आवंटित

भोपाल, नगरीय निकाय दमुआ, बदनावर, मुंगावली और मझौली को फायर ब्रिगेड वाहनों के क्रय के लिये 45 लाख 31 हजार रुपये आवंटित किये गये हैं। नगरपालिका परिषद दमुआ जिला छिन्दवाड़ा को 18 लाख 75 हजार, नगरपालिका परिषद बदनावर, जिला धार को 18 लाख 75 हजार, नगर परिषद मझौली, जिला सीधी को 7 लाख 31 हजार, नगर परिषद मुंगावली, जिला अशोकनगर को 50 हजार रुपये आवंटित किये गये हैं।

बजट के उपयोग में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त - कृषि मंत्री

भोपाल, किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने विभागीय समीक्षा करते हुए बजट का शीघ्र समुचित उपयोग करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि बजट के उपयोग में लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। बैठक में केंद्र प्रवर्तित एवं राज्य पोषित योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। योजनाओं के सुचारु संचालन के लिये वास्तविक बजट की आवश्यकता एवं बजट के पुनर्विनियोजन के लिये 3 दिनों में प्रस्ताव तैयार कर वित्त विभाग को भेजने के निर्देश दिए।

श्री पटेल ने बैठक में कृषक हितग्राही-मूलक योजनाओं का बजट 30 जनवरी तक शत-प्रतिशत व्यय किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संचालित 47 कृषि प्रक्षेत्रों को लाभ में लाने के लिये कार्य योजना एक सप्ताह में प्रस्तुत करें। श्री पटेल ने कहा कि वर्ष 2021-22 में कृषि प्रक्षेत्रों को मॉडल कृषि प्रक्षेत्र बनाया जाये। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ कृषकों को दिलाये जाने के लिये लगातार मूल्यांकन एवं सतत निगरानी रखी जाये। उन्होंने 500 मीट्रिक टन गोदाम निर्माण इकाईयों की स्थापना 15 फरवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिये।

श्री पटेल ने निर्देशित किया कि कृषक हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाने के लिये सतत निगरानी रखी जाए। कमल सुविधा केंद्र में प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित समाधान करें, जिससे किसानों में विभाग के प्रति विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो। श्री पटेल ने 30 दिवस से अधिक की लंबित शिकायतों की समीक्षा प्रत्येक सोमवार को किये जाने के निर्देश संचालक कृषि को दिये गये।

श्री पटेल ने योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही न करने तथा कृषकों को समय पर गुणवत्तापूर्ण कृषि आदान उपलब्ध कराने के निर्देश विभागाध्यक्ष को दिये।

दंडित बंदियों की सजा एक माह कम होगी - गृह मंत्री

भोपाल, मुसीबत का आना पार्ट ऑफ लाइफ है और मुसीबत से बाहर आ जाना आर्ट ऑफ लाइफ है। जेलों में बंद दंडित बंदियों की सजा में एक माह की कमी की जाकर उन्हें 30 दिन पहले रिहा किया जायेगा। गृह एवं जेल मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने ये बातें कोरोना वॉरियर्स जेलकर्मियों के लिये आयोजित सम्मान समारोह में सेंट्रल जेल भोपाल में कहीं। इस अवसर पर उच्च सुरक्षा इकाई के लिए 3 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित आवासीय परिसर का लोकार्पण भी सेंट्रल जेल में किया गया।

डॉ. मिश्रा ने कहा कि सेंट्रल जेल भोपाल के सांस्कृतिक भवन का सभागार अब जेल प्रहरी स्व. रमाकांत यादव सभागार के नाम से जाना जायेगा। उन्होंने छिंदवाड़ा के डिप्टी जेलर श्री राजकुमार त्रिपाठी के कोरोना से दिवंगत होने पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रीति त्रिपाठी को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने के निर्देश दिये। डॉ. मिश्रा ने कहा कि पुलिसकर्मियों की तरह ही जेलकर्मियों के लिये भी सम्पूर्ण प्रदेश में सर्वसुविधा-युक्त आवासगृहों का निर्माण किया जायेगा। डॉ. मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि आगामी 11 दिसंबर से 24 दिसंबर तक प्रदेश में जेल विभाग के 282 पदों की पूर्ति के लिये परीक्षा आयोजित की जायेगी।

गृह एवं जेल मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा सम्मान समारोह में जेलकर्मियों को सम्मानित करते हुये।

उन्होंने कोरोना वॉरियर्स को सम्मानित करते हुए कहा कि आपने अपनी कर्तव्यनिष्ठा और सेवा-परायण से अन्यों को भी महामारी से उबरने में सहायता प्रदान की है। मेडल नाम का होता है पर संतोष काम का होता है। आपके द्वारा जो कार्य किया गया है, वह आपको जीवन-भर परोपकार करने का संतोष प्रदान करता रहेगा।

डॉ. मिश्रा ने जेल विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि कोरोना की महामारी के दौरान प्रदेश के 45 हजार से अधिक बंदियों का बेहतर प्रबंधन करते हुए एक भी कोरोना पीड़ित का काल-कवलित नहीं होना जेल विभाग की बेहतर कार्यप्रणाली को प्रदर्शित करता है।

चिकित्सा शिक्षा एवं गैस राहत व पुनर्वास मंत्री श्री विश्वास सारंग ने कहा कि जेलों में चिकित्सकों की कमी शीघ्र पूरी करने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कोरोना वॉरियर्स की प्रशंसा करते हुए कहा कि जेलकर्मियों ने कोरोना संक्रमण से बंदियों के बचाव के लिये उत्कृष्ट कार्य किया है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

सीहोर, नसरुल्लागंज, शाहगंज और बुदनी को बनाया जायेगा आदर्श शहर

सीहोर, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नसरुल्लागंज में सीहोर जिले के विकास और निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुये अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सीहोर, शाहगंज, बुदनी और नसरुल्लागंज को आदर्श शहर बनाने के लिए रोडमैप बनाकर अमल प्रारम्भ करें। पॉलिटेक्निक कॉलेज में सम्पन्न समीक्षा बैठक में लोक निर्माण विभाग संभाग सीहोर एवं बुदनी, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा, ऊर्जा विभाग द्वारा विशेषतः बुदनी विधानसभा क्षेत्र में किए जा रहे निर्माण कार्यों पर चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि क्षेत्र की सभी सड़कों के स्तर को जांचा जाए एवं मजबूतीकरण तथा चौड़ीकरण आदि कार्यों का मास्टर प्लान तैयार करें। जिन सड़कों की हालत ज्यादा खराब है उनको शीघ्र ही ठीक करवाएं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता मंजूर नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बुदनी, रेहटी, नसरुल्लागंज और शाहगंज को 'आदर्श शहर' के रूप में विकसित करने की बात अधिकारियों से कही। उन्होंने नगरीय प्रशासन विभाग के उच्च अधिकारियों को 15 दिन के भीतर एक मास्टर प्लान तैयार करने के लिए निर्देशित किया, जिसमें विकास के सभी आयामों पेयजल, बिजली एवं सड़क पर कार्य किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी कार्यों की गुणवत्ता पर अधिकारियों को विशेष ध्यान देना है।

उन्होंने संभाग आयुक्त श्री कवीन्द्र कियावत को निर्देशित किया कि जिले में जल्द से जल्द सर्वे कराएं और पेयजल से वंचित घरों का चिन्हांकन कर सभी को पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि स्व-सहायता समूहों को उचित प्रशिक्षण देकर अधिक मजबूत एवं आत्मनिर्भर बनाएं। इसी प्रकार आईटीआई से ट्रेनिंग प्राप्त युवाओं को जिले में ही रोज़गार उपलब्ध कराने का प्रयास करें। उन्होंने बुदनी पुल निर्माण एजेंसी की जांच करवाने के निर्देश संबंधितों को दिए। साथ ही घाटों की मरम्मत एवं नए घाटों के निर्माण कार्यों की समीक्षा करने के निर्देश दिए।

रेरा में पहली लोक अदालत 12 दिसम्बर को होगी आयोजित

भोपाल, मध्यप्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) में पहली लोक अदालत 12 दिसम्बर 2020 को प्रातः 11 बजे से रेरा भवन में आयोजित की जा रही है। प्रभारी रेरा अध्यक्ष तथा सदस्य न्यायिक श्री दिनेश कुमार नायक ने बताया कि रेरा की प्रस्तावित लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन के लिये तीन खण्डपीठ की स्थापना की गई है। लोक अदालत के आयोजन से पूर्व अनावेदकों के अधिवक्ताओं तथा सी.ए. से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से चर्चा भी की जायेगी। सचिव/मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री दिलीप कुमार कापसे को लोक अदालत के आयोजन का को-ऑर्डीनेटर बनाने के साथ ही अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के अनुसार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देश पर यह लोक अदालत लगायी जा रही है।

खण्डपीठ की स्थापना तथा प्रभारी की नियुक्ति

रेरा प्राधिकरण में आयोजित लोक अदालत में प्रकरणों के निपटारे के लिये गठित खण्डपीठ क्रमांक-1 के अध्यक्ष तकनीकी सदस्य श्री अनिरुद्ध डी. कपाले को बनाया गया है। विधिक सलाहकार श्री आर.के. जोशी सदस्य होंगे। खण्डपीठ क्रमांक-2 के अध्यक्ष न्यायनिर्णायक अधिकारी श्री वी.के. दुबे तथा अधिवक्ता सुश्री जूही रघुवंशी सदस्य होंगी। इसी प्रकार खण्डपीठ क्रमांक-3 के निष्पादन अधिकारी श्री डी.एन. शुक्ला तथा सदस्य श्री जे.एम. चतुर्वेदी को बनाया गया है।

भोपाल गैस त्रासदी की बरसी

कल्याणी बहनों की पेंशन फिर की जायेगी प्रारंभ - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल गैस त्रासदी की 36वीं बरसी पर आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा को संबोधित करते हुये।

भोपाल, गैस त्रासदी की घटना में विधवा हो गईं प्रत्येक कल्याणी बहन को एक-एक हजार रुपये की मासिक पेंशन पुनः प्रारंभ की जाएगी। यह पेंशन नियमित रूप से कल्याणी महिलाओं को मिलती थी। वर्ष 2019 में यह पेंशन बंद कर दी गई थी, जिसे फिर से प्रारंभ किया जाएगा। राजधानी में गैस त्रासदी से संबंधित एक विशिष्ट स्मारक भी होना चाहिए। शीघ्र ही यह प्रकाश स्तम्भ स्मारक बनाया जाएगा, जो प्रेरणा का कार्य करेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल गैस त्रासदी की 36वीं बरसी पर भोपाल के बरकतउल्ला भवन में आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल गैस त्रासदी से प्रभावित लोगों के समक्ष स्वास्थ्य की गंभीर चुनौतियां खड़ी हो गई थीं। इनको प्राथमिकता से उपचार की पूरी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। कोरोना काल के संकट को देखते हुए ऐसे रोगियों के उपचार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यही नहीं स्वच्छ नर्मदा जल भी पुराने और नए भोपाल के नागरिकों को मिल रहा है। गैस त्रासदी से संबंधित कचरा निपटान की व्यवस्थाएं की गई हैं। इन्हें और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें विकास का ऐसा मॉडल बनाना है जो मानव-हितैषी हो।

श्री चौहान ने कहा कि इंसान ने अपने सुख की खातिर मानवता को संकट में डाला। बिगड़ता पर्यावरण विनाश का कारण बनता है। परमाणु बम से जहां निर्दोष नागरिक मारे जाते हैं, वहीं कीटनाशकों के निर्माण के भी भयावह परिणाम देखने को मिलते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह धरती सभी के लिए बनी है। मनुष्यों के साथ पशु-पक्षी, कीट-पतंगे, नदी-समुद्र, पेड़-पौधे सभी धरा के हिस्से हैं। मुख्यमंत्री ने वर्ष 1984 में हुई भोपाल गैस त्रासदी के दुष्प्रभावों का जिक्र करते हुए बताया कि सड़कों पर बदहवास दौड़ रहे लोग तेज सांस चलने के कारण जहरीली गैस से मौत के आगोश में समा गए थे। श्री चौहान ने कहा कि मैं अनेक नागरिकों के साथ-साथ पशुओं की दर्दनाक मृत्यु का साक्षी भी रहा हूँ। वास्तव में वे सभी घटनाएं हृदय विदारक और जीवन की दुःखद पीड़ा बन गई हैं।

गैस त्रासदी की बरसी पर आयोजित प्रार्थना सभा में विभिन्न धर्मों के गुरुओं ने पवित्र ग्रंथों के चयनित अंशों का पाठ करते हुए मानव-कल्याण की कामना की। सनातन धर्म की ओर से पंडित रमेश त्रिपाठी, इस्लाम धर्म की ओर से काजी सैयद मुश्ताक अली, सिख समाज के धर्म गुरु श्री ज्ञानी गुरुभेज सिंह, क्रिश्चियन धर्म की ओर से मारिया स्टीफन, जैन धर्म की ओर से श्री वीर कुमार, बौद्ध धर्म की ओर से शाक्यपुत्र सागर भंते, बोहरा समाज की ओर से शेख शकीर ने मानव-कल्याण के लिए प्रार्थना की।

लोक निर्माण विभाग के नवीन एसओआर से कार्यों की गुणवत्ता होगी नियंत्रित

भोपाल, लोक निर्माण मंत्री श्री गोपाल भार्गव ने लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क/पुल तथा भवन कार्यों के लिये बनाये गये नवीन एसओआर के विमोचन अवसर पर कहा कि लोक निर्माण विभाग में नवीन एसओआर (दर अनुसूची) लागू हो जाने के बाद निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समय की बचत होगी। उन्होंने कहा कि इस एसओआर में आधुनिक नवीन तकनीकी आयटमों को समाहित किये जाने से शासकीय निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में सुधार होगा।

श्री भार्गव ने कहा कि निर्माण गतिविधियों में आई अनेक आधुनिक तकनीकों के बाद उनका समावेश आसानी से शासकीय निर्माण कार्यों में हो सके, इसके लिये एसओआर दरों में संशोधन की मांग लम्बे समय से की जा रही थी। इससे पूर्व अगस्त-2014 में एसओआर का निर्धारण किया गया था। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में लोक निर्माण सहित अन्य विभागों के निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण और समय की मांग अनुसार किये जा सकेंगे।

प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग श्री नीरज मण्डलोई ने बताया कि वर्ष 2014 के बाद विभाग द्वारा एसओआर में परिवर्तन किये गये हैं, जिन्हें आधुनिक तकनीक और समय की मांग के अनुसार बनाया गया है। उन्होंने कहा कि सिविल एवं इलेक्ट्रिकल कार्यों के समस्त आयटम में केंद्रीय लोक निर्माण विभाग स्पेसीफिकेशन्स, नेशनल

लोक निर्माण मंत्री श्री गोपाल भार्गव भोपाल में नवीन एसओआर का विमोचन करते हुये।

बिल्डिंग कोड, ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिसियंसी तथा इण्डियन स्टैण्डर्ड (IS) का पालन किया गया है। इसके अतिरिक्त ऐसे आयटम, जिनके संबंध में मानक मापदण्ड उपलब्ध नहीं हैं, इण्डस्ट्री बेस्ट प्रेक्टिसेस के आधार पर मापदण्ड निर्धारित किये गये हैं।

सिविल कार्यों के एसओआर में मुख्यतः एन्टीबैक्टीरियल फ्लोरिंग, एन्टीमाइक्रोबियल फॉल्स सीलिंग, प्रिकास्ट वाउण्ड्रीवॉल, वॉटर प्रूफिंग के लिये क्रिस्टीलाइन एडमिक्सर, एचडीपीई मेम्ब्रेन, पॉलीयूरिथेन कोटिंग, मॉड्यूलर एक्सपोज्ड ब्रिक वर्क, जीआई शीट्स से निर्मित छतों के थर्मल इंसुलेशन इत्यादि आयटम्स का समावेश किया गया है। इसके अतिरिक्त निर्माण के दौरान कार्यरत श्रमिकों की सुरक्षा के लिये इस्केफोल्डिंग नेट का आयटम भी सम्मिलित किया गया है। ग्रीन बिल्डिंग तथा सीवेज ट्रीटमेंट के आयटम भी सम्मिलित हैं। इसी प्रकार इलेक्ट्रिकल वर्क में फायर रिटार्डेट लो स्मोक वायर एवं केबयूट, सेनेट्री नेपकिन इंसीनिरेटर, कॉपेक्ट ट्रांसफार्मर सब स्टेशन, मेडिकल गैस पाइप-लाइन सिस्टम, फसॉड लाइटिंग, एचवीएसी सिस्टम एवं नॉन मेटेलिक ट्यूबर पोल को भी समाहित किया गया है।

प्रमुख सचिव श्री मण्डलोई ने बताया कि यह एसओआर मध्यप्रदेश शासन के अन्य विभागों, उपक्रमों के उपयोग के लिये लोक निर्माण विभाग की वेबसाइट mppwd.gov.in पर निःशुल्क उपलब्ध रहेगी।

जबलपुर संभाग

छह जिलों के लिए 56 करोड़ रुपये की 68 जल संरचनायें मंजूर

भोपाल, राष्ट्रीय जल-जीवन मिशन के अन्तर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्रामीण आबादी को घरेलू नल-कनेक्शन से पेयजल की आपूर्ति किए जाने के लिए जल-संरचनाओं की स्थापना एवं विस्तार के कार्य किए जा रहे हैं। इसी के अन्तर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जबलपुर संभाग के छह जिलों क्रमशः कटनी, मंडला, डिण्डोरी, छिन्दवाड़ा, बालाघाट तथा सिवनी में 68 ग्रामीण नल-जल प्रदाय योजनाओं के लिए 56 करोड़, 48 लाख 78 हजार रुपये की मंजूरी दी गई है।

जबलपुर संभाग के कटनी जिले की 7, मण्डला जिले की 3, डिण्डोरी जिले की 17, छिन्दवाड़ा जिले की 29, बालाघाट जिले की 11 तथा सिवनी जिले की 1 जलसंरचनायें शामिल हैं। इन जिलों के लिए नवीन योजनाओं के साथ ही विभिन्न ग्रामों में पूर्व से निर्मित पेयजल अधोसंरचनाओं को नये सिरे से तैयार कर रेट्रोफिटिंग के अन्तर्गत कार्य किया जा रहा है।

राष्ट्रीय जल जीवन मिशन का उद्देश्य मध्यप्रदेश के समग्र ग्रामीण अंचल में पेयजल उपलब्ध करवाना है। ग्रामीणजनों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए जरूरी है कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण पेयजल की आपूर्ति हो। ग्रामीण आबादी को घर बैठे ही पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए जहां जलस्रोत हैं, वहां उनका समुचित उपयोग कर आसपास के ग्रामीण रहवासियों को पेयजल प्रदाय किया जायेगा।

स्थानीय स्तर पर युवाओं का कौशल विकास कर रोज़गार का अवसर दें

सतना, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री श्री रामखेलावन पटेल ने सतना जिले के अमरपाटन में रोज़गार मेले में कहा कि स्थानीय स्तर पर युवाओं का कौशल विकास कर रोज़गार के अधिक से अधिक अवसर देने के प्रयास किये जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि डेयरी सेक्टर में रोज़गार के अच्छे अवसर हैं। इस दिशा में ठोस प्रयास करने की जरूरत है। रोज़गार मेले का आयोजन मध्यप्रदेश डे- राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा किया गया था।

रोज़गार मेले में 604 बेरोज़गार युवाओं का साक्षात्कार करते हुए जॉब आफर किया गया। रोज़गार मेले में 1042 बेरोज़गार युवाओं को उनकी शैक्षणिक योग्यता को ध्यान में रखते हुए काउंसलिंग की गई।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

डॉक्टर गौरव शर्मा

न्यूजीलैंड के युवा सांसद ने संस्कृत में ली शपथ

न्यूजीलैंड की संसद के लिये चुने गये भारतीय मूल के सांसद डॉक्टर गौरव शर्मा ने संस्कृत में शपथ ली है। पश्चिमी हैमिल्टन से चुने गये डॉक्टर गौरव मूल रूप से हिमाचल के रहने वाले हैं। संस्कृत के साथ उन्होंने स्थानीय मौरी में भी शपथ ली है। 33 वर्षीय डॉक्टर शर्मा ने हमीरपुर, धर्मशाला, शिमला और न्यूजीलैंड में शिक्षा प्राप्त की है। वर्ष 1996 में गौरव के पिता हिमाचल से परिवार के साथ न्यूजीलैंड चले गये थे।

फिल्म 'जल्लीकट्टू'

ऑस्कर अवॉर्ड में भारत की आधिकारिक एंट्री होगी

भारत ने मलयालम फिल्म 'जल्लीकट्टू' को 93वें एकेडमी अवॉर्ड्स के लिये आधिकारिक एंट्री घोषित किया है। ऑस्कर अवॉर्ड्स 25 अप्रैल 2021 को लॉस एंजिलिस में दिये जायेंगे। फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया ने गुलाबो-सिताबो, छलांग जैसी कई फिल्मों में से डायरेक्टर लिजो जोस पेलीसरी की जल्लीकट्टू को फॉरेन लैंग्वेज कैटेगरी के लिये चुना है।

प्रधानमंत्री शेख हसीना के

निजी जिंदगी के नये पहलू चित्रों में दिखे

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की निजी जिंदगी के

दो अलग पहलू बताते फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। एक फोटो में प्रधानमंत्री हसीना पारंपरिक बंगाली पहनावे में सिलाई मशीन पर काम कर रही हैं। दूसरे फोटो में वे फिश को देख रही हैं जिसे उन्होंने झील से पकड़ा है। ज्ञात रहे कि हाल ही में उन्होंने बताया था कि कोरोना महामारी के बीच वे अपने दैनिक दिनचर्या के काम करने के लिये समय निकाल पा रहीं हैं।

माय ऑक्टोपस टीचर

ग्लोबल फिल्म अवॉर्ड से हुई सम्मानित

प्रकृति के संपर्क में रहने के महत्व को रेखांकित करने

वाली वृत्तचित्र 'माई ऑक्टोपस टीचर' ने नौवे ग्लोबल सस्टेनेबिलिटी फिल्म पुरस्कार में संस्थापक पुरस्कार जीता है। पिप्पा एहरलिच और जेम्स रीड द्वारा निर्देशित इस फिल्म में उन अनुभवों को दर्शाया गया है जिसे फिल्मकार और गोताखोर क्रैग फोस्टर ने तैराकी के दौरान ऑक्टोपस के साथ गुजारे एक साल के दौरान हासिल किये थे। यह अवॉर्ड हर साल ऐसी फिल्म को मिलता है जो पर्यावरण के मुद्दों को उठाती हो। इस बार 17 देशों से 100 फिल्में इस दौड़ में शामिल हुई थीं।

क्रिसमस की तैयारी

युद्ध से उबरे बगदाद में बजीं चर्च की घंटियां

लंबे समय तक युद्ध से घिरे रहे बगदाद में अब चर्च की

घंटियां सुनाई देने लगी हैं। यहां आने वाले क्रिसमस की तैयारियां हो रही हैं और इराक में बचे हुये जितने भी कैथोलिक हैं, उनके चेहरे पर मुस्कान है। बगदाद के सेंट जोसफ कैलडेन कैथेड्रल में प्रार्थना शुरू हो गई है। ज्ञात रहे कि सालों तक युद्ध की भेंट चढ़े इस शहर में अब कुछ ही ईसाई बचे हैं। साल 2003 से 2010 के बीच बगदाद से काफी ईसाई देश छोड़कर जा चुके हैं।

यूएई में

कोरोना रोकने फुल प्रूफ फेस रिकग्निशन सिस्टम का इस्तेमाल

यूएई में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के फुल प्रूफ फेस रिकग्निशन

सिस्टम से लोगों की जांच की जा रही है। ताकि कोरोना संक्रमितों की पहचान की जा सके। इसके तहत यूएई सरकार ने दुबई पुलिस और सुरक्षा बलों को चश्मे में फिट होने वाले स्पेशल गैजेट्स दिये हैं। इनमें खास तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। इस तकनीक से किसी भी व्यक्ति को देखकर उसके तापमान का पता चल जाता है।

काइली मूर गिलबर्ट

ईरान की जेल में बंद ऑस्ट्रेलिया की शिक्षाविद रिहा

ईरान ने जासूसी के आरोप में गिरफ्तार की गई

ऑस्ट्रेलिया की शिक्षाविद काइली मूर गिलबर्ट को रिहा कर दिया है। रिहाई ऑस्ट्रेलिया के राजनयिक प्रयासों और ऑस्ट्रेलिया में रोके गये ईरान के तीन नागरिकों को छोड़े जाने के बदले में की गई है। मूर गिलबर्ट ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न यूनिवर्सिटी में पश्चिम एशिया अध्ययन विभाग में लेक्चरर हैं। उन्हें तेहरान एयरपोर्ट से उस समय गिरफ्तार किया गया था, जब वह शिक्षा संबंधी एक कॉन्फ्रेंस में भाग लेकर ऑस्ट्रेलिया लौट रहीं थीं।

मिस्र में

रोबोट से कोरोना जांच, मास्क न पहनने पर चेतावनी शुरू

मिस्र में ऐसा रोबोट तैयार किया गया है, जो कोरोना की

जांच कर सकता है। यह मास्क नहीं पहनने वालों को चेतावनी भी देता है। कोविड टेस्ट के अलावा यह इकोकार्डियोग्राम (ECG), ब्लड टेस्ट और एक्स-रे भी करता है। जांच के परिणाम रोबोट के सीने पर लगी स्क्रीन पर भी देख सकते हैं। इसे उत्तरी काहिरा के एक निजी अस्पताल में तैनात किया गया है। इसका नाम सीरा-03 है। इसे महमूद अल-कौमी ने बनाया है।

ट्री लाइटिंग सेरेमनी के लिए

11 टन वजनी, 75 फीट ऊंचा क्रिसमस ट्री मैनहट्टन पहुंचा

अमेरिका के मैनहट्टन स्थित रॉकफेलर सेंटर में हुये ट्री

लाइटिंग सेरेमनी के लिये क्रिसमस ट्री पहुंचाया गया। यह 11 टन वजनी और 75 फीट ऊंचा है, इसे ऑरलैंडो से लाया गया है। इसमें 50 हजार एलईडी लाइट्स और 3 स्वारोवस्की क्रिस्टल स्टर से सजाया गया।

आर्सीबो ऑब्जरवेट्री में

अंतरिक्ष में नजर रखने वाला दुनिया का सबसे बड़ा एंटीना टूटा

अंतरिक्ष से धरती की ओर आने वाले खतरों की

जानकारी देने वाला दुनिया का सबसे बड़ा एंटीना टूट गया है। इससे दुनिया के लगभग 250 वैज्ञानिक अंतरिक्ष पर नजर रखते हैं। वैज्ञानिकों को चिंता है कि अब धरती की तरफ अंतरिक्ष से आने वाले खतरों की जानकारी कौन देगा? यह एंटीना प्यूर्टो रिको के आर्सीबो ऑब्जरवेट्री में लगा है। इसका गोलाकार व्यास 1007 फीट का है। इसमें 40 हजार एल्यूमिनियम के पैनल्स लगे हैं।

सद्दाम अल-किलानी

मिस्र के स्कूबा डाइवर ने बनाया नया रिकॉर्ड

मिस्र के स्कूबा डाइवर सद्दाम अल-किलानी ने नया विश्व

रिकॉर्ड बनाने के लिये 145 घंटे से अधिक समय पानी के अंदर बिताया। इससे पहले 2016 में चेम करावे ने पानी में 142 घंटे, 42 मिनट और 42 सेकंड (तकरीबन 6 दिन) बिताकर सबसे लंबे समय तक सॉल्टवॉटर स्कूबा डाइव (पुरुष) का रिकॉर्ड बनाया था। सद्दाम के मुताबिक उन्होंने डोहान कोस्ट के लाल सागर में 6 दिन पानी के अंदर बिताकर यह कारनामा किया।

कन्जर्वेशन पार्क

दुनिया का सबसे बड़ा पार्क दक्षिण अफ्रीका में बनेगा

दुनिया का सबसे बड़ा कन्जर्वेशन पार्क दक्षिण अफ्रीका

के दूसरे बड़े प्रांत क्वाजुलु नटल में बनेगा। इसमें दुनियाभर के जानवरों की हर प्रजाति संरक्षित की जायेंगी। पार्क निर्माण में 5 बिलियन पाउंड यानि करीब 50 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे, जो क्राउड फंडिंग से जुटाये जायेंगे। जानकारी के अनुसार ब्रिटिश आंत्रप्रेन्योर रिचर्ड प्रिंसलो कर्सन ने इस प्रोजेक्ट की घोषणा की है। 100 वर्ग किलोमीटर (24,710 एकड़) में बनने वाला यह पार्क जुरासिक वर्ल्ड पार्क की स्टाइल पर होगा।

आदित्य चौधरी

राष्ट्रमंडल निबंध प्रतियोगिता में बने विजेता

सिंगापुर में रहने वाले भारतीय मूल के 14 वर्षीय छात्र

आदित्य चौधरी ब्रिटेन की महारानी द्वारा अयोजित राष्ट्रमंडल निबंध प्रतियोगिता 2020 में वरिष्ठ वर्ग में विजेता बन गये हैं। यह दुनिया की सबसे पुरानी स्कूली लेखन प्रतियोगिता है। रॉयल कॉमनवेल्थ सोसाइटी द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में आदित्य चौधरी को उनके 'वॉयसेज फ्रॉम द ग्लू वर्ल्ड' शीर्षक वाले निबंध के लिये विजेता घोषित किया गया।

रघुनाथ चंदोरकर

सौवां जन्मदिन मनाने वाले तीसरे क्रिकेटर बने

पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर रघुनाथ चंदोरकर ने हाल ही में

100वां जन्मदिन मनाया। जन्मदिन का शतक पूरा करने वाले चंदोरकर तीसरे भारतीय क्रिकेटर बन गये हैं। चंदोरकर ने सात प्रथम श्रेणी मैच खेले थे, उन्होंने 1993-44, 1946-47, 1950-51 में क्रमशः महाराष्ट्र और बॉम्बे का प्रतिनिधित्व किया था। इनसे पहले प्रोफेसर डीबी देवधर और वसंत रायजी ने भी 100वां जन्मदिन मनाया था।

स्मृति शेष

असम के पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई का निधन

असम के पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई का 86 वर्ष

की उम्र में निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार थे। असम सरकार ने दिवंगत नेता के सम्मान में तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की थी।

अमेरिका में प्रख्यात भारतवंशी डॉक्टर अजय लोढ़ा का निधन

अमेरिका में भारतवंशी प्रख्यात चिकित्सक डॉक्टर

अजय लोढ़ा का कोरोना संक्रमण के बाद निधन हो गया। भारतीय समुदाय में प्रतिष्ठित डॉक्टर लोढ़ा अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडियन ओरिजिन के अध्यक्ष रह चुके हैं।

टीसीएस के संस्थापक एफ.सी. कोहली का निधन

भारतीय सॉफ्टवेयर उद्योग के पितामह कहे जाने

वाले और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के पहले सीईओ फकीर चंद कोहली का 96 साल की उम्र में निधन हो गया। वर्ष 2002 में उन्हें पद्मभूषण से सम्मानित किया गया था।

सूडान के पूर्व प्रधानमंत्री सादिक अल महदी का निधन

सूडान के पूर्व प्रधानमंत्री सादिक अल महदी का

84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। सूडान की मीडिया के अनुसार नवम्बर की शुरुआत में वे कोरोना से पीड़ित हो गये थे। वह 1966-1967 और फिर 1986 से 89 तक सूडान के प्रधानमंत्री रहे थे।

महात्मा गांधी के प्रपौत्र का कोरोना से दक्षिण अफ्रीका में निधन

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रपौत्र सतीश धूपेलिया

का दक्षिण अफ्रीका में कोरोना की चपेट में आने से 66 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे पिछले एक माह से अस्पताल में भर्ती थे। उन्हें निमोनिया हो गया था। निमोनिया के इलाज के लिये उन्हें भर्ती कराया गया था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

ईर्ष्या, लोभ, क्रोध एवं कठोर वचन–इन चारों से सदा बचते रहना ही वस्तुतः धर्म है – तिरुवल्लुवर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, खण्ड खुरई जिला सागर (म.प्र.)

दूरभाष क्रमांक : (07581) 240050, Email-eephedkhurai@gmail.com

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों की निविदायें ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर खुरई जिला सागर के विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत आर.सी.सी. ओवरहेड टैंक, पाइप लाइन, घरेलु नल कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन एवं अन्य सहायक कार्यों हेतु निविदायें निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं :-

स. क्र.	निविदा क्र. एवं दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकासखण्ड	ग्राम का नाम	निविदा की कुल लागत (लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
1.	181/ 01.12.2020	2020_PHED_116513_1	जैसीनगर	वीरपुरा खुर्द	24.27 Lacs	50000/-	5000/-	03 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
2.	182/ 01.12.2020	2020_PHED_116493_1	जैसीनगर	अमोदा	26.64 Lacs	50000/-	5000/-	03 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
3.	183/ 01.12.2020	2020_PHED_116494_1	जैसीनगर	जमुनिया धोपी	26.16 Lacs	50000/-	5000/-	03 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
4.	184/ 01.12.2020	2020_PHED_116495_1	जैसीनगर	गोंदना	28.40 Lacs	50000/-	5000/-	03 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
5.	185/ 01.12.2020	2020_PHED_116496_1	जैसीनगर	सहजपुरी खुर्द	24.19 Lacs	50000/-	5000/-	03 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
6.	186/ 01.12.2020	2020_PHED_116497_1	खुरई	बुधोन	24.04 Lacs	50000/-	5000/-	03 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
7.	187/ 01.12.2020	2020_PHED_116498_1	खुरई	सतनाई	27.92 Lacs	50000/-	5000/-	03 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
8.	188/ 01.12.2020	2020_PHED_116499_1	बीना	किरोंद	31.70 Lacs	50000/-	5000/-	03 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
9.	189/ 01.12.2020	2020_PHED_116385_1	बीना	सिरोंजीपुर	36.59 Lacs	50000/-	5000/-	04 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
10.	190/ 01.12.2020	2020_PHED_116386_1	बीना	विल्धई बुजुर्ग	36.84 Lacs	50000/-	5000/-	04 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
11.	191/ 01.12.2020	2020_PHED_116387_1	मालथौन	बमनोरा	33.44 Lacs	50000/-	5000/-	04 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
12.	192/ 01.12.2020	2020_PHED_116388_1	बीना	गढ़ौली	35.95 Lacs	50000/-	5000/-	04 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
13.	193/ 01.12.2020	2020_PHED_116389_1	बीना	धमना	37.83 Lacs	50000/-	5000/-	04 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
14.	194/ 01.12.2020	2020_PHED_116390_1	बीना	पंडव	37.85 Lacs	50000/-	5000/-	04 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
15.	195/ 01.12.2020	2020_PHED_116391_1	बीना	रामसागर	39.03 Lacs	50000/-	5000/-	04 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
16.	196/ 01.12.2020	2020_PHED_116392_1	मालथौन	हडुवा	33.30 Lacs	50000/-	5000/-	04 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
17.	197/ 01.12.2020	2020_PHED_116393_1	मालथौन	गीधा	32.58 Lacs	50000/-	5000/-	04 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
18.	198/ 01.12.2020	2020_PHED_116394_1	मालथौन	अमरी रमगढा	34.46 Lacs	50000/-	5000/-	04 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
19.	199/ 01.12.2020	2020_PHED_116395_1	जैसीनगर	जैरा	46.74 Lacs	50000/-	5000/-	04 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
20.	200/ 01.12.2020	2020_PHED_116396_1	मालथौन	मांदरी	44.16 Lacs	50000/-	5000/-	04 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
21.	201/ 01.12.2020	2020_PHED_116397_1	राहतगढ़	चंद्रापुर	47.36 Lacs	50000/-	5000/-	04 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
22.	202/ 01.12.2020	2020_PHED_116398_1	मालथौन	बेसरा	41.21 Lacs	50000/-	5000/-	04 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
23.	203/ 01.12.2020	2020_PHED_116399_1	खुरई	भीलोन	47.59 Lacs	50000/-	5000/-	04 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
24.	204/ 01.12.2020	2020_PHED_116400_1	खुरई	निर्तला	53.92 Lacs	53920/-	10000/-	05 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
25.	205/ 01.12.2020	2020_PHED_116401_1	खुरई	मझेरा	53.90 Lacs	53920/-	10000/-	05 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
26.	206/ 01.12.2020	2020_PHED_116402_1	खुरई	नारधा	53.27 Lacs	53270/-	10000/-	05 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
27.	207/ 01.12.2020	2020_PHED_116403_1	खुरई	बागधरी पट्टी	56.64 Lacs	56640/-	10000/-	05 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
28.	208/ 01.12.2020	2020_PHED_116404_1	खुरई	करैया गूजर	78.37 Lacs	78370/-	10000/-	06 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली

ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि : 11.12.2020 Upto 17.30**
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि : 11.12.2020 Upto 17.30
ऑनलाइन निविदा खोलने की तिथि : 14.12.2020
निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर ऑनलाइन क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शायी गयी वेबसाइट पर देखें।

सदस्य सचिव जिला जल एवं स्वच्छता मिशन तथा कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, खुरई, जिला-सागर (म.प्र.)

जी-16135/44806/2020

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, रायसेन

दूरभाष क्र. : 07482-222095, फैक्स क्र. : 07482-223388
ई-मेल :- eephrai@nic.in

क्रमांक/3092/लेखा/का.यं./लो.स्वा.यां./खण्ड/ रायसेन, दिनांक : 28.11.2020

निविदा आमंत्रण सूचना

रायसेन जिले के निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा फार्म ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 12.12.2020 शाम 17.30** है एवं संशोधन केवल वेवसाइट पर देखे जा सकेंगे।

क्र.	ऑनलाइन टेण्डर क्र.	निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनु. लागत राशि (रु. लाख में)
1.	2020_PHED_115203_1	75	रायसेन जिले के विकासखंड औबेदुल्लागंज के ग्रामों में 10 नग 200/150 मि.मी. व्यास 120 मीटर गहराई के टेलिस्कोपिक नलकूप खनन कार्य।	8.20
2.	2020_PHED_115204_1	76	रायसेन जिले के विकासखंड औबेदुल्लागंज के ग्रामों में 10 नग 200/150 मि.मी. व्यास 120 मीटर गहराई के टेलिस्कोपिक नलकूप खनन कार्य।	8.20
3.	2020_PHED_115205_1	77	रायसेन जिले के विकासखंड सांची के ग्रामों में 10 नग 200/150 मि.मी. व्यास 120 मीटर गहराई के टेलिस्कोपिक नलकूप खनन कार्य।	8.20
4.	2020_PHED_115205_1	78	रायसेन जिले के विकासखंड सांची के ग्रामों में 10 नग 200/150 मि.मी. व्यास 120 मीटर गहराई के टेलिस्कोपिक नलकूप खनन कार्य।	8.20
5.	2020_PHED_115207_1	79	रायसेन जिले के विकासखंड गैरतगंज के ग्रामों में 10 नग 200/150 मि.मी. व्यास 120 मीटर गहराई के टेलिस्कोपिक नलकूप खनन कार्य।	8.20
6.	2020_PHED_115209_1	80	रायसेन जिले के विकासखंड बेगमगंज के ग्रामों में 10 नग 200/150 मि.मी. व्यास 120 मीटर गहराई के टेलिस्कोपिक नलकूप खनन कार्य।	8.20
7.	2020_PHED_115876_1	81	रायसेन जिले के विकासखंड बेगमगंज के ग्रामों में 10 नग 200/150 मि.मी. व्यास 120 मीटर गहराई के टेलिस्कोपिक नलकूप खनन कार्य।	8.20
8.	2020_PHED_115210_1	82	रायसेन जिले के विकासखंड सिलवानी के ग्रामों में 10 नग 200/150 मि.मी. व्यास 120 मीटर गहराई के टेलिस्कोपिक नलकूप खनन कार्य।	8.20
9.	2020_PHED_115877_1	83	रायसेन जिले के विकासखंड सिलवानी के ग्रामों में 10 नग 200/150 मि.मी. व्यास 120 मीटर गहराई के टेलिस्कोपिक नलकूप खनन कार्य।	8.20
10.	2020_PHED_115211_1	84	रायसेन जिले के विकासखंड वाड़ी के ग्रामों में 10 नग 200/150 मि.मी. व्यास 120 मीटर गहराई के टेलिस्कोपिक नलकूप खनन कार्य।	8.20
11.	2020_PHED_115212_1	85	रायसेन जिले के विकासखंड उदयपुरा के ग्रामों में 10 नग 200/150 मि.मी. व्यास 120 मीटर गहराई के टेलिस्कोपिक नलकूप खनन कार्य।	8.20
12.	2020_PHED_116247_1	86	रायसेन जिले के अंतर्गत विभिन्न विकासखंडों के ग्रामों/वसाहटों में नलकूप खनन स्थल चयन हेतु रजिस्टीविटी सर्वे कार्य।	4.81

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, रायसेन

जी-16099/44803/2020

41 जल संरचनाओं के लिए करीब 38 करोड़ रुपये मंजूर

शहडोल, सिंगरौली तथा अनूपपुर की ग्रामीण आबादी होगी लाभान्वित

भोपाल, मध्यप्रदेश की समूची ग्रामीण आबादी को घरेलू नल-कनेक्शन से पेयजल की आपूर्ति किए जाने के लिए जल-संरचनाओं की स्थापना एवं विस्तार के कार्य किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय जल-जीवन मिशन के अन्तर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा शहडोल संभाग के तीन जिलों क्रमशः शहडोल, सिंगरौली तथा अनूपपुर में 41 ग्रामीण नल-जल प्रदाय योजनाओं के लिए 37 करोड़, 91 लाख 10 हजार रुपये की मंजूरी दी गई है।

राष्ट्रीय जल जीवन मिशन का उद्देश्य मध्यप्रदेश के समग्र ग्रामीण अंचल में पेयजल उपलब्ध करवाना है। ग्रामीणजनों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए जरूरी है कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण पेयजल की आपूर्ति हो। ग्रामीण आबादी को घर बैठे ही पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए जहाँ जलस्रोत हैं, वहां उनका समुचित उपयोग कर आसपास के ग्रामीण रहवासियों को पेयजल प्रदाय किया जायेगा और जिन ग्रामीण क्षेत्रों में जलस्रोत नहीं हैं वहां यह निर्मित किए जायेंगे। शहडोल संभाग के शहडोल जिले की 15, सिंगरौली जिले की 05 तथा अनूपपुर जिले की 21 जल संरचनायें शामिल हैं। इन जिलों के लिए नवीन योजनाओं के साथ ही विभिन्न ग्रामों में पूर्व से निर्मित पेयजल अधोसंरचनाओं को नये सिरे से तैयार कर रेट्रोफिटिंग के अन्तर्गत कार्य किया जा रहा है।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान - खेल

1. इस वर्ष आईपीएल का खिताव किस टीम ने जीता है।
(अ) मुंबई इंडियंस
(ब) चेन्नई सुपर किंग्स
(स) दिल्ली कैपिटल्स
(द) कोलकाता नाइट राइडर्स

2. मार्टिना हिंगिस टेनिस में किस देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं।
(अ) क्रोएशिया
(ब) चेक रिपब्लिक
(स) सर्विया
(द) स्विट्जरलैंड

3. वर्ष 2009 में इनमें से किसे विजडन लीडिंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया था।
(अ) हर्शल गिब्स
(ब) रिकी पोंटिंग
(स) वीरेन्द्र सहवाग
(द) कुमार संगाकारा

4. सबसे ज्यादा बार फीफा वूमेंस वर्ल्डकप जीतने वाला देश है।
(अ) ब्राजील
(ब) अमेरिका
(स) अर्जेंटीना
(द) इंग्लैंड

5. वर्ष 2016 विम्बलडन में पुरुष एकल वर्ग के चैम्पियन बने थे।
(अ) डोमिनिक थिएम
(ब) नोवाक जोकोविच
(स) एंडी मरे
(द) राफेल नडाल

6. इनमें से किस बल्लेबाज ने क्रिकेट वर्ल्डकप 2011 के फाइनल में शतक बनाया था।
(अ) माहेला जयवर्धने
(ब) गौतम गंभीर
(स) सनथ जयसुर्या
(द) इनमें से कोई नहीं

7. भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना ने वर्ष 2017 में कौन सा ग्रैंडस्लैम खिताव जीता था।
(अ) ऑस्ट्रेलियन ओपन
(ब) फ्रेंच ओपन
(स) विम्बल्डन
(द) यूएस ओपन

8. भारतीय खेल प्राधिकरण की स्थापना किस वर्ष की गई थी।
(अ) वर्ष 1960
(ब) वर्ष 1980
(स) वर्ष 1982
(द) वर्ष 1985

9. इनमें से किसे वर्ष 2017 में फीफा प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया था।
(अ) हैरी केन
(ब) क्रिस्टियानो रोनाल्डो
(स) लुका मोड्रिक
(द) लियोनेल मैसी

10. शीतकालीन ओलिंपिक खेल पहली बार किस वर्ष आयोजित किए गए थे।
(अ) वर्ष 1908
(ब) वर्ष 1916
(स) वर्ष 1920
(द) वर्ष 1924

11. वन-डे और टी-20 वर्ल्डकप में शतक बनाने वाले एकमात्र भारतीय बल्लेबाज हैं।
(अ) रोहित शर्मा
(ब) के.एल. राहुल
(स) सुरेश रैना
(द) हार्दिक पंड्या

12. इनमें से किस देश ने वर्ष 2017 में फीफा कन्फेडरेशन कप जीता था।
(अ) बेल्जियम
(ब) जर्मनी
(स) फ्रांस
(द) ब्राजील

13. वर्ष 2016 में कबड्डी वर्ल्डकप का आयोजन किस देश में किया गया था।
(अ) भारत
(ब) जापान
(स) दक्षिण कोरिया
(द) ईरान

14. डूरंड कप किस खेल की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता है।
(अ) हॉकी
(ब) फुटबॉल
(स) शतरंज
(द) पोलो

15. एंजिलिना कर्बर ने किस वर्ष विम्बलडन ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीता था।
(अ) वर्ष 2018
(ब) वर्ष 2017
(स) वर्ष 2019
(द) इनमें से कोई नहीं

16. देविंदर सिंह कांग किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं।
(अ) चक्का फेंक
(ब) गोला फेंक
(स) भाला फेंक
(द) पोल वॉल्ट

17. वर्ष 2019 में इनमें से कौन आईसीसी इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर बने थे।
(अ) नवदीप सैनी
(ब) मार्नस लाबुशेन
(स) कैगिसो रबाडा
(द) ट्रेविस हेड

18. यूएस ओपन 2017 में महिला एकल वर्ग की चैम्पियन बनी थीं।
(अ) नाओमी ओसाका
(ब) मेडिसन कीज
(स) सिमोना हालेप
(द) स्लोएन स्टीफंस

19. रियो ओलिंपिक में भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान थीं।
(अ) रानी रामपाल
(ब) गुरजीत कौर
(स) सुशीला चानू
(द) इनमें से कोई नहीं

20. ह्यूगो लॉरिस किस देश के दिग्गज गोलकीपर हैं।
(अ) ब्राजील
(ब) बेल्जियम
(स) क्रोएशिया
(द) फ्रांस

21. यूनिस खान ने टेस्ट क्रिकेट में कितने दोहरे शतक बनाए हैं।
(अ) तीन
(ब) चार
(स) पांच
(द) छह

22. जोहान कोंटा टेनिस में किस देश का प्रतिनिधित्व करती हैं।
(अ) ब्रिटेन (ब) इटली
(स) ग्रीस (द) रूस

23. इनमें से किस भारतीय बल्लेबाज ने टेस्ट डेब्यू में शतक नहीं बनाया है।
(अ) रोहित शर्मा
(ब) राहुल द्रविड़
(स) वीरेन्द्र सहवाग
(द) पृथ्वी शॉ

24. इनमें से कौन सी भारतीय महिला पहलवान मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स में खेल रही हैं।
(अ) पूजा ढांडा
(ब) साक्षी मलिक
(स) रितु फोगाट
(द) इनमें से कोई नहीं

25. इस वर्ष पेरिस मास्टर्स में पुरुष एकल वर्ग के चैम्पियन बने हैं।
(अ) डेनिल मेदवेदेव
(ब) एलेक्जेंडर ज्वेरेव
(स) राफेल नडाल
(द) स्टेन वावरिंका

उत्तर

1. (अ), 2. (द), 3. (स), 4. (ब), 5.(स), 6. (अ), 7. (ब), 8. (स), 9. (ब),10. (द), 11. (स), 12. (ब), 13. (अ), 14. (ब), 15. (अ), 16. (स), 17. (ब), 18. (द), 19. (स), 20. (द), 21. (द), 22. (अ), 23. (ब), 24. (स), 25. (अ)

- पुष्पेन्द्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड सरदारपुर, जिला धार (म.प्र.)

दूरभाष 07296-245865, ई-मेल eephedsardha@mp.gov.in

नि.सू.क्र. 17/2020-21 धार, दिनांक 01.12.2020

द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदाएं ई-टेंडर प्रक्रिया के अंतर्गत आमंत्रित किये जाने हेतु विभागीय इंटरनेट साइट पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in/** पर जल जीवन मिशन अंतर्गत खंड सरदारपुर के अंतर्गत विभिन्न विकासखंडों की रेट्रोफिटिंग आधारित नलजल योजना की ड्राइंग डिजाईन अनुसार आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी मय सम्पवेल एवं पंप हाउस आर.सी.सी. सेनेटरी कुआं, स्टील स्ट्रक्चर पर एच.डी.पी.ई. 5 मीटर ऊंचाई सहित निर्माण एवं मुख्य पाइप लाइन, जल वितरण नलिकाएं पाइप लाइन, घरेलू नल कनेक्शन, 11 के.वी. इलेक्ट्रिक पावर लाइन एक्सटेंशन कनेक्शन समस्त सामग्री एवं मजदूरी सहित एवं खंड सरदारपुर के विभिन्न विकासखंडों के विभिन्न ग्राम/वसाहटों में स्थापित हैण्डपंपों का लघु एवं वृहद संधारण कार्य मय वाहन के (संधारण सामग्री विभाग द्वारा प्रदान) जिसमें विभागीय हैण्डपंप तकनीशियन की सेवाएं सम्मिलित कार्य हेतु तथा टूटे-फूटे प्लेटफार्म निर्माण कार्य विकासखंडों के विभिन्न ग्रामों में निर्धारित प्रक्रिया संपादित की गई है :-

सिस्टम टेण्डर क्र.	कार्य का विवरण	निविदा लागत रु. लाख में	धरोहर राशि रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में	ठेकेदारों की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की अवधि
2020_PHED_116421_1	कुक्षी	353.66 Lakh	353660/-	15000/-	म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत प्रणाली अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन	6 माह वर्षाकाल में पूर्ण कर 90 दिनों का सफल परीक्षण करने का कार्य।
2020_PHED_116422_1	बाग	356.11 Lakh	356110/-	15000/-	म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत प्रणाली अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन	6 माह वर्षाकाल में पूर्ण कर 90 दिनों का सफल परीक्षण करने का कार्य।
2020_PHED_116423_1	मनावर	8.43 Lakh	16860/-	2,000/-	म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत प्रणाली अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन	12 माह वर्षाकाल सहित
2020_PHED_116424_1	निसरपुर	8.06 Lakh	16120/-	2,000/-	म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत प्रणाली अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन	12 माह वर्षाकाल सहित
2020_PHED_116425_1	सरदारपुर	2.59 Lakh	5180/-	2,000/-	म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत प्रणाली अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन	2 माह वर्षाकाल सहित

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की **अंतिम तिथि : 14.12.2020, 17.30 बजे**
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि : 14.12.2020, 17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि : 16.12.2020, 11.00 बजे
नोट :- निविदा प्रपत्र सिर्फ उपरोक्त इंटरनेट साइट पर ऑनलाइन पर केश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग अकाउण्ट एवं आय.टी.जेड. केश कार्ड के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं।
विस्तृत निविदायें एवं अन्य विवरण उपरोक्त लिखित पोर्टल पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री (प्रोक्योरमेंट)
जी-16150/44810/2020 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड सरदारपुर, जिला-धार (म.प्र.)**

एम्पलाइविलिटी कॉन्क्लेव 2020

समय की जरूरत है डिजिटल साक्षरता

भोपाल, डिजिटल साक्षरता आज की जरूरत है। कोविड ने हम सभी को डिजिटल होने के लिए मजबूर किया है। हमें तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में रोज़गार को बढ़ावा देने के लिए बच्चों में ऐसी मानसिकता को विकसित करना होगा जहां वे सिर्फ इंजीनियरिंग के विभिन्न विषयों पर केन्द्रित न रहकर आधुनिकतम तकनीकों की व्यवहारिक जानकारी से भी पूर्ण रूप से वाकिफ हों। ये बातें तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोज़गार मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने भोपाल में वर्चुअल एम्पलाइविलिटी कॉन्क्लेव-2020 का शुभारंभ करते हुए कहीं।

श्रीमती सिंधिया ने कहा कि प्रौद्योगिकी जीवन के हर क्षेत्र में लागू होती है। शैक्षणिक संस्थानों में सैद्धांतिक ज्ञान से ज्यादा व्यवहारिक पढ़ाई पर जोर दिया जाना चाहिए। उद्योगों की जरूरत के हिसाब से विद्यार्थियों को तैयार करने के लिए यह जरूरी है कि फैकल्टी को भी उसकी जानकारी हो।

श्रीमती सिंधिया ने कहा कि भविष्य में उद्योगों के विशेषज्ञों को विजिटिंग फैकल्टी के रूप में जोड़ा जाएगा। तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा रोज़गार कौशल और उद्यमिता में सुधार लाने के लिए आईटी क्षेत्र तथा विभिन्न उद्योगों के हितधारकों के साथ परस्पर बातचीत करने के मद्देनजर इण्डस्ट्री अकादमिया मीट आयोजित किया गया था। तकनीकी शिक्षा, सीआईआई यंग इंडियन्स और नैसकाम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वर्चुअल कॉन्क्लेव में विभिन्न प्रतिष्ठित उद्योग विशेषज्ञों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

एम्पलाइविलिटी कॉन्क्लेव में एमडी परसिसटेंट सिस्टम के डॉ. आनंद देशपाण्डे ने सुझाव दिया कि विद्यार्थियों को आत्मनिर्भरता की ओर प्रोत्साहित करना चाहिए। उद्योगों के विशेषज्ञों को महाविद्यालयों में लेक्चर्स के लिए आमंत्रित किया जाना चाहिए। नैसकाम फ्यूचर स्किल की हेड सुश्री कीर्ति सेठ ने कहा कि टैलेन्ट गेप एक बड़ी समस्या है। बहुविषयक शिक्षा वर्तमान बाजार की मांग है।

कॉग्नेजेंट की सुश्री माया श्रीकुमार ने कहा कि सिर्फ स्नातक या स्नातकोत्तर के सर्टिफिकेट से काम नहीं चलेगा। विद्यार्थियों को तकनीक के माध्यम से समस्याओं को समझना और उनकी पहचान करना आना आवश्यक है। यह हुनर उन्हें भविष्य में सफलता दिलायेगा। पाठ्यक्रम में विषयों को कम कर कौशल व्यवहारिक ज्ञान में वृद्धि करें।

टीसीएस के श्री गौरव ने तीन ए - अवेयरनेस, एग्रेसिव तथा एजीलिटी पर केन्द्रित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में इच्छुक क्षेत्र में क्या चल रहा है उसकी जानकारी रखें, क्या सीखने की जिज्ञासा तथा नई तकनीक को अपनाने के लिए तैयार होना चाहिए।

पैंसठ करोड़ रुपये की लागत से बनेंगे 6 ब्रिज

भोपाल, आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के क्रम में सुगम यातायात के लिए प्रदेश में साढ़े 65 करोड़ रुपये की लागत से 6 ब्रिज बनाए जाएंगे। मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल द्वारा पुल निर्माण हेतु निविदाएं भी आमंत्रित की गई हैं।

मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल से प्राप्त जानकारी के अनुसार जबलपुर जिले में 17 करोड़ 60 लाख रुपये की लागत से गोरखपुर कटंगा क्रॉसिंग पर सदर से ग्वारीघाट मार्ग में फ्लाय ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाएगा। इसी प्रकार कटनी जिले में 11 करोड़ 97 लाख रुपये की लागत से महगंवा बीजापुरी मार्ग में छोटी महानदी पर पहुंच मार्ग सहित उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य तथा उज्जैन जिले में 11 करोड़ 8 लाख रुपये की लागत से सुरेल संडावता-मदगनी पिपलौदा-बागला मार्ग किलोमीटर 16/6 में चंबल नदी पर पहुंच मार्ग सहित उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य तथा 6 करोड़ 7 लाख रुपये की लागत से उन्हेल करनावद आलोट महिदपुर मार्ग पर गंभीर नदी पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल का निर्माण कार्य कराया जाएगा। इसी प्रकार भिण्ड जिले में 9 करोड़ 51 लाख रुपये की लागत से लहार अजनार मागरौल मार्ग पर नारदेश्वर मंदिर मडोरी के पास सिंध नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य एवं मुरैना जिले में 9 करोड़ 21 लाख रुपये की लागत से रामपुरगंज से पहावली मार्ग में रामपुर के पास क्वारी नदी पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल का निर्माण कार्य कराया जाएगा।

कॅरियर की राहें

खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर में कॅरियर के मौके

'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिये जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिये उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिये कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुये आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।

कोविड-19 की चुनौतियों के बीच भारत का खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर (फूड प्रोसेसिंग सेक्टर) देश ही नहीं दुनिया की खाद्य जरूरतों की पूर्ति करते हुए तेजी से आगे बढ़ा है। आने वाले समय में भारत का फूड प्रोसेसिंग सेक्टर देश का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र बनने की दिशा में अग्रसर है। देश के कुल निर्यात में फूड प्रोसेसिंग सेक्टर का हिस्सा करीब 13 फीसदी है।

खाद्य प्रसंस्करण में वर्ष 2024 तक 90 लाख नए रोज़गार

निःसंदेह कोविड-19 की चुनौतियों के बीच किसानों और ग्रामीण भारत की

आमदनी में वृद्धि करने और रोज़गार के नए अवसरों के सृजन के मद्देनजर भारत में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की अहमियत बढ़ गई है। चूंकि वर्तमान में भोजन की समग्र अवधारणा ही पूर्णतः बदल गई है। अतएव कृषि पर आधारित खाद्य प्रौद्योगिकी ने रोज़गार एवं कॅरियर के काफी अच्छे एवं उजले अवसर खोल दिए हैं। दिन-प्रतिदिन आबादी तेज गति से बढ़ती जा रही है तथा खेती की भूमि निरंतर कम होती जा रही है। इससे उत्पादन एवं उपभोग के बीच अंतर बढ़ता ही जा रहा है। इस अंतर को खाद्य प्रौद्योगिकी एवं प्रसंस्करण के इस्तेमाल द्वारा कम किया जा सकता है। खाद्य प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर बहुत बड़ी मात्रा में खाद्य सामग्री का प्रसंस्करण कर उन्हें खराब होने से बचाया जा सकता है तथा बेहतर गुणवत्ता और पोषक तत्वों से युक्त भोज्य सामग्री बाजार में उपभोग हेतु उपलब्ध कराई जा सकती है। ऐसे में इस क्षेत्र को रोज़गार के अवसरों में भी भारी वृद्धि करने वाले क्षेत्र के रूप में रेखांकित किया जाता है।

कोविड-19 के बीच भी भारत में कृषि क्षेत्र का बेहतर प्रदर्शन पाया गया है। भारत विश्व स्तर पर कई कृषि और संबंधित उत्पादों का प्रमुख उत्पादक देश है। दुनिया में भारत सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश बना हुआ है। गेहूं तथा फलों के उत्पादन के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर तथा सब्जियों के उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। विश्व स्तर पर, भारत केला, आम, अमरूद, पपीता, अदरक, भिंडी, चावल, चाय, गन्ना, काजू, नारियल, इलायची और काली मिर्च आदि के प्रमुख उत्पादक के रूप में जाना जाता है।

देश में खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर की संभावनाओं के बारे में एक अध्ययन रिपोर्ट में कहा गया कि वर्ष 2024 तक भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में 33 अरब डॉलर के नए निवेश और 90 लाख नए रोज़गार अवसर सृजित होने की संभावनाएं हैं। इसी तरह नीति आयोग ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि देश में किसानों को फसल के अच्छे मूल्य के लिए सीधे कारखानों से जोड़ने और ग्रामीण क्षेत्रों में रोज़गार वृद्धि के लिए खाद्य प्रसंस्करण सबसे उपयुक्त क्षेत्र है।

खाद्य प्रसंस्करण के तहत कॅरियर के प्रमुख क्षेत्र

उल्लेखनीय है कि भारत में खाद्य प्रसंस्करण के तहत डेयरी, फल एवं सब्जी

प्रसंस्करण, अनाज का प्रसंस्करण, मांस, मछली एवं पोल्ट्री प्रसंस्करण तथा उपभोक्ता वस्तुएं, पैकेट बंद खाद्य और पेय पदार्थ आदि आते हैं। यद्यपि इन क्षेत्रों में बहुत अच्छे कृषि आधार भारत के पास हैं, लेकिन इनमें खाद्य प्रसंस्करण के मामले में भारत पीछे है। भारत में खाद्य उत्पादन के प्रसंस्करण का स्तर विश्व के अन्य देशों की तुलना में कम है।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में कुल खाद्य उत्पादन का 10 फीसदी से भी कम हिस्सा प्रसंस्कृत होता है। जबकि फिलीपींस, अमेरिका, चीन सहित दुनिया के कई देशों में खाद्य प्रसंस्करण भारत की तुलना में कई गुना अधिक है। देशव्यापी अध्ययन में पाया गया है कि हर साल देश में करोड़ों रुपये से अधिक के खाद्य उत्पाद बर्बाद हो जाते हैं, जिसमें सब्जियों और फलों में सबसे अधिक खाद्य बर्बादी होती है।

वस्तुतः खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र कृषि और विनिर्माण दोनों क्षेत्रों का महत्वपूर्ण घटक है। जहां खाद्य प्रसंस्करण कृषि क्षेत्र में किसानों की आय बढ़ाने में मदद करता है। वहीं इसकी बदौलत फसल उत्पादन में वृद्धि और उसका मूल्यवर्धन होता है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग से उपज का अधिकतम इस्तेमाल हो पाता है और प्रसंस्कृत वस्तुएं उपभोक्ताओं तक सुरक्षित और साफ-सुथरी स्थिति में पहुंच पाती है। खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों और महिलाओं के रोज़गारपरक क्षेत्रों में अहम है। खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र कई अन्य पूंजी आधारित उद्योगों की तुलना में ज्यादा रोज़गार प्रदान करता है। विनिर्माण क्षेत्र में पूंजी गहन उत्पादन को तरजीह तथा स्वचालन, रोबोट, इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसे उभरती प्रौद्योगिकी नवप्रवर्तन से रोज़गार के खतरे को देखते हुए बड़ी संख्या में कार्यबल को रोज़गार देने के लिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की आवश्यकता बढ़ गई है।

खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित उत्पादों के निर्यात में कॅरियर

कोरोना वायरस की परिस्थितियों के चलते भारत के लिए खाद्य प्रसंस्कृत और मूल्य वर्धित उत्पादों के निर्यात को मुट्ठियों में करने का नया मौका है। ऐसे में खाद्य प्रसंस्कृत वस्तुओं के विश्व के कुल निर्यात में भारत की वर्तमान हिस्सेदारी को बढ़ाया भी जा सकेगा।

निःसंदेह खाद्य प्रसंस्करण अतिरिक्त उत्पादन का कुशलता से उपयोग करने का अवसर प्रदान करता है और खाद्य अपशिष्ट को कम करने के दृष्टिकोण से भी खाद्य प्रसंस्करण महत्वपूर्ण है। ऐसे में देश से खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर की ऐसी संभावनाओं को मुट्ठियों में करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। मौजूदा छोटे फूड प्रोसेसिंग उद्योगों को वित्त, तकनीक और अन्य तरह की मदद पहुंचाने के लिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने पूरे देश के स्तर पर एक 'पीएम फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज योजना' की शुरुआत की है। इस योजना के तहत 2020-21 से 2024-25 तक 10 हजार करोड़ रुपये के खर्च किए जाएंगे। इस योजना के तहत राज्यों की जिम्मेदारी होगी कि वो कच्चे माल की उपलब्धता का ध्यान रखते हुए हर जिले के लिए एक खाद्य उत्पाद की पहचान करें। ऐसे उत्पादों की सूची में आम, आलू, लीची, टमाटर, साबूदाना, कीनू, पेठा, पापड़,

अचार, बाजरा आधारित उत्पाद, मछली पालन, मुर्गी पालन भी शामिल है। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के आधार पर चुने गए उत्पादों का प्रोडक्शन करने वाले उद्योगों को प्राथमिकता के आधार पर मदद सुनिश्चित की गई है। छोटे प्रसंस्करण उद्योगों और समूहों के लिए ब्रांड विकसित करने के लिए मार्केटिंग और ब्रांडिंग के लिए सहायता सुनिश्चित की गई है। सरकार के ऐसे रणनीतिक कदमों से खाद्य प्रसंस्करण से संबंधी उत्पादों के निर्यात में रोज़गार स्वरोज़गार के मौके बढ़े हैं।

यह भी महत्वपूर्ण है कि सरकार फसल कटाई के बाद की सुविधाएं विकसित करने और शीतगृह का बुनियादी ढांचा विकसित करने के लिये भी प्रोत्साहित कर रही है। इससे सस्ते कर्ज के साथ निर्यात में प्रतिस्पर्धी माहौल बना है। ऐसे में खाद्य प्रसंस्करण के तहत निर्यात सेक्टर में कॅरियर के मौके बढ़े हैं।

यह भी उल्लेखनीय है कि कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के अंतर्गत अंगूर, आम, केला, प्याज, धान, पोषक तत्व वाले अनाज, अनार और फूलों की खेती के लिये ईपीएफ का गठन किया गया है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को प्रोत्साहन देने के इन कदमों के साथ-साथ प्रधानमंत्री मोदी ने कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के लिए जिस एक लाख करोड़ रुपये की वित्तपोषण सुविधा को लॉन्च किया है, उससे कृषि खाद्य प्रसंस्करण बढ़ सकेंगे। इसके अलावा अब तक देश में शुरू की गई किसान ट्रेनें भी खाद्य प्रसंस्करण बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रही हैं।

निश्चित रूप से खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर में बढ़ती हुई आर्थिक संभावनाओं को मुट्ठियों में लेने के लिए इस सेक्टर की डगर पर जो बाधाएं आ रही हैं उनका उपयुक्त निराकरण किया जा रहा है। उससे भी रोज़गार के मौके बढ़ेंगे। ग्राम स्तर पर खाद्य सामग्रियों की भंडारण क्षमता अधिकतम की जाना सुनिश्चित की जा रही है, इससे न सिर्फ खाद्य नुकसान घटाने में मदद मिलेगी, बल्कि इससे ग्रामीण आबादी को आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी और रोज़गार के मौके बढ़ेंगे। इसके अलावा अच्छी भंडारण सुविधाओं से किसानों को कई तरह से उनकी उपज को लाभदायक बनाने में मदद दिए जाने से रोज़गार बढ़ेंगे। अनाज खुले बाजार में बेचने संबंधी नए कृषि सुधार से घरेलू खाद्य प्रसंस्करण और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और रोज़गार बढ़ेंगे।

खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर में कॅरियर हेतु जरूरी स्किल्स

फूड प्रोसेसिंग और फूड टेक्नोलॉजी सेक्टर में कॅरियर बनाने के लिए नवाचार

और अनुसंधान की विश्लेषणात्मक प्रवृत्ति, खाद्य पदार्थों का संरक्षण, प्रौद्योगिकी विकास, स्वास्थ्य व पोषण में रुचि, जिम्मेदारी और टीम के साथ काम करने की प्रवृत्ति, अच्छी कम्युनिकेशन और आत्मविश्वास जैसी स्किल्स लाभप्रद हैं।

खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर में कॅरियर के लिए शैक्षणिक जरूरतें

देश के प्रमुख कृषि विश्वविद्यालयों एवं सामान्य विश्वविद्यालयों द्वारा भी खाद्य

उद्योग की जरूरतें पूरी करने के लिए विभिन्न खाद्य प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रम संचलित किए जा रहे हैं। विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा खाद्य प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा के आधार पर प्रवेश प्रदान किया जाता है। कुछ विश्वविद्यालय स्वयं की प्रवेश परीक्षा भी आयोजित करते हैं। कई संस्थान मेरिट के आधार पर भी एडमिशन देते हैं।

खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर में कॅरियर के विकल्प

किसी भी खाद्य प्रौद्योगिकी कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रशिक्षित खाद्य

प्रौद्योगिकीविद् का होना बेहद जरूरी है। खाद्य प्रौद्योगिकीविद् समुचित प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल करके कम लागत पर उच्च गुणवत्ता युक्त उत्पाद तैयार करते हैं। खाद्य प्रौद्योगिकीविद् को उत्पादन, गुणवत्ता नियंत्रण, विपणन और खरीद जैसे भिन्न-भिन्न कार्य करने होते हैं। भारत में प्रति वर्ष बड़ी भारी संख्या में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खाद्य प्रौद्योगिकीविद् तैयार हो रहे हैं।

निःसंदेह खाद्य प्रसंस्करण एवं खाद्य टेक्नोलॉजी सेक्टर में अच्छी नौकरियों और स्वरोज़गार के भरपूर अवसर मौजूद हैं। सरकारी, सहकारी तथा बहुराष्ट्रीय कंपनियों में खाद्य सुरक्षा, पोषण सुरक्षा और अनुसंधान में अच्छे मौके हैं। एफसीआई मैनेजर्स और खाद्य इंस्पेक्टर आदि के रूप में भी मौके हैं। प्राइवेट और बहुराष्ट्रीय कंपनियां जैसे कोका कोला, पेप्सी, कैडबरी, क्वालिटी वाल्स, मैक्डोनॉल्ड, पारले, ब्रिटानिया, वाडिलाल आदि में भी रोज़गार की व्यापक संभावनाएं हैं। कृषि मंत्रालय, राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान, टेक्नोलॉजी तथा कृषि से संबंधित संगठनों और विश्वविद्यालयों में भी अच्छे मौके हैं। कृषि एवं फूड प्रोसेसिंग से संबंधित वैश्विक संगठनों में भी कॅरियर के मौके हैं।

खाद्य प्रसंस्करण कोर्स कराने वाले संस्थान

खाद्य प्रसंस्करण एवं खाद्य टेक्नोलॉजी से संबंधित डिप्लोमा, डिग्री तथा पोस्ट

ग्रेजुएशन स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रम देश के फूड प्रोसेसिंग एंड फूड टेक्नोलॉजी से संबंधित विभिन्न इंस्टिट्यूट, एग्रीकल्चर एवं टेक्नोलॉजी संस्थानों में उपलब्ध हैं। संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता और अन्य विशेषताओं के अनुरूप उपयुक्त कॉलेज/संस्थान का चयन करके बेहतर संभावनाओं वाले फूड प्रोसेसिंग एवं फूड टेक्नोलॉजी सेक्टर में कॅरियर के लिए कदम बढ़ाए जा सकते हैं।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(लेखक कॅरियर मार्गदर्शन के लिये लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में प्रतिष्ठित हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

गणितीय अभिक्षमता

(1) एक फल विक्रेता के 6% संतरे सड़े हुए हैं वह शेष का 50% वेच देता है तथा इसके बाद भी 658 संतरे उसके पास रहते हैं तो बताइए कि उसके पास कितने संतरे थे -

(A) 1000 (B) 1200
(C) 1309 (D) 1400

उत्तर - (D)

हल - माना कि फल विक्रेता के पास = 100 संतरे हैं

(-) 6% सड़े संतरे = 06 संतरे

शेष वचे 94 संतरे

(-) 94 का 50% जो वेच देता है

$\left(\frac{94\times50}{100}\right)$ = 47 संतरे

शेष संतरे 47 संतरे

∵ 47 संतरे उसके पास बचते हैं तो कुल संतरे = 100

∴ 658 संतरे उसके पास बचते हैं तो कुल संतरे

होंगे = $\frac{100\times658}{47}$ = 1400 संतरे

(2) यदि एक वस्तु के लागत मूल्य पर लाभ 25% है तो वह लाभ उस वस्तु के विक्रय मूल्य पर कितने % होगा -

(A) 22% (B) 21.5%
(C) 21% (D) 20%

उत्तर - (D)

हल - माना कि लागत मूल्य = 100 Rs. है

(+) लाभ 25% 25

विक्रय मूल्य होगा = 125

∵ 125 Rs. के विक्रय मूल्य पर लाभ 25 Rs. है।

∴ 100 Rs. के विक्रय मूल्य पर लाभ होगा

= $\frac{100\times25}{125}$ = 20%

(3) एक परीक्षा में 5% विद्यार्थी अनुपस्थित रहे तथा जो विद्यार्थी परीक्षा में बैठे उनमें से 40% अनुत्तीर्ण रहे। यदि उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या 3420 रही हो तो पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या रही होगी -

(A) 4000 (B) 4900
(C) 5500 (D) 6000

उत्तर - (D)

हल - माना कि पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या = 100 है।

अनुपस्थित विद्यार्थियों की संख्या (5%) = 5 विद्यार्थी

परीक्षा में कुल उपस्थित विद्यार्थी = 100 - 5 = 95 विद्यार्थी

उत्तीर्ण विद्यार्थी = $\frac{95\times60}{100}$ = 57 विद्यार्थी

∵ 57 विद्यार्थी उत्तीर्ण है तो कुल पंजीकृत संख्या = 100 विद्यार्थी

∴ 3420 विद्यार्थी उत्तीर्ण है तो कुल पंजीकृत

विद्यार्थी = $\frac{3420\times100}{57}$ = 6, 000 विद्यार्थी

(4) एक व्यक्ति अपनी धनराशि का 30% व्यय करता है तथा तव उसके पास 14,000 रु. बचे तो धनराशि क्या होगी -

(A) 10,000 Rs. (B) 12,000 Rs.
(C) 18,999 Rs.
(D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर - (D)

हल - माना कि व्यक्ति के पास 100 Rs. हैं।

अतः बचत = 100 - 30 = 70 Rs.

∵ जब बचत 70 Rs. है तो उसकी धनराशि = 100 Rs.

∴ जब बचत 14,000 Rs. है तो उसकी धनराशि

होगी $\frac{14,000\times100}{70}$ = 20,000 Rs.

(5) एक परीक्षा में प्रियंक ने कुल अंकों के 30% अंक प्राप्त किए तथा 20 अंकों से अनुत्तीर्ण रहा जबकि शुभम ने कुल अंकों के 40% अंक प्राप्त किए तथा उसे न्यूनतम उत्तीर्णांकों से 40 अंक अधिक मिले तो परीक्षा के न्यूनतम उत्तीर्णांक क्या रहे होंगे -

(A) 150 (B) 175
(C) 180 (D) 200

उत्तर - (D)

हल - प्रियंक 20 अंकों से अनुत्तीर्ण हुआ और शुभम को न्यूनतम उत्तीर्णांकों से 40 अंक अधिक मिले।

अतः दोनों के प्राप्तांकों का अंतर 20 + 40 = 60 है। माना कि अधिकतम अंक 100 थे।

∴ प्रियंक के प्राप्तांक = 30 तथा शुभम के प्राप्तांक = 40

अंतर 40 - 30 = 10

∵ जब अंतर 10 है तो अधिकतम अंक = 100

∴ जब अंतर 60 है तो अधिकतम अंक

= $\frac{100\times60}{10}$ = 600 होंगे।

अतः प्रियंक के प्राप्तांक = $\frac{600\times30}{100}$ = 180

परंतु प्रियंक 20 अंकों से अनुत्तीर्ण रहा

अतः न्यूनतम उत्तीर्ण अंक = 180 + 20 = 200 होंगे।

(6) एक चुनाव में दो उम्मीदवार थे चुनाव मतपत्रों के माध्यम से हुआ। चुनाव में डाले गए मतों के 6% रद्द हो जाते हैं। एक प्रत्याशी वैध मतों का 55% प्राप्त करता है एवं 188 मतों से चुनाव जीतता है। डाले गए मतों की संख्या क्या होगी -

(A) 1850 (B) 1880
(C) 1980 (D) 2000

उत्तर - (D)

हल - माना कुल 100 मतदाताओं ने मत डाले

∴ रद्द मत = 6 तथा वैध मत = 100 - 6 = 94

जीतने वाले उम्मीदवार को मिले मत

= $\frac{94\times55}{100}$ = 51.7

हारने वाले उम्मीदवार को मिले मत = 94 - 51.7 = 42.3 अंतर 51.7 - 42.3 = 9.4

∵ जब अंतर 9.4 मत का है तो कुल मत = 100

∴ जब अंतर 188 मत का है तो कुल मत

= $\frac{188\times100}{9.4}$ = 2000

(7) एक एजेन्ट 4400 Rs. प्रतिमाह वेतन एवं विक्रय पर 5.5% कमीशन प्राप्त करता है या केवल 16.5% विक्रय पर कमीशन प्राप्त करता है। एक माह में किसी भी रीति से भुगतान किया जाए तो उसे समान राशि मिलती है। एजेंट द्वारा किए गए विक्रय का मूल्य क्या है -

(A) 30,000 Rs. (B) 36,000 Rs.
(C) 38,000 Rs. (D) 40,000 Rs.

उत्तर - (D)

हल - माना कि विक्री की राशि = x Rs. है।

प्रपत्र विकल्प में पारिश्रमिक

= 4400 + (विक्री का 5.5%)

= $4400+\frac{x\times5.5}{100}$

= $4400+\frac{5.5x}{100}$

द्वितीय विकल्प में पारिश्रमिक

= विक्री का 16.5%

= $\frac{x\times16.5}{100}=\frac{16.5x}{100}$

प्रश्न के अनुसार दोनों दशाओं में पारिश्रमिक समान रहता है अतः

$4400+\frac{5.5x}{100}=\frac{16.5x}{100}$

$4400=\frac{16.5x}{100}-\frac{5.5x}{100}$

$4400=\frac{11x}{100}$

$x=\frac{4400\times100}{11}$ = 40,000 Rs.

(8) शंकर अपने भाई इन्दर से 15 वर्ष बड़ा है। 6 वर्ष पूर्व शंकर की आयु इन्दर से दुगुनी थी। दोनों की वर्तमान आयु है -

(A) 30 तथा 15 वर्ष
(B) 31 तथा 16 वर्ष
(C) 32 तथा 17 वर्ष
(D) 36 तथा 21 वर्ष

उत्तर - (D)

हल - माना कि शंकर की वर्तमान उम्र x तथा इन्दर की उम्र y है।

∴ x - y = 15 (समीकरण....1)

6 वर्ष पूर्व → शंकर की उम्र = (x - 6) वर्ष

इन्दर की उम्र = (y - 6) वर्ष

6 वर्ष पूर्व शंकर की उम्र इन्दर से दुगुनी थी

$(x - 6) = 2(y - 6)$

$x - 6 = 2y - 12$

$x - 2y = - 12 + 6$

$x - 2y = - 6$ (समीकरण....2)

दोनों समीकरण हल करने पर

$x - y = 15$

$x - 2y = - 6$

$y = 21$ वर्ष

अव समीकरण (1) में y का मान रखने पर

$x - y = 15$

$x - 21 = 15$

$x = 15 + 21$

$x = 36$ वर्ष

इस प्रकार शंकर की आयु 36 वर्ष तथा इन्दर की आयु 21 वर्ष।

(9) वे दो संख्याएं क्या हैं जिनका योग 64 तथा अंतर 16 है -

(A) 40 एवं 24 (B) 38 एवं 26
(C) 36 एवं 28
(D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर - (A)

हल - माना कि बड़ी संख्या x तथा छोटी संख्या y है

अतः प्रश्नानुसार $x + y = 64$ (i)

$x - y = 16$ (ii)

दोनों समीकरणों को हल करने पर

$x + y = 64$

$x - y = 16$

$2y = 48$

$y = \frac{48}{2}$ = 24

अव समीकरण (i) में y का मान रखने पर

$x + y = 64$

$x + 24 = 64$

$x = 64 - 24$

$x = 40$

इस प्रकार संख्याएं क्रमशः 40 एवं 24 होगी।

(10) भव्य अपनी मासिक आय का 40% भोजन पर, 10% बिजली पर तथा शेष आय का 70% मकान किराये पर खर्च करता है इन सभी खर्चों के बाद उसके पास Rs. 4500 बचते हैं तो भव्य की मासिक आय कितनी है -

(A) 30,000 Rs. (B) 25,000 Rs.
(C) 24,000 Rs.
(D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर - (A)

हल - माना कि भव्य की मासिक आय = Rs. 100

भव्य का भोजन पर खर्च 40 Rs. तथा बिजली पर खर्च 10 Rs.

बचा हुआ धन = 100 - (40+10) 50 Rs.

भव्य का मकान किराया का खर्च

$\frac{50\times70}{100}$ = 35 Rs.

सभी खर्चों के बाद बचा हुआ धन = 100 - (40 + 10 + 35) = 15 Rs.

अतः भव्य की मासिक आय = $\frac{100}{15}\times4500$

= 30,000 Rs.

(11) यदि घी का भाव 60% बढ़ जाए तो किसी परिवार को घी का उपभोग कितने % कम कर देना चाहिए ताकि उस पर घी का खर्च बिल्कुल न बढ़े -

(A) 37.5% (B) 38.5%
(C) 39.5% (D) 40.5%

उत्तर - (A)

हल - घी की जो मात्रा पहले 100 Rs. में मिलती थी वह अव 100+60 = 160 Rs. में मिलेगी।

∵ 160 Rs. पर कमी करनी चाहिए 60 Rs. की

∴ 100 Rs. पर कमी करनी चाहिए $\frac{100\times60}{160}$

= 37.5%

(12) 40 लीटर मिश्रण में दूध तथा पानी का अनुपात 4 और 1 है यदि इस मिश्रण में 8 लीटर पानी और मिला दिया जाए तो दूध व पानी में क्या अनुपात होगा -

(A) 2:1 (B) 3:1
(C) 4:1
(D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर - (A)

हल - दूध और पानी का अनुपात = 4:1

40 लीटर मिश्रण में दूध की मात्रा $\frac{40\times4}{5}$

= 32 लीटर

तथा 40 लीटर मिश्रण में पानी की मात्रा = 40 - 32 = 08 लीटर

8 लीटर पानी और मिलाने पर पानी की मात्रा = 8 + 8 = 16 लीटर

∴ दूध तथा पानी का अनुपात = 32:16 or 2:1

(13) सृष्टि तथा रीतू की आयु में 4:5 का अनुपात है यदि उनकी आयु का योग 99 वर्ष हो तो 11 वर्ष बाद उनकी आयु में क्या अनुपात होगा -

(A) 5:6 (B) 6:5
(C) 7:6 (D) 6:7

उत्तर - (A)

हल - सृष्टि की आयु = $99\times\frac{4}{9}$ = 44 वर्ष

रीतू की आयु = $99\times\frac{5}{9}$ = 55 वर्ष

∴ 11 वर्ष वाद उनकी आयु का अनुपात

= $\frac{44+11}{55+11}=\frac{55}{66}$ or 5 : 6

(14) दिव्य 5 किमी की दूरी 30 किमी प्रतिघण्टा की चाल से तय करता है फिर अगले 10 किमी की दूरी वह 40 किमी प्रतिघण्टा की चाल से तय करता है अंततः वह आखिरी 35 किमी की दूरी 60 किमी प्रतिघण्टा की चाल से तय करता है, पूरी यात्रा के दौरान दिव्य की औसत चाल किमी प्रतिघण्टा में है -

(A) 50 (B) 45
(C) 42 (D) 40

उत्तर - (A)

हल - कुल दूरी 5 + 10 + 35 = 50 किमी

कुल समय = $\frac{5}{30}+\frac{10}{40}+\frac{35}{60}$ = 1 घण्टा

अतः औसत चाल = $\frac{50}{1}$ = 50 किमी/घण्टा

(15) कितने प्रतिशत साधारण व्याज की दर से कोई धन 12 वर्ष में तिगुना हो जाएगा -

(A) 16.67% (B) 16%
(C) 15%
(D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर - (A)

हल - माना कि मूलधन 100 Rs. है

∴ मिश्रधन = 3 x 100 = 300 Rs.

∴ व्याज = 300 - 100 = 200 Rs.

व्याज की दर = $\frac{\text{साधारण व्याज x 100}}{\text{मूलधन x समय}}$

= $\frac{200\times100}{100\times12}$ = 16.67%

- डॉ. डी.सी. राठी
(लेखक, शासकीय महाविद्यालय राऊ में एसोसिएट प्रोफेसर हैं।)

अहिंसा और सहिष्णुता को बढ़ावा देने के लिये यूनेस्को प्रदान करता है मदनजीत सिंह पुरस्कार

दो साल में एक बार दिया जाता है यह अवॉर्ड

दुनिया के सभी धर्म और महान व्यक्तियों की बातों में अहिंसा और सहिष्णुता का संदेश अवश्य ही छिपा रहता है।

महात्मा गांधी, नेल्सन मंडेला और दलाई लामा जैसे विश्व विख्यात महापुरुषों ने जीवनभर अहिंसा और सहिष्णुता का संदेश दिया है। महात्मा गांधी ने अपने संदेश में कहा है कि विश्व के सारे महान धर्म मानवजाति की समानता, भाईचारे और सहिष्णुता का संदेश देते हैं। इसके साथ ही गांधीजी ने कहा है कि आज की जरूरत एक धर्म नहीं है, बल्कि विभिन्न धर्मों के मानने वालों के बीच परस्पर सम्मान और सहिष्णुता है। वहीं दलाई लामा कहते हैं कि धर्म का सम्पूर्ण उद्देश्य धैर्य, सहिष्णुता, मानवता, क्षमा, प्यार और संवेदना को फैलाना है। सहिष्णुता, अहिंसा और शांति के दम पर बड़ी और लंबे समय चलने वाली जीत हासिल की जा सकती है।

यूनेस्को का मदनजीत सिंह पुरस्कार

यूनाइटेड नेशंस एजुकेशनल, साइंटिफिक एंड कल्चरल ऑर्गनाइजेशन

(यूनेस्को) द्वारा महात्मा गांधी जी की 125वीं जयंती के मौके पर वर्ष 1995 में सहिष्णुता और अहिंसा को बढ़ावा देने के लिए मदनजीत सिंह पुरस्कार की स्थापना भी की गई थी। यह सम्मान विज्ञान, कला, संस्कृति अथवा संचार के क्षेत्र में सहिष्णुता और अहिंसा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिया जाता है। इस पुरस्कार का पूरा नाम यूनेस्को-मदनजीत सिंह पुरस्कार (UNESCO-Madanjeet Singh Prize for the Promotion of Tolerance and Non-Violence) है।

- यह पुरस्कार 16 नवम्बर को हर दो साल में एक बार प्रदान किया जाता है। इस सम्मान के तहत पुरस्कार विजेता को 1,00,000 अमेरिकी डॉलर प्रदान किए जाते हैं।
- पेरिस स्थित यूनेस्को मुख्यालय में आयोजित समारोह में दिया जाता है यह पुरस्कार।
- दुनिया भर में सहिष्णुता के प्रति लोगों का ध्यान आकर्षित करने और इस क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को सम्मानित करने के लिये 16 नवम्बर को अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस मनाया जाता है।

कौन हैं मदनजीत सिंह?

मदनजीत सिंह, महात्मा गांधी के अनुयायी होने के साथ-साथ एक महान

राजनयिक, कलाकार, लेखक और पब्लिक फिगर थे। इनका जन्म 16 अप्रैल 1924 को अविभाजित भारत के लाहौर में हुआ था, जो वर्तमान में पाकिस्तान में है। मदनजीत सिंह अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लेखक रहे हैं, इन्होंने कला के अलावा अन्य विषयों में भी कई पुस्तकें लिखी हैं। यूनेस्को के कार्यक्रमों, सिद्धांतों और विचारों में भलीभांति परिचित मदनजीत सिंह ने भारत के राजदूत के तौर पर एशिया, दक्षिण अमेरिका, अफ्रीका और यूरोप में अपनी सेवाएं दी थीं। 1995 में सांप्रदायिक सद्भाव और शांति के लिए मदनजीत सिंह द्वारा किये कार्यों को मान्यता देने के लिये यूनेस्को कार्यकारी बोर्ड ने सर्वसम्मति से सहिष्णुता और अहिंसा के संवर्धन के लिए द्विवार्षिक सम्मान 'यूनेस्को-मदनजीत सिंह पुरस्कार' प्रदान करने का फैसला लिया था और यह निर्णय महात्मा गांधी जी की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में पेरिस और फेज की बैठकों में अपनाया गया था। वर्ष 2000 में मदनजीत सिंह ने सतत सांस्कृतिक, शैक्षणिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से साउथ एशिया फाउंडेशन (SAF) की स्थापना की थी। इसके बाद नवम्बर 2000 में इनके महान उद्देश्यों, उदारतापूर्ण कार्यों और अथक प्रयासों को मान्यता देने के लिये इन्हें यूनेस्को गुडविल ब्रांड एम्बेसडर के तौर पर नामित किया गया था। 06 जनवरी 2013 को मदनजीत सिंह का निधन हो गया। यूनेस्को की पूर्व महानिदेशक मैटसुरा ने मदनजीत के बारे में कहा था कि मिस्टर सिंह की व्यक्तिगत प्रतिबद्धता संस्कृति, संवाद आपसी समझ और शांति को बढ़ावा देने के लिए कई अलग-अलग देशों, संस्कृतियों और धर्मों के लोगों के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत है।

अब तक के पुरस्कार विजेता

वर्ष 2020 का यूनेस्को-मदनजीत सिंह पुरस्कार सेंटर फॉर रीजॉल्यूशन ऑफ कॉन्फ्लिक्ट, कांगो (Centre for Resolution of Conflicts - CRC, Democratic Republic of Congo) को प्रदान किया जाएगा। इस बार पुरस्कार के चयन के लिये बनाई गई ज्यूरी के सदस्यों में नंदिता दास (भारत), नाडिया बर्नोसी (मोरक्को) और अब्दुलाए कोनाटे (माली) शामिल थे।

- **2018** : कनाड़ा के मैनोन बारब्यू (Manon Barbeau) और केन्या के एनजीओ द कोएक्सिस्ट इनिशिएटिव
- **2016** : टॉलरेंस सेंटर रसियन फेडरेशन
- **2014** : इब्राहिम अग इदबल्तनत (माली) और फ्रांसिस्को जेवियर एस्टेवेज वार्लेसिया (चिली)
- **2011** : अनारकली होनियार (अफगानिस्तान) और खालिद अबू अवबाद (Palestine)
- **2009** : फ्रांकोइस हाउटार्ट (बेल्जियम) और अब्दुल सत्तार ईधी (पाकिस्तान)
- **2006** : वीरसिंघम आनंदसंग्री (श्रीलंका)
- **2004** : तस्लीमा नसरीन (बांग्लादेश)
- **2002** : आंग सान सु की (म्यांमार)
- **2000** : पोप शनौडा III (इजिप्ट)
- **1998** : नारायण देसाई (भारत) और जन अधिकार के लिए संयुक्त कार्रवाई समिति (पाकिस्तान)
- **1996** : प्रो-फेमेस ट्वेइस हैम्वे (रवांडा में एक राष्ट्रीय महिला संगठन) (रवांडा)

संयुक्त राष्ट्र द्वारा गांधी जी की 125वीं जन्म वर्षगांठ पर मनाया गया था सहिष्णुता वर्ष

वर्ष 1994 में यूनेस्को (यूनाइटेड नेशंस एजुकेशनल, साइंटिफिक एंड कल्चरल ऑर्गनाइजेशन) द्वारा संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में गांधी जी की 125वीं जन्म वर्षगांठ को चिन्हांकित करते हुये 16 नवम्बर को टॉलरेंस डे यानी सहिष्णुता दिवस मनाने की बात कही गई थी। मेंबर स्टेट्स ऑफ यूनेस्को की एक मीटिंग पेरिस में जनरल कॉन्फ्रेंस के 28वें सत्र में हुई थी। यह सत्र 25 अक्टूबर से 16 नवम्बर 1995 तक चला था। इसी सत्र के दौरान टॉलरेंस के प्रिंसिपल्स यानी कि सिद्धांत निर्धारित किए गए थे। इसके साथ ही इस पर व्यापक चर्चा-परिचर्चा भी हुई थी। वर्ष 1995 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा सन् 1995 को संयुक्त राष्ट्र सहिष्णुता वर्ष घोषित किया गया था। उसके बाद संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 1996 में इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी। यह दिन लोगों को वैश्विक सहिष्णुता का महत्व और असहिष्णुता के दुष्प्रभाव को बताता है। इस दिन दुनिया भर में अन्याय, पक्षपातपूर्ण भेदभाव, अत्याचार और समाज पर इन सबके दुष्प्रभावों पर चर्चा और संगोष्ठी भी की जाती हैं। इसके अलावा इस विषय से जुड़ी गतिविधियां भी आयोजित की जाती हैं। यूनेस्को की महानिदेशक ऑड्री अजोले (Audrey Azoulay) ने अपने संदेश में कहा है कि सहिष्णुता का अर्थ महज सुस्ती से खड़े रहने या पुरुषों, महिलाओं, संस्कृतियों और आस्थाओं में भिन्नताओं के प्रति असंवेदनशील बने रहने भर से कहीं ज्यादा है। उनके मुताबिक यह एक मानसिक अवस्था है, एक जागरूकता और जरूरत है। सहिष्णुता एक ऐसा गुण है जो शांति को संभव बनाता है।

असहिष्णुता का मुकाबला कैसे किया जा सकता है?

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार निम्न तरीके से अहिष्णुता का मुकाबला किया जा सकता है :-

- **कानून** : मानवाधिकार कानूनों को सख्ती से लागू करने, नफरत से प्रेरित अपराधों और अल्पसंख्यकों के विरुद्ध भेदभाव पर अंकुश लगाने और दोषियों को दंडित करने की जिम्मेदारी सरकारों की है।
- **शिक्षा** : बच्चों को सहिष्णुता, मानवाधिकारों और अन्य जीवनशैलियों के बारे में बताने के लिए घरों व स्कूलों में विशेष प्रयास किए जाने चाहिए।
- **सूचना की सुलभता** : ऐसी नीतियां बनाना आवश्यक है जिनसे प्रेस की स्वतंत्रता और बहुलतावाद को बढ़ावा मिलता हो ताकि जनता तथ्यों और राय में भेद कर सके।
- **वैयक्तिक जागरूकता** : लोगों को अपने व्यवहार और समाज में अविश्वास व हिंसा के घातक चक्र में संबंध के प्रति जागरूक होना होगा। इसके तहत लोगों को स्वयं से सवाल करना होगा कि क्या वे अपने से भिन्न समुदायों को नकार देते हैं और अपनी समस्याओं का ठीकरा दूसरों पर फोड़ते हैं।
- **स्थानीय समाधान** : अहिंसक कार्रवाई के दौरान नफरत भरे प्रोपेगेंडा का भंडाफोड़ करना, समस्याओं से सामूहिक रूप से निपटने के लिए समूह बनाने और जमीनी स्तर पर नेटवर्क तैयार करना है ताकि असहिष्णुता के पीड़ितों के साथ एकजुट हुआ जा सके।

- रश्मि रंजन

(लेखिका समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

प्लास्टिक : पर्यावरणीय चुनौतियां एवं कानूनी प्रावधान

प्लास्टिक सामान्यतः उच्च अणुभार वाले कठोर, असंतृप्त हाइड्रोकार्बन और रासायनिक यौगिक हैं, जो प्राकृतिक स्रोतों, जैसे- कोयला एवं औद्योगिक तेल पदार्थों से विभिन्न रासायनिक क्रियाओं द्वारा बनते हैं। ताप सहनशीलता के आधार पर प्लास्टिक को मुख्यतः दो समूहों अर्थात थर्मो प्लास्टिक एवं थर्मो सेटिंग प्लास्टिक में रखा जा सकता है।

प्लास्टिक एक किस्म का 'पॉलिमर या बहुलक' है, जो छोटे-छोटे एककों या मोनोमर बहुयौगिकों की रासायनिक क्रियाओं के परिणामस्वरूप उत्पन्न होता है। प्लास्टिक जिन एकक या मोनोमर से बनता है उनमें से किसी के भी गुण उसमें नहीं होते। वह उनसे भिन्न अलग गुणों वाला पदार्थ होता है। प्राकृतिक रूप से भी पॉलिमर पाये जाते हैं। जैसे कि रेशम और रबड़ आदि। प्लास्टिक विभिन्न प्रकार का हो सकता है। जैसे कि पॉलिथिलिन या पॉलिथीन, पॉलिविनाइल क्लोराइड (पीवीसी), पॉलिएमाइड, पॉलिस्टाइरिन, पॉलिइथिलीन टैरिथेलेट इत्यादि। यह विभिन्न कार्यों में प्रयुक्त होती है। कम घनत्व वाले पॉलिथीन से थैलियां बनाई जाती हैं, ज्यादा घनत्व वाले पॉलिथीन से पीने के पानी के क्रेट बनाये जाते हैं। पीवीसी से पानी के पाइप, बिजली के तार इत्यादि बनाये जाते हैं। पॉलिएमाइड से डोरी, खिलौने आदि बनाये जाते हैं, जबकि पॉलिस्टाइरिन पैकेजिंग में प्रयुक्त होता है।

प्लास्टिक के बढ़ते प्रयोग तथा वातावरण पर इसके प्रतिकूल प्रभाव के संबंध में समाज के विभिन्न स्तरों पर निरंतर विचार होता रहा है तथा जनमानस एवं वातावरण पर इसके प्रभाव से हम सबकी चिंता स्वाभाविक है। इन सबके बावजूद प्लास्टिक हल्का, मोड़ने में आसान, टिकाऊ तथा उपयोगकर्ताओं की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रयोग करने में सरल होने के कारण विभिन्न कार्यों के लिये बहुत अधिक चलनशील है। प्लास्टिक के उपयोग ने अर्थव्यवस्था, अवसंरचना, कृषि, भवन एवं निर्माण, दूरसंचार, उपभोक्ता सामग्री और पैकेजिंग इत्यादि क्षेत्र में अपनी सरल उपयोगिता के बल पर ठोस मौजूदगी दिखाई है। यह नष्ट करने में जहां कठिन है, वहीं दूसरी तरफ पुनर्चक्रण के लिये बेहद सरल है। प्लास्टिक के इन्हीं गुणों के कारण जन-सामान्य में यह बेहद लोकप्रिय है एवं विभिन्न कार्यों में इसका व्यापक प्रयोग किया जाता है।

सभी संश्लेषित पदार्थों की तरह प्लास्टिक भी अपने जीवन चक्र के दौरान पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हैं। पूरे देश में प्लास्टिक कचरे को बेतरतीब तरीके से निपटान किया जाता है, जिसकी वजह से आसपास के आवासीय क्षेत्रों और स्थानीय निकायों के कार्यकर्ताओं दोनों के लिये पर्यावरणीय समस्या पैदा हो जाती है। कचरे का काम करने वाले और स्थानीय प्रशासन, दोनों को इन समस्याओं को दूर करने के लिये सुरक्षा के उपायों की तरफ ध्यान देना होगा। उत्पादन से लेकर व्यर्थ होने तक, पॉलिथीन की थैलियां पर्यावरण संबंधित समस्यायें उत्पन्न करती हैं। इसे उपयोग के बाद नगरीय कूड़े करकट के साथ डालने से कई तरह की पर्यावरणीय समस्यायें जैसे कि गंदे पानी के निकास के लिये बनाई गई नालियों का निकास अवरुद्ध होना, प्लास्टिक एवं पॉलिथीन की पन्नियों के खाने से पशुओं की मौत, आसपास का भू-दृश्य खराब होना, भूजल की मात्रा में कमी होना इत्यादि से कई पर्यावरणीय समस्यायें उत्पन्न होती हैं -

1. प्लास्टिक पूर्ण रूप से जैव अविघटनीय होता है, पर्यावरण में यह कई वर्षों तक बना रहता है।
2. मानव स्वास्थ्य पर कैंसर, त्वचा संबंधी बीमारियों एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का कारक होता है।
3. भूमि के जैव श्वसन तंत्र एवं नमी ग्रहण करने की क्षमता में कमी करता है, जिससे पौधों व फसलों का विकास प्रभावित होता है।
4. भूमिगत जल या ग्राउंड वाटर के रीचार्ज में बाधा उत्पन्न करता है।
5. रंगीन अथवा काले रंग की पॉलिथीन की पन्नियों में रखी गई खाद्य सामग्री पन्नी के रंग के प्रभाव से दूषित हो जाती है और स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव डालती है।
6. प्लास्टिक अथवा पॉलिथीन की पन्नियों को जलाने से जहरीली गैसें निकलती हैं, जो वातावरण को दूषित करने के साथ-साथ, मानव एवं जीव-जन्तुओं के स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव डालती हैं।
7. प्लास्टिक जलने पर ग्रीन हाउस गैसें उत्पन्न करती है, जो ग्लोबल वार्मिंग को बढ़ावा देती है एवं ओजोन परत को क्षति पहुंचती है।

प्लास्टिक को प्रयोग कर फेंकना एक आम बात है। वह बायोडिग्रेडेबल नहीं है, किन्तु पुनः चक्रण योग्य है। आधुनिक प्रौद्योगिकी की वजह से प्लास्टिक पैकेजिंग के लिये प्लास्टिक की रिसाइक्लिंग आर्थिक दृष्टि से उपयुक्त है। रिसाइकल्ड सामग्री कीमत एवं निष्पादन की दृष्टि से लाभकारी विकल्प है।

भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा प्लास्टिक के कैरी बैग्स के उपयोग को नियंत्रित करने के लिये **पुनर्चक्रित प्लास्टिक विनिर्माण एवं उपयोग नियम, 1999 एवं यथा संशोधित नियम, 2003 अधिसूचित किये गये हैं।** जिसके अंतर्गत पुनर्चक्रित प्लास्टिक से बने कैरी बैगों या पात्रों के उपयोग पर प्रतिबंध, इनके विनिर्माण की शर्तें, पुनर्चक्रण, चिन्हांकन और कैरी बैगों की मोटाई तय की गई है। यह अधिसूचना 1999 से पूरे देश में लागू है, जिसे 17 जून, 2003 को संशोधित कर और व्यापक बनाया गया है एवं इस अधिसूचना का संशोधित नाम **पुनर्चक्रित प्लास्टिक विनिर्माण और उपयोग (संशोधन) नियम 2003 है।** ऐसा प्रमुखतः इसलिये किया गया है कि बहुत पतली थैलियां न तो निर्मित हों और न ही उनका विक्रय या उपयोग किया जाये।

(शेष पृष्ठ 20 पर)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

तर्कशक्ति

प्र. (1-5) पहेली को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए - आठ व्यक्ति एक इमारत की अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। इमारत में आठ मंजिल हैं, सबसे नीचे वाली मंजिल की संख्या - 1 है और सबसे ऊपर वाली मंजिल की संख्या - 8 है। S विषम संख्या वाली मंजिल पर नहीं रहता है V और W के बीच केवल एक मंजिल है। V, S के नीचे एक सम संख्या वाली मंजिल पर रहता है। R, S के ऊपर वाली मंजिल पर रहता है लेकिन P के नीचे की मंजिल पर रहता है। U और T जो V की मंजिल के ऊपर एक विषम संख्या वाली मंजिल पर रहता है, उनके बीच केवल तीन व्यक्ति रहते हैं। S मंजिल 5 से ऊपर कहीं रहता है। Q, W के ऊपर कहीं रहता है। प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

प्र. (1) मंजिल - 6 पर कौन रहता है?
(a) W (b) T
(c) R (d) S

प्र. (2) U और R के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?
(a) 2 (b) 4
(c) 3 (d) 5

प्र. (3) S के ठीक नीचे कौन रहता है?
(a) T (b) V
(c) Q (d) P

प्र. (4) Q किस मंजिल पर रहता है?
(a) 5 (b) 7
(c) 3 (d) 2

प्र. (5) T के तुरंत ऊपर कौन रहता है?
(a) S (b) P
(c) U (d) R

उत्तर - (1-5)
(1) → (d) S
(2) → (d) 5
(3) → (a) T
(4) → (c) 3
(5) → (a) S

व्याख्या - प्रश्नानुसार,

8	→	P
7	→	R
6	→	S
5	→	T
4	→	V
3	→	Q
2	→	W
1	→	U

प्र. (6) कथन - $W \geq D < M < P < A$
निष्कर्ष - (a) $W < A$
(b) $A \geq W$

उत्तर - दोनों गलत हैं।

व्याख्या - (a) $W < A$ (x)
(b) $A \geq W$ (x)

प्र. (7) कथन - $S < B, H \geq M > F < A = B$
निष्कर्ष - (a) $F < B$
(b) $M > S$

उत्तर - केवल (a) सही है।

व्याख्या - (a) $F < B$ (✓)
(b) $M > S$ (x)

प्र. (8) कथन - $A > T > M > R = S$, $T \leq Q$
निष्कर्ष - (a) $Q > S$
(b) $R < Q$

उत्तर - दोनों सही हैं।

व्याख्या - (a) $Q > S$ (✓)
(b) $R < Q$ (✓)

प्र. (9) कथन - $S \leq B > Q > Z$
निष्कर्ष - (a) $Z > Q$
(b) $B > Z$

उत्तर - केवल (b) सही है।

व्याख्या - (a) $Z > Q$ (x)
(b) $B > Z$ (✓)

प्र. (10) कथन - $Q \geq B < Y = Z > M > T$
निष्कर्ष - (a) $B \geq M$
(b) $Q < M$

उत्तर - दोनों गलत हैं।

व्याख्या - (a) $B \geq M$ (x)
(b) $Q < M$ (x)

प्र. (11) मोहित, 45 लड़कों की एक पंक्ति में बाएं छोर से 15वें और अमन दाएं छोर से 21वें स्थान पर हैं तो उनके बीच कितने लड़के होंगे?
(a) 11 (b) 9
(c) 12 (d) 16

उत्तर - (b) 9

व्याख्या - प्रश्नानुसार,



Middle = Total - (left + right)
= 45 - (15 + 21)
= 45 - 36
= (9)

प्र. (12-15) छः बॉक्स एक स्थान पर रखे जाते हैं। प्रत्येक बॉक्स का भार निम्न है। A, C से भारी है लेकिन B से हल्का है। F का भार एक विषम संख्या है। D, F से भारी है लेकिन सबसे भारी नहीं है। C, D से हल्का है। F, E की तुलना में भारी है, जो दूसरा सबसे हल्का बॉक्स नहीं है। A दूसरा सबसे भारी बॉक्स नहीं है। दूसरे सबसे हल्के बॉक्स का भार 56 kg है।
प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

प्र. (12) यदि A का भार 66 kg है, तो F का भार क्या हो सकता है?
(a) 68 (b) 75
(c) 63 (d) 58

प्र. (13) सबसे भारी बॉक्स कौन सा है?
(a) F (b) B
(c) A (d) C

प्र. (14) E कितने बॉक्स से भारी है?
(a) 3 (b) 2
(c) 1 (d) 0

प्र. (15) 56 kg किसका भार है?
(a) C (b) D
(c) F (d) A

उत्तर - (12-15)
(12) → (c) 63
(13) → (b) B
(14) → (d) 0
(15) → (a) C

व्याख्या - प्रश्नानुसार,
B > D > A > F > C (56) > E

प्र. (16-17) M, N, O, P, Q, R एक परिवार के सदस्य हैं। Q, P का पुत्र है। P, Q की माता नहीं है। N, P का भाई है। R और P विवाहित हैं। O, R की पुत्री है। R, M की बहन है।

प्र. (16) परिवार में कितनी महिला सदस्य हैं?
(a) 2 (b) 3
(c) 4
(d) तय नहीं कर सकते

प्र. (17) Q, O से कैसे संबंधित है?
(a) माता (b) पिता
(c) भाई (d) बहन

उत्तर - (16-17)
(16) → (d) तय नहीं कर सकते
(17) → (c) भाई

व्याख्या - प्रश्नानुसार,



प्र. (18-20) P, M का पिता है। M, K का ब्रदर इन लॉ है। N, Z की पुत्रवधू है। Z, L की ग्रैंडमदर है। P की केवल दो संतान हैं (1 पुत्र और 1 पुत्री)। X, N की सिस्टर इन लॉ है। P, N का ससुर है। K अविवाहित है।

प्र. (18) यदि K, J की पत्नी है, तो J, N से कैसे संबंधित है?
(a) भाई
(b) अंकल
(c) ब्रदन इन लॉ
(d) बहन

प्र. (19) X, L के क्या हैं?
(a) आंटी
(b) अंकल
(c) पिता
(d) भाई

प्र. (20) L किसकी संतान है?
(a) M, K (b) M, N
(c) X, M (d) N, K

उत्तर - (18-20)
(18) → (c) ब्रदन इन लॉ
(19) → (a) आंटी
(20) → (b) M, N

व्याख्या - (18-20) प्रश्नानुसार,



प्र. (21) कथन - सभी पेड़, आम हैं। सभी आम, संतरे हैं। कुछ संतरे, पपीते हैं।
निष्कर्ष - (i) सभी आम, पेड़ हैं।
(ii) कुछ पपीते पेड़ हैं।

उत्तर - दोनों गलत हैं।

व्याख्या -



∵ (i) x
(ii) x

प्र. (22) कथन - कुछ Arm, legs हैं। कोई legs, shoes नहीं हैं। सभी shoes, socks हैं।
निष्कर्ष - (i) कुछ Arm, shoes नहीं हैं।
(ii) कुछ socks, shoes हैं।

उत्तर - दोनों सत्य हैं।

व्याख्या -



∵ (i) ✓
(ii) ✓

प्र. (23) कथन - सभी संगीत, युद्ध हैं। कोई युद्ध, रानी नहीं है। कोई संगीत, जंगल नहीं है।
निष्कर्ष - (i) कुछ संगीत रानी नहीं है।
(ii) कुछ युद्ध जंगल नहीं हैं।

उत्तर - दोनों सत्य हैं।

व्याख्या - कथनानुसार,

∵ (i) ✓
(ii) ✓

प्र. (24) कथन - कुछ Genius, Crazy हैं। सभी Crazy, Mad हैं। कुछ Mad, Super-hero हैं।
निष्कर्ष - (i) कुछ Mad, Genius नहीं है।
(ii) सभी Mad, Genius हैं।

उत्तर - न तो (i) न (ii) सही है।

व्याख्या -

∵ (i) x
(ii) x

प्र. (25) कथन - सभी रेत पानी हैं। कोई फल, पेन नहीं है। कुछ पेन, रेत हैं।
निष्कर्ष - (i) कुछ रेत, पानी हैं।
(ii) कुछ पेन, फल नहीं है।

उत्तर - दोनों सही हैं।

व्याख्या - कथनानुसार,



∵ (i) ✓
(ii) ✓

- ऋचा दुबे
(लेखिका, बैंकिंग परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लिखती हैं)

(पिछले पृष्ठ का शेष)

पुनर्चक्रित प्लास्टिक विनिर्माण और उपयोग (संशोधन) नियम 2003 के प्रावधानों को लागू करने हेतु विनिर्माण और पुनर्चक्रण से संबंधित प्रावधानों के संबंध में, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड इसके उपयोग, एकत्रीकरण, पृथक्करण, परिवहन और व्ययन संबंधित इन नियमों के प्रावधानों को लागू करने के लिये संबंधित जिले के जिला कलेक्टर/उपायुक्त विहित प्राधिकारी बनाये गये हैं।

उक्त नियम के तहत कोई विक्रेता पुनर्चक्रित प्लास्टिक से बने कैरी बैगों या पात्रों का खाद्य पदार्थों के भंडारण, लाने ले जाने, प्रदाय करने या पैकेजिंग के लिये उपयोग नहीं करेगा। इसी तरह अनुप्रयुक्त प्लास्टिक से बने कैरी बैग और पात्र प्राकृतिक रंगत वाले या सफेद होंगे। खाद्य पदार्थों के भंडारण और पैकेजिंग में उपयोग आने वाले, पुनर्चक्रित प्लास्टिक से बने कैरी बैग और पात्रों का विनिर्माण ऐसे रंगकों तथा रंजकों (डाई) का उपयोग कर किया जायेगा जो खाद्य पदार्थों और पेयजल के संपर्क में आने वाले प्लास्टिक के लिये उपयोग होने वाली रंजकों और रंगकों की सूची नामक विनिदेश आई.एस. 9833 : 1981 के अनुरूप है। इस अधिसूचना के अनुसार प्लास्टिक का पुनर्चक्रण और चिन्हांकन भारतीय मानक ब्यूरो के प्लास्टिक के पुनर्चक्रण के लिये मार्गदर्शक सिद्धांत नामक विनिदेश आई.एस. 14534 : 1998 के अनुरूप होना चाहिये।

प्लास्टिक कचरे के प्रभावी प्रबंधन, उसके पुनर्उपयोग एवं कचरे के रिसाइक्लिंग को क्रम अनुसार होना चाहिये। इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिये निवारण, उन्नतिकरण एवं अल्पीकरण के प्रस्ताव शामिल किये जाने चाहिये और इसमें समाज के सभी वर्गों के सहयोग की आवश्यकता होगी, जिसमें उद्योग और नागरिक प्राधिकारी प्रमुख हिस्सेदार होंगे। इस प्रकार के कार्यक्रम की सफलता के लिये जनता की भागीदारी व सरकारी उत्प्रेरक समर्थन की आवश्यकता होगी। इसको देखते हुये इस अधिसूचना में यह भी प्रावधानित है कि अधिसूचना के प्रावधानों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, प्लास्टिक इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, अपनी सदस्य इकाइयों द्वारा स्वतः विनियमन उपाय करेगी। इसके अलावा प्रत्येक अधिभोक्ता जो कैरी अक्षत प्लास्टिक या पुनर्चक्रित प्लास्टिक या दोनों के कैरी बैगों का विनिर्माण कर रहा है वह राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को अपनी इकाई के रजिस्ट्रेशन एवं राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1974 और वायु (प्रदूषण नियंत्रण) अधिनियम 1981 के तहत सहमति नियमानुसार प्राप्त करेगी।

प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग से हो रही पर्यावरणीय क्षति को ध्यान में रखते हुये, हमें निम्नलिखित कार्यनीति एवं कार्यवाही कार्यक्रम अपनाना होगा, जिसमें एकीकृत प्लास्टिक कचरा प्रबंध नीति को अपनाना प्रमुख लक्ष्य होना चाहिये।

1. प्लास्टिक का प्रयोग कम करना, प्लास्टिक का पृथक्करण तथा पर्यावरणीय मार्गदर्शिकाओं का अनुपालन।
2. जनजागरूकता कार्यक्रम एवं कूड़ा-कचरा फैलाने वालों पर जुर्माना, अग्नि सुरक्षा एवं बचाव के उपायों का अनुपालन।
3. कचरा संग्रहण पद्धतियों को सुदृढ़ करना व कचरा बीनने वाले/संग्रहणकर्ता, जो भारत में प्लास्टिक कचरा संग्रहण के लिये जिम्मेदार हैं, के सुरक्षा, सामाजिक एवं पर्यावरणीय स्थिति को सुधारना।
4. उपयुक्त मार्गदर्शिका एवं निर्देशों के साथ प्लास्टिक कचरा प्रबंधन तंत्र का विकास करना।
5. रिसाइक्लिंग/संसाधन पद्धतियों/प्रौद्योगिकियों और अंतिम उत्पाद उपयोगों के साथ वांछित रिसाइकल्ड मात्रा और पर्यावरणीय एवं तकनीकी रूप से उन्नतिशील बनाने के लिये मार्गदर्शिका बनाना।
6. प्लास्टिक पैकेजिंग, खपत, कचरा उत्पादन, संग्रहण एवं निपटान करना।
7. प्लास्टिक कचरा प्रबंधन पद्धति का विकास करना।
8. प्लास्टिक रिसाइक्लिंग उद्योगों में काम करने की शर्तों से संबंधित सामाजिक एवं पर्यावरणीय विषयों पर कार्यवाही करना।
9. सामग्री रिसाइक्लिंग की सीमा एवं ऊर्जा प्राप्ति के लिये प्रौद्योगिकी आधारित भस्मीकरण को अपनाना।
10. संकटपूर्ण एवं गैर संकटपूर्ण क्षेत्रों में उनकी स्थिति/मानकीकरण अंतिम उत्पादों को बढ़ावा देने के लिये सैद्धांतिक उपयोग, विकास एवं अनुसंधान।

प्लास्टिक के कैरी बैग एवं उनसे निर्मित सामग्रियों का उपयोग एकाएक खत्म तो नहीं किया जा सकता, लेकिन जन-मानस में जागरूकता लाकर इनका उपयोग नियंत्रित किया जा सकता है। इसमें हम सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी, जिससे पर्यावरण को क्षति पहुंचाये बिना हम इस बहुपयोगी पदार्थ का लाभ मानव हित में कर सकते हैं।

- अनिल कुमार शर्मा
(लेखक, मध्यप्रदेश प्रदूषण निवारण मंडल के पूर्व मुख्य अभियंता हैं।)

OBJECTIVE QUESTIONS FOR COMPETITIVE EXAMINATION

Subject : GENERAL ENGLISH

Fill in the blanks with suitable articles. (Question No. 1 to 5)

1. He visits his village twice ..... month.
(a) a (b) the
(c) an (d) no article

2. Twelve inches make ..... foot.
(a) an (b) a
(c) the (d) no article

3. His brother is ..... software engineer.
(a) an (b) the
(c) a (d) no article

4. Simran is ..... intelligent student.
(a) a (b) the
(c) no article (d) an

5. Pravin loves ..... pineapple juice.
(a) an (b) a
(c) the (d) no article

Fill in the blank spaces with suitable prepositions. (Question No. 6 to 12)

6. What are you laughing .....
(a) in (b) with
(c) at (d) on

7. It has been raining heavily ..... a week.
(a) at (b) for
(c) since (d) from

8. The aim ..... the online classes is to help students in studies.
(a) in (b) of
(c) with (d) at

9. Seema's brother is trying to make things easier ..... her.
(a) on (b) of
(c) for (d) to

10. Doctors are treating him ..... the new drug.
(a) about (b) in
(c) with (d) into

11. The food was served ..... his mother.
(a) on (b) with
(c) at (d) by

12. My family lived in city ..... ten years.
(a) of (b) from
(c) since (d) for

Fill in the blanks with suitable form of the verb. (Question No. 13 to 18)

13. Asha ..... M.A. in History in 2011.
(a) has passed
(b) was passed
(c) passed
(d) had passed.

14. Anju didn't ..... her food last night.
(a) has eaten
(b) ate
(c) eat
(d) had eaten.

15. The condition of a critical patient ..... normal so far.
(a) had turned
(b) is turning
(c) was turned
(d) has turned

16. The gardener ..... the plants since morning.
(a) Watered
(b) is being watering
(c) is watering
(d) has been watering

17. Computers ..... large number of data.
(a) Stored
(b) store
(c) stores
(d) has stored

18. In future, there ..... online classes held everywhere.
(a) is held (b) will be
(c) is (d) would

Change the Voice. (Question No. 19 to 25)

19. The transfer certificate has been issued by the clerk.
(a) The clerk has transferred the issue certificate.
(b) The clerk transfers and issue the certificate.
(c) The clerk has issued the transfer certificate.
(d) The clerk has been issued the transfer certificate.

20. Kapil has not noticed this mistake.
(a) Has not Kapil noticed this mistake.
(b) Mistake has not been noticed this by Kapil.
(c) Has this mistake not been noticed by Kapil.
(d) This mistake has not been noticed by Kapil.

21. Plan a party.
(a) You are bound to arrange party.
(b) You must plan a party.
(c) Party is essential to plan.
(d) Let a party be planned.

22. Radhika is learning Bharatnatyam in Dance academy.
(a) Dance academy is being learned Bharatnatym by Radhika.
(b) Bharatnatyam is learned by Radhika in Dance academy.
(c) Bharatnatyam is being learned by Radhika in Dance academy.
(d) Dance academy, Bharatnatyam is being learned by Radhika.

23. The police closed the file.
(a) The file is closed by the police.
(b) The file closed by the police.
(c) The file had been closed by the police.
(d) The file was closed by the police.

24. I saw many horror films in college days.
(a) Many horror films were seen by me in college days.
(b) Many horror films had seen by me in college days.
(c) In college days, many horror films saw me.
(d) In college days, I saw many horror films.

25. Ankit is fined Rs. 200 by the officer.
(a) Rs 200 is fined by Ankit to officer.
(b) The officer fines Ankit Rs 200.
(c) The officer fines Rs 200 Ankit.
(d) The officer was fined Rs 200 by Ankit.

Do as directed. (Question No. 26 to 30)

26. Life is very difficult in poverty.
(Make it negative without changing the meaning)
(a) Life is very easy in poverty.
(b) How easy life is in poverty!
(c) Life is not so easy in poverty.
(d) Life is not very difficult in poverty.

27. What is a problem in this case? (Make it assertive)
(a) There is a problem in this case.
(b) Is there a problem in this case?
(c) There is no problem in this case.
(d) Problem is there in this case

28. This is a flop film. (Make it exclamatory)
(a) Is this a flop film!
(b) Flop film is this!
(c) How flop film this is!
(d) What a flop film this is!

29. He is very bad. (Make it exclamatory)
(a) He is not good boy.
(b) What a bad he is!
(c) Is he a bad guy?
(d) How bad he is!

30. How can any person hack your account? (Make it assertive)
(a) What is a possibility of your account hacking?
(b) It is possible that any person can hack your account.
(c) It is not possible for any person to hack your account.
(d) There is a possibility for any person to hack your account.

Choose the word opposite to the meaning of the given word. (Question No. 31 to 35)

31. Attic
(a) Loft (b) Garret
(c) Cellar (d) Upper flour

32. Cowardly
(a) Looser (b) Brave
(c) Gutless (d) Craven

33. Amplify
(a) Intensify (b) Shrink
(c) Magnify (d) Augment

34. Seldom
(a) Rarely
(b) Hardly
(c) Infrequently
(d) Frequent

35. Harsh
(a) Cruel (b) Mild
(c) Callous (d) Unkind

Synonyms (Question No. 36 to 40)

36. Inflame
(a) Anger (b) Cool
(c) Protect (d) Chilly

37. Risky
(a) Terse (b) Secure
(c) Unsafe (d) Safe

38. Impish
(a) Taciturn (b) Naughty
(c) Silent (d) Aloof

39. Earsplitting
(a) Fairly
(b) Moderately
(c) Loud
(d) Quite

40. Eccentric
(a) Conventional
(b) Conformist
(c) Follower
(d) Strange

One word substitutions. (Question No 41 to 45)

41. An animal that can live both in water and on land.
(a) Herbivorous
(b) Aquatic
(c) Terrestrial
(d) Amphibian

42. The study or science of historical relics, monuments.
(a) Excavation
(b) Archeology
(c) Historiography
(d) Antiquary

43. Sending goods to another country for commercial purpose.
(a) Commercialization
(b) Marketing
(c) Export
(d) Import

44. A group of stars in the sky.
(a) Asteroid
(b) Geometry
(c) Galaxy
(d) Geology

45. The killing of a race.
(a) Suicide
(b) Genocide
(c) Homicide
(d) Matricide

In each of the following questions, find out the correctly spelt word. (Questions 46 to 50)

46. (a) Vaccin (b) Vacine
(c) Vaksin (d) Vaccine

47. (a) Quarentine
(b) Quarantin
(c) Quarantaine
(d) Quarantine

48. (a) Aimbulance
(b) Ambulance
(c) Ambulanc
(d) Ambilence

49. (a) Placiebo
(b) Placebo
(c) Placibow
(d) Placibo

50. (a) Injection
(b) Enjection
(c) Injanction
(d) Injecsion

ANSWERS

1. a, 2. b, 3. c, 4. d, 5. d, 6. c, 7. b, 8. b, 9. c, 10. c, 11. d, 12. d, 13. c, 14. c, 15. d, 16. d, 17. b, 18. b, 19. c, 20. d, 21. d, 22. c, 23. d, 24. a, 25. b, 26. c, 27. c, 28. d, 29. d, 30. c, 31. c, 32. b, 33. b, 34. d, 35. b, 36. a, 37. c, 38. b, 39. c, 40. d, 41. d, 42. b, 43. c, 44. c, 45. b, 46. d, 47. d, 48. b, 49. b, 50. a.

EXPLANATION

1. & 2. Article 'A' is used before the noun which begins with consonant and pronounced as consonant. A means any one or single.

30. Positive interrogatives are made negative assertive and vice-versa. Hence positive interrogative sentence is changed into negative assertive sentence.

- Prafulkumar Prakash Vaidhya
(Assistant Professor in English
Sardar Patel Mahavidyalaya,
Chandrapur)

नेशनल लोक अदालत 12 दिसम्बर को होगी आयोजित

भोपाल, मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के 16 जिलों में 12 दिसम्बर को लगायी जाने वाली नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। कंपनी द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126, 135 तथा 138 के तहत दर्ज बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों में लोक अदालत में समझौता शर्तों का मसौदा जारी कर दिया गया है।

कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 126 व 135 एवं 138 के अंतर्गत लंबित प्रकरण एवं ऐसे प्रकरण जो न्यायालय में दर्ज नहीं हो सके हैं, त्वरित निराकरण तथा धारा 126 के अंतर्गत बनाये गये ऐसे प्रकरण जिनमें उपभोक्ताओं द्वारा अपीलीय कमेटी के समक्ष आपत्ति/अपील प्रस्तुत नहीं की गई है, की प्रीलिटिगेशन के माध्यम से निराकरण के लिये निम्न दाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट दी जाएगी।

प्रीलिटिगेशन स्तर पर - कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 40 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

न्यायालयीन लंबित प्रकरणों में - कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 25 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

कंपनी ने कहा है कि लोक अदालत में छूट कुछ नियम एवं शर्तों के तहत दी जाएगी। आवेदक को निर्धारित छूट के उपरांत शेष बिल आंकलित सिविल दायित्व एवं ब्याज की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा। उपभोक्ता/उपयोगकर्ता को विचाराधीन प्रकरण वाले परिसर एवं अन्य परिसरों पर उसके नाम पर किसी अन्य संयोजन/संयोजनों के विरुद्ध विद्युत देयकों की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान भी करना होगा।

आवेदक के नाम पर कोई वैध कनेक्शन न होने की स्थिति में छूट का लाभ प्राप्त करने के लिये आवेदक द्वारा वैध कनेक्शन प्राप्त करना एवं पूर्व में विच्छेदित कनेक्शनों के विरुद्ध बकाया राशि (यदि कोई हो) का पूर्ण भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा। नेशनल लोक अदालत में छूट, आवेदक द्वारा विद्युत चोरी/अनाधिकृत उपयोग पहली बार किये जाने की स्थिति में ही दी जाएगी। विद्युत चोरी/अनाधिकृत उपयोग के प्रकरणों में पूर्व की लोक अदालत तथा अदालतों में छूट प्राप्त किये उपभोक्ता एवं उपयोगकर्ता छूट के पात्र नहीं होंगे। सामान्य बिजली बिलों में जुड़ी बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जाएगी। यह छूट मात्र नेशनल 'लोक अदालत' 12 दिसम्बर 2020 को समझौते करने के लिये ही लागू रहेगी।

यू.जी.सी. नेट/जेआरएफ परीक्षा के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

शिक्षण और शोध अभियोग्यता

1. निम्नलिखित में से कौनसा शोध शैक्षिक समस्याओं के तात्कालिक समाधान हेतु क्रियान्वित शोध माना जाता है?
(अ) क्रियात्मक शोध
(ब) व्यावहारिक शोध
(स) मूलभूत शोध
(द) विवरणात्मक शोध
उत्तर - (अ) क्रियात्मक शोध

2. आधुनिक भारतीय विश्वविद्यालयों की स्थापना निम्न में से किस आधार पर हुई?
(अ) लार्ड मैकाले के सुझावों पर
(ब) राधाकृष्णन आयोग की सिफारिशों पर
(स) वुड के घोषणा-पत्र के आधार पर
(द) उपरोक्त सभी के आधार पर
उत्तर - (स) वुड के घोषणा-पत्र के आधार पर

3. वेब-पृष्ठ में पते (एड्रेस) के लिये क्या नाम होता है?
(अ) यू.आर.एल.
(ब) प्रोटोकाल
(स) डोमेन
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (अ) यू.आर.एल.
व्याख्या - इसका पूरा नाम है यूनिफार्म रिसोर्स लोकेशन।

4. निर्देशन कार्यक्रम में निम्नलिखित में से क्या प्रयुक्त होता है?
(अ) बुद्धि परीक्षण
(ब) रुचि परीक्षण
(स) अभियोग्यता परीक्षण
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (द) उपरोक्त सभी

5. निम्नलिखित में से कौन-सी शिक्षा की अनौपचारिक संस्था है?
(अ) महाविद्यालय
(ब) विश्वविद्यालय
(स) परिवार
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (स) परिवार

6. 1, 6, 15, 28 में अगली संख्या क्या होगी?
(अ) 45
(ब) 56
(स) 58
(द) 84
उत्तर - (अ) 45
व्याख्या - 45, 1 + 5, 6 + 9, 15 + 13, 28 + 17 हर संख्या में 4-4 से वृद्धि करके जोड़ना है।

7. किसी कक्षा में संवाद ग्रहण की संभाव्यता को किस प्रकार बढ़ाया जा सकता है?
(अ) विद्यार्थियों की अनभिज्ञता उजागर करके
(ब) दृष्टिकोण स्थापित करके
(स) सूचनायें प्रदान करके
(द) हेडफोन प्रदान करके
उत्तर - (ब) दृष्टिकोण स्थापित करके
व्याख्या - विद्यार्थियों का दृष्टिकोण स्थापित करके संवाद ग्रहण को बढ़ाया जा सकता है।

8. किसी सांकेतिक भाषा में COVALENT को BWPDUOFM लिखा जाता है तो ELEPHANT को कैसे लिखा जायेगा?
(अ) QFMFUOBI
(ब) FMFPHANT
(स) MFUIQRTW
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (अ) QFMFUOBI

9. एक उत्तम सम्प्रेषक अपना प्रस्तुतिकरण किससे प्रारम्भ करता है?
(अ) जटिल प्रश्न
(ब) सुगम पूर्वाभ्यास
(स) पुनरावर्ती
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (ब) सुगम पूर्वाभ्यास
व्याख्या - सुगम पूर्वाभ्यास करके प्रस्तुति को रोचक बनाया जा सकता है।

10. श्याम, सचिन का मित्र है। एक बुजुर्ग आदमी की ओर इशारा करते हुये श्याम ने सचिन से पूछा कि वह कौन है? सचिन ने कहा 'उनका बेटा, मेरे बेटे का चाचा है' बुजुर्ग व्यक्ति और सचिन के बीच क्या रिश्ता है?
(अ) श्वसुर (ब) पिता
(स) चाचा (द) दादा
उत्तर - (ब) पिता
व्याख्या - बुजुर्ग व्यक्ति का बेटा और सचिन भाई हुये, सचिन के बेटे का चाचा उसका भाई है।

11. निम्नलिखित ऊर्जा ईंधनों में कौनसा ईंधन पर्यावरण के लिये सबसे अनुकूल है?
(अ) हाइड्रोजन
(ब) सी.एन.जी.
(स) पेट्रोल
(द) गैस
उत्तर - (अ) हाइड्रोजन
व्याख्या - हाइड्रोजन के जलने से किसी भी प्रकार के कार्बन पदार्थ उत्पन्न नहीं होते हैं।

12. शैक्षिक तकनीक प्रयुक्त की जाती है?
(अ) ज्ञान के संरक्षण में
(ब) ज्ञान के स्थानान्तरण में
(स) ज्ञान को समृद्ध बनाने में
(द) उपरोक्त सभी में
उत्तर - (द) उपरोक्त सभी में

13. कम्प्यूटर से सम्बन्धित कार्यों में प्रयोग हेतु यूएसबी का पूरा रूप क्या है?
(अ) यूनिवर्सल सिक्योरिटी ब्लॉक
(ब) यूनिवर्सल सीरियल बस
(स) यूनाइटेड स्टेट ब्लॉक
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (ब) यूनिवर्सल सीरियल बस
व्याख्या - इससे विभिन्न यंत्रों को कम्प्यूटर में जोड़ा जाता है।

14. निम्नलिखित में से शोध के किस प्रकार में मौजूदा स्थितियों में सुधार पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है?
(अ) क्रियात्मक शोध
(ब) प्रायोगिक शोध
(स) कार्योत्तर शोध
(द) मौलिक शोध
उत्तर - (अ) क्रियात्मक शोध

15. एक शोध प्रबंध लेखन फार्मेट को अन्तिम रूप देने में निम्नलिखित में से कौनसा पूरक-पृष्ठों का भाग बनता है?
(अ) विषय सारणी
(ब) सारणियाँ और आंकड़ों की सूची
(स) ग्रंथ सूची और परिशिष्ट
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (स) ग्रंथ सूची और परिशिष्ट
व्याख्या - सबसे अंत में ग्रंथ सूची व परिशिष्ट रहते हैं।

16. निम्नलिखित में कौन प्रभावी शिक्षण में प्रमुख व्यवहार है?
(अ) संरचना
(ब) अनुदेशनात्मक विविधता
(स) प्रश्न पूछना
(द) विद्यार्थियों के विचारों का अनुप्रयोग
उत्तर - (ब) अनुदेशनात्मक विविधता

17. निम्नलिखित में से कौनसा एक अरब कैरेक्टर्स प्रदर्शित करता है?
(अ) मेगाबाइट्स
(ब) किलोबाइट्स
(स) गीगाबाइट्स
(द) टेराबाइट्स
उत्तर - (स) गीगाबाइट्स
व्याख्या - 1 गीगाबाइट में 10^9 बाइट्स होते हैं।

18. निम्नलिखित में से किस व्यवस्था में विचारों तथा मुद्दों की व्यापक रेंज को सम्भव बनाया जा सकता है?
(अ) सम्मेलन
(ब) संगोष्ठी
(स) शोध लेख
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (अ) सम्मेलन

19. निम्नलिखित में से कौनसे डोमने को अनुलाभकारी व्यापार हेतु प्रयोग किया जाता है?
(अ) एन.ई.टी. (नेट)
(ब) सी.ओ.एम. (कॉम)
(स) ई.डी.यू. (एडू)
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (ब) सी.ओ.एम. (कॉम)
व्याख्या - सी.ओ.एम. (COM) से तात्पर्य कॉमर्स से होता है।

20. एक निगमनात्मक तर्क अप्रामाणिक है यदि?
(अ) इसके आधार वाक्य और निष्कर्ष सभी गलत हों
(ब) इसके सभी आधार वाक्य गलत हों परन्तु इसका निष्कर्ष सही हो
(स) इसके सभी आधार वाक्य सही हों परन्तु इसका निष्कर्ष गलत हो
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (स) इसके सभी आधार वाक्य सही हों परन्तु इसका निष्कर्ष गलत हो।

21. जैसे गिलास में बर्फ के पिघलते गोलों से गिलास का पानी उससे बाहर नहीं बहता उसी प्रकार पिघलते हुये समुद्री हिमखंड से समुद्र का आयतन नहीं बढ़ता है। यह निम्नलिखित में से किस प्रकार का तर्क है?
(अ) परिकल्पनात्मक
(ब) मनोवैज्ञानिक
(स) सादृश्य मूलक
(द) उपरोक्त में से कोई भी
उत्तर - (स) सादृश्य मूलक

22. डाटा भंडारण का अधिक्रम निम्न में से है?
(अ) बिट्स, बाइट्स, फील्ड्स रिकॉर्ड्स, फाइल, डाटा बेसेज
(ब) बिट्स, बाइट्स, रिकॉर्ड्स, फील्ड्स, फाइलें, डाटा बेसेज
(स) बाइट्स, बिट्स, रिकॉर्ड्स, फील्ड्स, फाइलें, डाटा बेसेज
(द) रिकॉर्ड्स, फील्ड्स, फाइल्स, डाटा बेसेज
उत्तर - (अ) बिट्स, बाइट्स, फील्ड्स रिकॉर्ड्स, फाइल, डाटा बेसेज

23. HTTP शब्द का प्रयोग निम्नलिखित के लिये किया जाता है?
(अ) हाइपर टैक्स्ट - ट्रांसपोर्ट प्रोटोकॉल
(ब) हाइपर टैक्स्ट - ट्रांसफर प्रोटोकॉल
(स) उपरोक्त दोनों
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (अ) हाइपर टैक्स्ट - ट्रांसपोर्ट प्रोटोकॉल

24. नेट पर किसी संसाधन का पता कहलाता है?
(अ) ISP
(ब) HTTP
(स) URL
(द) WWW
उत्तर - (स) URL

25. FTP का प्रयोग निम्नलिखित के लिये किया जाता है?
(अ) वेब पर सूचना का प्रेषण
(ब) ई-मेल भेजना
(स) इंटरनेट पर एक कम्प्यूटर से अन्य पर डाटा को अपलोड/डाउनलोड करना
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (स) इंटरनेट पर एक कम्प्यूटर से अन्य पर डाटा को अपलोड/डाउनलोड करना

26. किसी कक्षा में पास होने वाले विद्यार्थियों में से मीता का स्थान ऊपर से बाइसवां है और नैना, जो मीता से पांच स्थान नीचे है, नीचे से चौंतीसवें स्थान पर है। कक्षा के सभी विद्यार्थियों ने परीक्षा दी है। परीक्षा में पास और फेल विद्यार्थियों का अनुपात 4 : 1 है तो कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं?
(अ) 60
(ब) 75
(स) 100
(द) 120
उत्तर - (ब) 75
व्याख्या - कक्षा में पास होने वाले विद्यार्थियों में मीता का स्थान = 22वां
कक्षा में पास होने वाले विद्यार्थियों में नैना का स्थान 22 + 5 = 27वां
कक्षा में पास होने वाले विद्यार्थियों की संख्या 34 + 27 - 1 = 60
कक्षा में कुल विद्यार्थियों की संख्या 60/4 x 5 = 75

27. बस में एक लड़की की ओर संकेत करते हुये एक व्यक्ति अपने मित्र को बताता है कि 'यह मेरे पिता की पत्नी के इकलौते पुत्र की पुत्री है' उस लड़की का व्यक्ति से क्या सम्बन्ध है?
(अ) पुत्री
(ब) माता
(स) बहिन
(द) पत्नी
उत्तर - (अ) पुत्री
व्याख्या - पिता की पत्नी के इकलौते पुत्र याने स्वयं की वह लड़की पुत्री है।

28. किसी कोड में MONKEY को XDJMNL लिखा जाता है। इसी कोड से TIGER को कैसे लिखेंगे?
(अ) SDEML
(ब) QDFHS
(स) REGTI
(द) GEMITE
उत्तर - (ब) QDFHS

29. A, B, C, D और E उत्तर की ओर मुंह करके एक लाइन में खड़े हैं। B के बाईं ओर 40 मीटर दूर E खड़ा है। C के बाईं ओर 20 मीटर दूर A खड़ा है। E के दाईं ओर 20 मीटर दूर और C के दाईं ओर 50 मीटर दूर D खड़ा है। A और B के बीच कितनी दूरी है?
(अ) 70
(ब) 90
(स) 100
(द) 110
उत्तर - (ब) 90

30. 24, 29, 39, 54 ?
(अ) 74
(ब) 59
(स) 44
(द) 88
उत्तर - (अ) 74
व्याख्या - + 5, + 10, + 15, + 20

31. कम्प्यूटर तंत्र के कार्य करने के लिये निम्नलिखित में से कौनसा प्रोग्राम अनिवार्य होता है?
(अ) प्रचालन तंत्र
(ब) सिस्टम सॉफ्टवेयर
(स) जावा
(द) MS ऑफिस
उत्तर - (ब) सिस्टम सॉफ्टवेयर

32. आउटपुट युक्ति निम्न में से कोनसी नहीं है?
(अ) प्रिंटर
(ब) प्लॉटर
(स) स्कैनर
(द) स्पीकर
उत्तर - (स) स्कैनर
व्याख्या - स्कैनर इनपुट के लिये होता है।

33. सफलनात्मक परीक्षणों के आधार पर एक शिक्षक अपने विद्यार्थियों के निष्पादन व्यवहार को उसमें अभिव्यक्त सुस्थित जीवन शैली के संदर्भ में व्याख्यायित करता है। इसे कहते हैं?
(अ) निकष संदर्भित परीक्षण
(ब) निर्माणात्मक परीक्षण
(स) उपरोक्त दोनों
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (अ) निकष संदर्भित परीक्षण

34. एक शोधकर्ता बच्चों की चिन्ता उन्मुखता पर पोषण विधि के प्रभाव का आकलन करने का प्रयास करता है। कौनसी विधि इसके लिये उपयुक्त हो सकती है?
(अ) प्रायोगिक पद्धति
(ब) सर्वेक्षण पद्धति
(स) कार्योत्तर पद्धति
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (स) कार्योत्तर पद्धति

- डॉ. माया राठी
(लेखिका, अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका हैं।)

शासकीय सेवकों के लिये विशेष नगद पैकेज योजना घोषित

भोपाल, राज्य शासन ने प्रदेश के कर्मचारियों के लिये 4 हजार रुपये तक की विशेष नगद पैकेज योजना घोषित की है। योजना के अंतर्गत 12 हजार रुपये तक की सामग्री अथवा सेवाएं बाजार से क्रय करने पर प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों को 4 हजार रुपये, तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों को 3 हजार रुपये और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को 2 हजार रुपये विशेष नगद पैकेज मिलेगा। विशेष नगद पैकेज योजना 31 मार्च, 2021 तक लागू रहेगी।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कर्मचारियों को सीधा लाभ पहुंचाने के लिये आर्थिक गतिविधियों को सक्रिय करने और कोविड-19 की आपदा के परिदृश्य में उपभोक्ता खपत को बढ़ाये जाने के उद्देश्य से यह योजना लागू करने का निर्णय लिया है। योजना का लाभ लेने के लिये सामग्री क्रय अथवा सेवा पंजीकृत जीएसटी वेण्डर या सेवा प्रदाता से 12 प्रतिशत या अधिक जीएसटी अंतर्गत आने वाली सामग्री या सेवाएं क्रय करना होंगी। इनका भुगतान डिजिटल होना आवश्यक है। अधिकारी-कर्मचारियों को योजना में प्रतिपूर्ति के लिये अपने विभाग के कार्यालय प्रमुख को आवेदन देना होगा। आवेदन में सामग्री/सेवाओं के क्रय का देयक एवं डिजिटल पेमेंट प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। देयक अनुसार क्रय की गई सकल राशि का एक तिहाई अथवा पात्रता राशि सीमा तक प्रतिपूर्ति की पात्रता होगी। योजना के अंतर्गत प्रतिपूर्ति के लिये दावा 30 अप्रैल, 2021 तक कार्यालय प्रमुख को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

राज्य शासन द्वारा सतत शासकीय सेवकों के हित में निर्णय लिये गये हैं। शासकीय सेवकों को सातवें वेतनमान के एरियर्स की तृतीय किश्त के 25 प्रतिशत का भुगतान करने तथा विशेष त्योहार पैकेज के अंतर्गत 40 हजार रुपये या इससे कम कुल वेतन पाने वाले शासकीय सेवकों के लिये 10 हजार रुपये का अग्रिम योजना का निर्णय लिया जा चुका है।

खेल चर्चा

हैमिल्टन ने जीती बहरीन ग्रांप्री रेस

मनामा, विश्व के दिग्गज फॉर्मूला-वन रेसर लुईस हैमिल्टन ने बहरीन ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस अपने नाम की है। हैमिल्टन ने 57 लैप की यह रेस 2 घंटे 59 मिनट 47.515 सेकेंड में पूरी की। रेस में मैक्स वर्स्टापेन दूसरे, एलेक्जेंडर एल्बोन तीसरे, लैंडो नोरिस चौथे तथा कार्लोस सेंज पांचवें स्थान पर रहे। हैमिल्टन पहले ही इस वर्ष फॉर्मूला-वन चैंपियनशिप अपने नाम कर चुके हैं। हैमिल्टन इस वर्ष अब तक कुल 11 रेस जीत चुके हैं। उल्लेखनीय है कि बहरीन ग्रैंड प्रिक्स में हास फेरारी टीम के रेसर रोमैन ग्रोसजेन की कार दुर्घटना का शिकार हो गई। ग्रोसजेन की कार में आग लगने के कारण रेस कुछ देर के लिये प्रभावित भी हुई थी।

चैंपियंस लीग के इतिहास की पहली महिला रेफरी बनेंगी फ्रेपार्ट

पेरिस, फ्रांस की स्टेफनी फ्रेपार्ट चैंपियंस लीग के इतिहास की पहली महिला रेफरी होंगी। फ्रेपार्ट चैंपियंस लीग में युवेंट्स और डायनेमो कीव के बीच खेले जाने वाले मुकाबले में रेफरी की भूमिका निभायेंगी। यूरोपियन फुटबॉल की गवर्निंग बॉडी यूएफा ने इसकी पुष्टि की है। इससे पहले फ्रेपार्ट वर्ष 2019 में फीफा महिला विश्वकप में अमेरिका और नीदरलैंड्स के बीच खेले गये फाइनल मुकाबले में भी रेफरी की भूमिका निभा चुकी हैं।

कोरोना के कारण प्रीमियर बैडमिंटन लीग हुई स्थगित

नई दिल्ली, भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने कोरोना महामारी की मौजूदा स्थिति को देखते हुये प्रीमियर बैडमिंटन लीग के छठवें सत्र को अगले एक वर्ष के लिये स्थगित कर दिया है। यह टूर्नामेंट दिसम्बर माह में दिल्ली, मुंबई और पुणे में आयोजित होना था। अब इसका आयोजन अगले साल की शुरुआत में होगा। इसके लिये नई तारीखों की घोषणा शीघ्र की जायेगी। बीएआई ने कहा कि खिलाड़ियों की सुरक्षा तथा अंतर्राष्ट्रीय यात्रा संबंधी गाइडलाइन और उसमें निहित प्रतिबंधों को ध्यान में रखते हुये यह निर्णय लिया गया है।

मार्टिन बने न्यूजीलैंड क्रिकेट के चेयरमैन

ऑकलैंड, पूर्व क्रिकेटर मार्टिन स्नेडेन न्यूजीलैंड क्रिकेट के नये चेयरमैन चुने गये हैं। स्नेडेन, ग्रेग बार्कले का स्थान लेंगे। बार्कले ने हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष बनने के बाद न्यूजीलैंड क्रिकेट के चेयरमैन पद से इस्तीफा दिया था। मार्टिन ने वर्ष 1980 से लेकर वर्ष 1990 के बीच न्यूजीलैंड के लिये 25 टेस्ट तथा 93 वन-डे मैच खेले हैं। मार्टिन रग्बी विश्वकप 2011 के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भी रह चुके हैं।

टाइसन और जोंस का मुकाबला हुआ ड्रॉ

न्यूयॉर्क, अमेरिका के दिग्गज मुक्केबाज माइक टाइसन और रॉय जोंस के बीच प्रदर्शनी मुकाबला ड्रॉ रहा। दोनों दिग्गज मुक्केबाजों के बीच दो-दो मिनट के आठ राउंड खेले गये। जजों ने मुकाबले को 76-76 से ड्रॉ करार दिया। यह मुकाबला चैरिटी के लिये धनराशि जुटाने के लिये आयोजित किया गया था।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया को तीसरे मैच में 13 रन से हराया

ऑस्ट्रेलिया ने 2-1 से जीती वन-डे सीरीज

कैनबरा, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली गई तीन मैचों की वन-डे सीरीज को ऑस्ट्रेलिया ने 2-1 से अपने नाम किया है। सीरीज के पहले दो मैचों में बड़े अंतर से हारने वाली भारतीय क्रिकेट टीम ने तीसरे मैच में शानदार खेल दिखाया और 13 रन से जीत दर्ज की। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने पहला मैच 66 रन तथा दूसरा मैच 51 रन से जीता था।

भारत ने तीसरे मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। भारत के अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन 26 के स्कोर पर 16 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। इसके बाद शुभमन गिल (33) और विराट कोहली (63) ने पारी को संभाला। इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद भारत की पारी लड़खड़ा गई। भारत के 5 विकेट महज 152 रन पर गिर गये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये रविन्द्र जडेजा और हार्दिक पंड्या ने शानदार बल्लेबाजी करते हुये 18 ओवरों में 150 रनों की नाबाद साझेदारी की। जडेजा ने 66 तथा पंड्या ने 92 रन बनाये। भारत ने निर्धारित 50 ओवरों में 5 विकेट खोकर 302 रन बनाये।

डेविड वॉर्नर की गैर मौजूदगी में लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम इस बार अच्छी शुरुआत करने में असफल रही। भारतीय गेंदबाजों ने 56 रन के स्कोर पर मार्नस लाबुशेन (7) और स्टीव स्मिथ (7) को आउट कर दिया। पिछले दो मैचों में 66 और 64 गेंदों में शतक बनाने वाले स्मिथ, शार्दुल ठाकुर का शिकार बने। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एरॉन फिंच (75) एक छोर पर तेजी से रन बटोरते रहे। फिंच के आउट होने के बाद ग्लैन मैक्सवेल (59) ने पारी को संभाला। मैक्सवेल ने एलेक्स कैरी (38) तथा एश्टन एगर (28) के साथ उपयोगी साझेदारियां कीं। एक समय जीत के बेहद नजदीक नजर आने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम मैक्सवेल के आउट होने के बाद लड़खड़ा गई। भारतीय गेंदबाजों ने डेथ ओवर्स में बेहतरीन गेंदबाजी कर भारत को जीत दिलायी।

- मैच के दौरान विराट कोहली ने वन-डे क्रिकेट में 12 हजार रन पूरे किये।
- विराट ने वन-डे में सबसे तेज 12 हजार रन बनाने के सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को तोड़ा।
- सचिन ने 300वीं पारी में 12 हजार पूरे किये थे, जबकि विराट ने 242वीं पारी में।
- कोहली ने वन-डे में 43 तथा टेस्ट में 27 शतक बनाये हैं।

न्यूजीलैंड ने 2-0 से जीती ट्वेंटी-20 सीरीज

माउंट मोंगनुई, न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच खेली गई ट्वेंटी-20 सीरीज को न्यूजीलैंड ने 2-0 से अपने नाम किया है। न्यूजीलैंड ने सीरीज का पहला मैच 5 विकेट से तथा दूसरा मैच 72 रन से जीता। सीरीज का तीसरा मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। सीरीज के दूसरे मैच में न्यूजीलैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में 238 रन बनाये। न्यूजीलैंड के लिये ग्लैन फिलिप्स ने 108 तथा डेवोन कोन्वाय ने 65 रन बनाये। वेस्टइंडीज की टीम इस विशाल लक्ष्य का पीछा नहीं कर पाई और निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट पर 166 रन ही बना सकी।

ईरान के शेलाल को 8 साल बाद मिला ओलिंपिक स्वर्ण पदक

तेहरान, ईरान के भारोत्तोलक नवाब नासिर शेलाल को 8 साल बाद ओलिंपिक स्वर्ण पदक मिला है। शेलाल ने वर्ष 2012 में लंदन ओलिंपिक में भारोत्तोलन में 105 किलोग्राम भारवर्ग में रजत पदक जीता था। इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक यूक्रेन के उलेकसिय तोरोखती ने जीता था। तोरोखती के डोप सैंपल में प्रतिबंधित दवा का अंश मिला था। डोपिंग की संभावना को देखते हुये इस स्पर्धा का परिणाम होल्ड पर रखा गया था। अब अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक समिति (आईओसी) ने तोरोखती को अयोग्य करार देते हुये शेलाल को स्वर्ण पदक प्रदान किया है। आईओसी ने पोलैंड के वार्थोमेज बोंक को रजत तथा उज्बेकिस्तान के इबान एफरेमोव को कांस्य पदक दिया है।

सीनियर नेशनल सेलिंग चैंपियनशिप

मध्यप्रदेश वाटर स्पोर्ट्स सेलिंग अकादमी ने जीते तीन स्वर्ण पदक

मुंबई, कोरोना काल के बाद पहली बार मुंबई में यार्टिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित वाईएआई सीनियर नेशनल सेलिंग चैंपियनशिप-2020 में मध्यप्रदेश वाटर स्पोर्ट्स सेलिंग अकादमी की खिलाड़ी बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मध्यप्रदेश को तीन स्वर्ण और दो रजत पदक दिलाए हैं।

मध्यप्रदेश की खेल और युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि कोरोना काल के बाद यह पहला अवसर है जब वाटर स्पोर्ट्स सेलिंग अकादमी की खिलाड़ी बेटियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और पदक जीतकर मध्यप्रदेश को गौरवान्वित किया।

मुंबई में 21 से 27 नवंबर, 2020 तक आयोजित सीनियर नेशनल सेलिंग चैम्पियनशिप के लेजर रेडियल इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए अकादमी की स्टार खिलाड़ी हर्षिता तोमर ने मध्यप्रदेश को स्वर्ण पदक दिलाया। प्रतियोगिता के 49er Fx इवेंट में अकादमी की खिलाड़ी एकता यादव और रितिका दांगी की जोड़ी ने मध्यप्रदेश के लिए एक स्वर्ण पदक अर्जित किया और शीतल वर्मा और वंशिका परिहार की जोड़ी ने रजत पदक अर्जित किया। जबकि 470 मिक्स्ड क्लास इवेंट में अकादमी की खिलाड़ी श्रद्धा वर्मा और मुरैना के खिलाड़ी रवीन्द्र शर्मा की जोड़ी ने एक स्वर्ण पदक तथा उमा चौहान और अकादमी के पूर्व खिलाड़ी डिंडोरी के सोनू जाटव की जोड़ी ने मध्यप्रदेश को रजत पदक दिलाया। उल्लेखनीय है कि सीनियर नेशनल सेलिंग चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश वाटर स्पोर्ट्स अकादमी की सात खिलाड़ी बालिकाओं ने भागीदारी की और सातों ने ही शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक अर्जित किए हैं।

इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका का ट्वेंटी-20 में किया क्लीन स्वीप

केपटाउन, वन-डे क्रिकेट की विश्व चैंपियन टीम इंग्लैंड का जलवा ट्वेंटी-20 क्रिकेट में भी दिख रहा है। इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को उसके ही घर में ट्वेंटी-20 सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप कर दिया है। इंग्लैंड ने तीसरे ट्वेंटी-20 मैच में दक्षिण अफ्रीका को एकतरफा अंदाज में 9 विकेट से हराया।

मैच में दक्षिण अफ्रीकी टीम ने पहले बल्लेबाजी की। दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन तेजी से रन बनाने के प्रयास में जल्दी विकेट गवां दिये। इसके बाद फाफ डु प्लेसिस और रेसी वान डर डुसेन ने पारी को आगे बढ़ाया और तेजी से रन बनाये। दोनों बल्लेबाजों ने 10.3 ओवरों में 127 रनों की नाबाद साझेदारी की। डु प्लेसिस ने 52 तथा डुसेन ने 74 रन बनाये। दक्षिण अफ्रीका ने निर्धारित 20 ओवरों में 3 विकेट खोकर 191 रन बनाये।

जीत के लिये मिले 192 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लिश टीम

को जेसन रॉय के रूप में शुरुआत में झटका लगा। इसके बाद बटलर ने 46 गेंदों पर नाबाद 67 रन, वहीं मलान ने 47 गेंदों में नाबाद 99 रन बनाये। इंग्लैंड ने 17.4 ओवर में 1 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड की क्रिकेट टीम आईसीसी ट्वेंटी-20 रैंकिंग में पहले पायदान पर पहुंच गई है। आईसीसी द्वारा जारी ट्वेंटी-20 रैंकिंग में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया दोनों के 275 अंक हैं, लेकिन इंग्लैंड दशमलव की गणना के आधार पर ऑस्ट्रेलिया से आगे है।

सिडनी थंडर्स ने जीती महिला बिग बैश लीग

सिडनी, ऑस्ट्रेलिया में प्रतिष्ठित महिला बिग बैश लीग का खिताब सिडनी थंडर्स ने जीता है। टूर्नामेंट के फाइनल में सिडनी थंडर्स ने मेलबर्न स्टार्स को सात विकेट से हराया। फाइनल मैच में मेलबर्न स्टार्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 86 रन बनाये। इसके जवाब में सिडनी थंडर्स ने 13.4 ओवर में ही 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। सिडनी थंडर्स के लिये 12 रन देकर 2 विकेट लेने वाली शबनम इस्माइल को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उल्लेखनीय है कि सिडनी थंडर्स ने दूसरी बार यह टूर्नामेंट जीता है। इससे पहले वर्ष 2015 में भी सिडनी थंडर्स चैंपियन बनी थी। सिडनी सिक्सर्स और ब्रिस्बेन हीट्स दो-दो बार महिला बिग बैश लीग जीत चुके हैं।

बीसीसीआई

घरेलू क्रिकेट शुरू करने की योजना तैयार

नई दिल्ली, घरेलू क्रिकेट का आयोजन करने के लिये भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सीमित मुकाबलों के सत्र के ढांचे पर राज्य संघों की सलाह मांगी है। घरेलू सत्र के आयोजन के लिये बीसीसीआई ने दिसम्बर से मार्च के बीच देशभर में छह जैविक रूप से सुरक्षित स्थल (बायो बबल) तैयार करने की योजना बनाई है।

घरेलू क्रिकेट के लिये चार विकल्प

संघों को लिखे पत्र में बोर्ड ने घरेलू मुकाबलों के आयोजन को लेकर चार विकल्प दिये हैं, जिसमें पहला विकल्प सिर्फ रणजी ट्रॉफी का आयोजन है। दूसरा विकल्प सिर्फ सैयद मुश्ताक अली टी-20 टूर्नामेंट का आयोजन है। तीसरे विकल्प में रणजी ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का संयोजन होगा, जबकि चौथा विकल्प दो सीमित ओवरों के टूर्नामेंट (सैयद मुश्ताक अली और विजय हजारे ट्रॉफी) के लिये विंडो तैयार करना है। पत्र के अनुसार बीसीसीआई ने टूर्नामेंट के संभावित समय पर भी बात की है। रणजी ट्रॉफी (11 जनवरी से 18 मार्च) के लिये 67 दिन प्रस्तावित किये गये हैं।

टीमों के लिये बनेंगे 6 बायो बबल

मुश्ताक अली ट्रॉफी के आयोजन के लिये 22 दिन (20 दिसम्बर से 10 जनवरी) की जरूरत होगी, जबकि अगर विजय हजारे ट्रॉफी का आयोजन होता है तो यह 11 जनवरी से सात फरवरी के बीच 28 दिन में आयोजित हो सकती है। बीसीसीआई 38 टीमों के घरेलू टूर्नामेंट के लिये छह स्थानों पर जैविक रूप से सुरक्षित वातावरण (बायो बबल) तैयार करेगा। पत्र में कहा गया है कि 38 टीमों को पांच एलीट समूह और एक प्लेट समूह में बांटा जायेगा। एलीट समूह में छह-छह टीमें होंगी। जबकि प्लेट समूह में आठ टीमें होंगी।

बायो बबल में तीन आयोजन स्थल होंगे और मैचों का डिजिटल प्रसारण किया जायेगा। बोर्ड ने हाल में इंडियन प्रीमियर लीग का आयोजन यूएई में बायो बबल में किया था और बीसीसीआई अध्यक्ष ने कहा था कि अगस्त में घरेलू सत्र भी शुरू किया जा सकता है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

कोविड-19 टीकाकरण रणनीति के संबंध में सर्वदलीय बैठक

सुरक्षित और सस्ते टीके के विकास के लिए दुनिया भारत की तरफ देख रही है : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में कोविड-19 टीकाकरण के संबंध में आयोजित सर्वदलीय बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हिस्सा लिया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार समग्र टीकाकरण रणनीति विकसित कर रही है। उन्होंने कहा कि विश्व सस्ते और सुरक्षित टीके के विकास के लिए भारत की तरफ देख रहा है।

भारत कोविड-19 टीकाकरण के लिए तैयार

प्रधानमंत्री ने हाल ही में कोविड-19 वैक्सीन निर्माण के 3 केन्द्रों अहमदाबाद, पुणे और हैदराबाद के दौरे में हुए अनुभव साझा करते हुए कहा कि तीन स्वदेशी टीकों समेत कुल 8 संभावित टीके भारत में परीक्षण के अलग-अलग चरण में हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि संभावना है कि कोविड-19 का टीका आगामी कुछ हफ्तों में उपलब्ध हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जैसे ही वैज्ञानिक इस टीके को स्वीकृति देते हैं, वैसे ही भारत में टीकाकरण अभियान शुरू कर दिया जाएगा। केंद्र सरकार, राज्य सरकारों के साथ मिलकर ऐसे समूहों की पहचान कर रही है, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर टीके लगाए जाएंगे, जिसमें स्वास्थ्यकर्मी, अग्रिम पंक्ति के कर्मचारी तथा अधिक जोखिम वाली आम जनता जैसे वृद्ध और बीमारियों से पीड़ित लोग शामिल हैं। टीकाकरण की व्यवस्था को प्रभावी करने के प्रयास के क्रम में स्वास्थ्यकर्मियों और अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों के आंकड़े, टीकों के संग्रहण के लिए ठंडे बक्सों की व्यवस्था, सिरिंज और निडिल की खरीद की तैयारी अगले चरण में हैं।

टीकाकरण अभियान के लिए राष्ट्रीय विशेषज्ञ समूह का गठन

केंद्र और राज्य सरकारों के अधिकारियों और तकनीकी विशेषज्ञों की सदस्यता वाले एक राष्ट्रीय विशेषज्ञ समूह का गठन किया गया है, जो कोविड-19 टीकाकरण से संबंधित अभियान से जुड़ी जिम्मेदारियों को संभालेगा। राष्ट्रीय विशेषज्ञ समूह, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुसार समग्रता में फैसला करेगा।

भारत ने महामारी के खिलाफ संघर्ष में अदम्य इच्छाशक्ति दिखाई

प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि भारतीयों ने इस महामारी से मुकाबले में अदम्य इच्छाशक्ति प्रदर्शित की। इस समूची लड़ाई में भारतीयों द्वारा दिखाया गया धैर्य, साहस और दृढ़ता अतुलनीय है। उन्होंने आगे कहा कि हमने न सिर्फ भारतीय नागरिकों को सुरक्षित करने के प्रयास किए बल्कि अन्य देशों के नागरिकों की भी हिफाजत में मदद की।

भारत ने वैज्ञानिक कार्य प्रणाली अपनाई जिससे भारत में कोविड-19 से संबंधित परीक्षण को तेज़ किया जा सका, इससे न सिर्फ पॉजिटिव दर में कमी आई बल्कि कोविड-19 से हो रही मृत्यु दर में भी कमी दर्ज की गई।

उन्होंने सभी दलों के नेताओं का आह्वान किया कि देश के नागरिकों को और अधिक जागरूक बनाएं और किसी भी तरह की संभावित अफवाह से उन्हें बचाएं। प्रधानमंत्री ने सभी पार्टी के नेताओं को कोविड-19 लड़ाई में उनके मूल्यवान योगदान के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

सामयिकी

इंडोनेशिया में ज्वालामुखी फटा

पूर्वी इंडोनेशिया में एक ज्वालामुखी तीव्र धमाकों के साथ फट गया। डिजास्टर मिटिगेशन एजेंसी के प्रवक्ता के अनुसार ज्वालामुखी ईस्ट नुसा तेंगार प्रांत में फटा है।

- **पूर्वी इंडोनेशिया में फटे ज्वालामुखी की राख आसमान में 4,000 मीटर ऊंचाई तक उठी।**
- **आसपास के 28 गांवों के तकरीबन 2800 लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।**

माउंट इली लेवोटोलोक नाम के ज्वालामुखी के आसपास स्थित गांवों के लोगों को राहत पहुंचाने का कार्य किया गया तथा उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। परिवहन मंत्रालय के अनुसार ज्वालामुखी के फटने के बाद स्थानीय हवाई अड्डे बंद कर दिए गए हैं।

ईरान के परमाणु वैज्ञानिक की हमले में मौत

ईरान के परमाणु वैज्ञानिक डॉ. मोहसिन फखरीजादेह की हत्या कर दी गई

है। ईरान ने सीधे तौर पर इज़रायल पर इस हत्या का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि इज़रायल की एजेंसी मोसाद ने इसे अंजाम दिया है। ईरान के राष्ट्रपति हसन रूहानी और सर्वोच्च धर्मगुरू अयातुल्लाह अली खमनेई ने इस हमले को लेकर अंजाम भुगतने की धमकी भी दी है। दूसरी ओर ईरान के पत्रकार मोहम्मद अहवाज ने दावा किया है कि परमाणु वैज्ञानिक डॉक्टर मोहसिन फखरीजादेह की हत्या में 62 लोग शामिल थे।

विश्व मलेरिया रिपोर्ट 2020

भारत ने मलेरिया के मामलों को कम करने में प्रभावी सफलता हासिल की

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी विश्व मलेरिया रिपोर्ट 2020 के अनुसार भारत ने मलेरिया के मामलों में कमी लाने के काम में प्रभावी प्रगति की है। यह रिपोर्ट गणितीय अनुमानों के आधार पर दुनिया भर में मलेरिया के अनुमानित मामलों के बारे में आंकड़े जारी करती है। रिपोर्ट के अनुसार भारत इस बीमारी से प्रभावित वह अकेला देश है जहां 2018 के मुकाबले 2019 में इस बीमारी के मामलों में 17.6 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। भारत का एनुअल पेरासिटिक इंसीडेंस (एपीआई) 2017 के मुकाबले 2018 में 27.6 प्रतिशत था और ये 2019 में 2018 के मुकाबले 18.4 पर आ गया। भारत ने वर्ष 2012 से एपीआई को एक से भी कम पर बरकरार रखा है। भारत ने मलेरिया के क्षेत्रवार मामलों में सबसे बड़ी गिरावट लाने में भी योगदान किया है। यह 20 मिलियन से घटकर करीब 6 मिलियन पर आ गई है। साल 2000 से 2019 के बीच मलेरिया के मामलों में 71.8 प्रतिशत



की गिरावट और मौत के मामलों में 73.9 प्रतिशत की गिरावट आई है। भारत ने साल 2000 (20,31,790 मामले और 932 मौतें) और 2019 (3,38,494 मामले और 77 मौतें) के बीच मलेरिया के रोगियों की संख्या में 83.34 प्रतिशत की कमी और इस रोग से होने वाली मौतों के मामलों में 92 प्रतिशत की गिरावट लाने में सफलता हासिल की है और इस तरह सहस्राब्दि विकास लक्ष्यों में से छठे लक्ष्य (वर्ष 2000 से 2019 के बीच मलेरिया के मामलों में 50-75 प्रतिशत की गिरावट लाना) को हासिल कर लिया है।

देश में मलेरिया उन्मूलन प्रयास 2015 में शुरू हुए थे और 2016 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के नेशनल फ्रेमवर्क फॉर मलेरिया एलिमिनेशन (एनएफएमई) की शुरुआत के बाद इनमें तेजी आई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने जुलाई 2017 में मलेरिया उन्मूलन के लिए एक राष्ट्रीय रणनीतिक योजना (2017 से 2022) की शुरुआत की जिसमें अगले पांच साल के लिए रणनीति तैयार की गई। सरकार के इस दिशा में किए जा रहे रणनीतिक प्रयासों के चलते 2030 तक मलेरिया के पूर्ण उन्मूलन के लक्ष्यों को प्राप्त करना संभव दिखाई देता है।

रूस ने किया हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण

रूस ने दुनिया की सबसे तेज उड़ने वाली हाइपरसोनिक एंटी शिप मिसाइल

ज़िरकान का परीक्षण किया है। रूस के रक्षा मंत्रालय के अनुसार इस मिसाइल का परीक्षण बैरेंट सागर में किया गया। यह इस मिसाइल का दूसरा परीक्षण था जो सफल रहा। इस परीक्षण के दौरान मिसाइल ने 8 मैक (9888 किलोमीटर प्रति घंटा) से ज्यादा की स्पीड हासिल की। मिसाइल ने 450 किलोमीटर दूर स्थित अपने लक्ष्य को सटीकता से भेद दिया।

चांग ई-5 चंद्रमा की सतह पर उतरा अंतरिक्ष यान

चीन का अंतरिक्ष यान चांग ई-5 चंद्रमा की सतह पर सफलतापूर्वक उतर गया है। इसे पिछले दिनों 24 नवंबर को

- **लैंडर चांद की जमीन में खुदाई कर मिट्टी और चट्टान निकालेगा।**

शक्तिशाली रॉकेट लांग मार्च-5 के जरिए लॉन्च किया गया था। जो सुरक्षित रूप से पूर्व निर्धारित जगह पर उतर गया, जबकि उसका ऑर्बिटर चंद्रमा का चक्कर लगा रहा है।

इस यान का लैंडर खुदाई करेगा। खुदाई से प्राप्त नमूने सीधे असेंडर के पास जमा होंगे और असेंडर नमूने लेकर चंद्रमा की सतह से उड़ेगा और अंतरिक्ष में चक्कर काट रहे अपने मुख्य यान से जुड़ जाएगा। तकरीबन 4 दशक बाद ऐसा पहली बार होने जा रहा है जब कोई देश चंद्रमा की सतह की खुदाई करके वहां से चट्टान और मिट्टी पृथ्वी पर लाने जा रहा है।

अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति की प्रेस टीम में सभी महिलाएं

अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपनी प्रेस टीम में सभी महिला सदस्य नामित की हैं।

अमेरिका में इस टीम का नेतृत्व केट बेडिंगफील्ड करेंगी जो राष्ट्रपति चुनाव कैम्पेन की डिप्टी कम्युनिकेशन डायरेक्टर रही हैं। इसके अलावा भारतवंशी नीरा टंडन को भी प्रशासन में अहम जिम्मेदारी दी गई है। बाइडेन ने वादा किया है कि वो अपनी प्रेस टीम को काम करने की पूरी स्वतंत्रता देंगे। ज्ञात रहे कि राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल में व्हाइट हाउस की

- **बाइडेन ने एक स्टेटमेंट जारी कर कहा कि अमेरिका के लोगों से सीधे और सही संवाद रखना राष्ट्रपति की जिम्मेदारी है।**
- **इस टीम पर व्हाइट हाउस को अमेरिकन लोगों से जोड़ने की जिम्मेदारी है।**

कम्युनिकेशन डायरेक्टर रहीं जेन साकी, बाइडेन की प्रेस सचिव होंगी। सिमोन सैंडर्स और ऐश्ली एटीन कमला हैरिस की मुख्य प्रेस अधिकारी होंगी।

अमेरिका ने चीन और रूस की कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया

अमेरिका ने हाल ही में चीन और रूस की उन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है, जिन्होंने ईरान के मिसाइल कार्यक्रम का समर्थन किया है। अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पियो ने कहा कि ईरान का मिसाइल कार्यक्रम दुनिया भर के लिए चिंता का कारण है। ऐसे में कार्यक्रम का समर्थन करना ठीक नहीं है।

अमेरिका ने जिन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए हैं, उनमें चीन की चेंगदू वेस्ट न्यू मैटेरियल्स कंपनी लिमिटेड और जिवो एलिम ट्रेड कंपनी लिमिटेड तथा रूस की नील्को ग्रुप और सांटर्स होल्डिंग एंड ज्वाइंट स्टॉक कंपनी ऐलेकॉन है।

विदेश मंत्री ने कहा कि ईरान के मिसाइल विकास संबंधी प्रयासों को रोकने के लिए अमेरिका इसी तरह के प्रतिबंध लगाता रहेगा।

कोरियाई बैंड बीटीएस को मिलिट्री सेवा देने से मिली छूट

कोरियाई बैंड बीटीएस को अनिवार्य मिलिट्री सेवा देने से छूट मिल गई है। कोरिया की संसद में किए गए संशोधनों के

- **जो रियायत खिलाड़ियों को मिलती रही है अब पॉप स्टार को भी मिलेगी।**
- **दक्षिण कोरिया में 18 से 28 साल की उम्र के बीच सभी को सेना में सेवा देनी होती है।**

मुताबिक यह छूट दिए जाने की घोषणा की गई है। ज्ञात रहे कि बीटीएस बैंड का पूरा नाम बैंगटन सोनयोनडेन है, जिसका मतलब बुलेटप्रूफ बॉय स्काउट्स है। बैंड का पहला एल्बम 2013 में जैसे ही आया बैसे ही वह पूरी दुनिया में लोकप्रिय हो गया। कुछ दिनों पहले डायनामाइट सॉन्ग के लिये बीटीएस को पहली बार ग्रैमी अवॉर्ड का नॉमिनेशन मिला है। इसने बिलबोर्ड सिंगल्स 100 चार्ट में जगह बनाई है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।